खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 17°C
न्यूनतम : 09°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

मेरठ, सोमवार 2 फरवरी 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 243 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com | माघ शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 13 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## आम बजट 2026-27: वित्त मंत्री ने नहीं किया आम आदमी के लिए कोई बड़ा ऐलान

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षा बजट 15 % बढ़ा

## इनकम टैक्स में बदलाव नहीं, 17 कैंसर की दवाएं ड्यूटी फ्री, 3 आयुर्वेदिक एम्स व 7 हाई स्पीड रेल कॉरिडोर बनेंगे



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को बजट पेश कर दिया। वे संसद में 85 मिनट बोलीं, लेकिन आम आदमी के लिए कोई बड़ा ऐलान नहीं किया। हालांकि टैक्स फाइल करने में सहूलियत, रेलवे प्रोजेक्ट और 3 नए आयुर्वेदिक एम्स जैसी नई बातें कही हैं। बजट भाषण में कोई सीधा चुनावी ऐलान भी नहीं हुआ।

सीतारमण लोकसभा में तमिलनाडु की प्रसिद्ध कांजीवरम साड़ी पहनकर पहुंचीं जरूर, लेकिन इसी साल होने वाले पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुड्डुचेरी चुनाव पर सीधा असर डालने वाली घोषणाएं नहीं कीं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहले बजट में वित्त मंत्री ने जियो-पॉलिटिक्स और चुनौतियों की बात कही और देश का रक्षा बजट 6.81 लाख करोड़ से बढ़ाकर 7.85 लाख करोड़ कर दिया। यानी कुल डिफेंस बजट में 15.2 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। डिफेंस बजट की खास बात यह है कि हथियार खरीदी और सेना के आधुनिकीकरण पर पिछले साल के 1.80 लाख करोड़ के मुकाबले इस बार 2.19 लाख करोड़ खर्च किए जाएंगे। यह पूंजीगत खर्च में सीधे 22 फीसदी की बढ़ोतरी है।

आम बजट की सबसे बड़ी घोषणाएं- इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव नहीं। रिवाइज्ड रिटर्न फाइल करने के लिए 3 महीने का ज्यादा समय दिया। यानी अब 31 दिसम्बर के बदले 31 मार्च तक रिवाइज्ड रिटर्न फाइल कर सकते हैं। कैंसर की 17 दवाओं पर से आयात शुल्क हटाया। अभी 5 फीसदी शुल्क लगता था। हीमोफीलिया, सिकल सेल और मस्कुलर डिस्ट्राफी जैसी 7 दुर्लभ बीमारियों की दवाइयां भी ड्यूटी फ्री। हाईस्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणा। इनमें मुंबई -पुणे, पुणे-हैदराबाद, हैदराबाद-बेंगलुरु, हैदराबाद-चेन्नई, चेन्नई-बेंगलुरु, दिल्ली-वाराणसी और वाराणसी-सिलिगुड़ी।

**आयुर्वेदिक एम्स खोले जाने की घोषणा**

मेडिकल टूरिज्म को बढ़ाने के लिए 5 मेडिकल हब भी बनेंगे। - लाख से ज्यादा आबादी वाले टियर-2 और टियर-3 शहरों के विकास के लिए 12.2 लाख करोड़ खर्च करने का ऐलान।

**इनकम टैक्स- स्लैब में बदलाव नहीं, रिटर्न फाइलिंग के लिए तीन महीने एक्स्ट्रा**




इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं। रिवाइज्ड रिटर्न फाइल करने के लिए 3 महीने का ज्यादा समय दिया। यानी अब 31 दिसम्बर के बदले 31 मार्च तक रिवाइज्ड रिटर्न फाइल कर सकते हैं। न्यू इनकम टैक्स एक्ट एक अप्रैल 2026 से लागू होगा। फार्म रीडिजाइन किए गए हैं, ताकि आम लोग उसे आसानी से भर सकें।

**रक्षा बजट- 15 फीसदी बढ़ा, फोर्सेस के आधुनिकीकरण पर 22 फीसदी ज्यादा खर्च**



ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहले बजट में निर्मला सीतारमण ने जियो - पॉलिटिक्स और चुनौतियों की बात कही और देश का रक्षा बजट 6.81 लाख करोड़ से बढ़ाकर 7.85 लाख करोड़ कर दिया। यानी कुल डिफेंस बजट में 15.2 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। डिफेंस बजट की खास बात यह है कि इसमें हथियार खरीदी और आधुनिकीकरण पर पिछले साल के 1.80 लाख करोड़ के मुकाबले इस साल 2.19 लाख करोड़ खर्च किए जाएंगे। यह पूंजीगत खर्च में सीधी 22 फीसदी की बढ़ोतरी है। विमान और एयरो इंजन डेवलपमेंट के लिए 64 हजार करोड़ और नौसेना बेड़े के लिए 25 हजार करोड़ रुपये दिए गए हैं। पेंशन के लिए 1.71 लाख करोड़ अलग रखे गए हैं।

**स्वास्थ्य- कैंसर की दवाओं से कस्टम ड्यूटी हटेगी, इलाज सस्ता होगा**



कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 17 दवाओं पर बेसिक कस्टम ड्यूटी हटा दी गई है। ये एडवांस कैंसर की इंपोर्ट होने वाली दवाएं हैं। अभी 5 फीसदी कस्टम ड्यूटी लगती थी। हीमोफिलिया, सिकल सेल और मस्कुलर डिस्ट्राफी जैसी 7 दुर्लभ बीमारियों की दवाइयां भी ड्यूटी फ्री कर दी गई हैं।

**आयुर्वेद- भारत को ग्लोबल बायो फार्मा मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की तैयारी**

बजट में 3 आयुर्वेदिक एम्स बनाने का ऐलान किया गया है। आयुर्वेदिक दवाइयों की टेस्टिंग के लिए नेशनल लैब्स बनाई जाएंगी। भारत को ग्लोबल लेवल पर बायोफार्मा प्रोडक्ट के उत्पादन का हब बनाया जाएगा। अगले पांच साल में एक लाख स्पेशलिस्ट हेल्थकेयर प्रोफेशनल तैयार होंगे। इसके लिए 10,000 करोड़ के निवेश करने की बात कही गई है।

**गर्ल्स एजुकेशन- 789 जिलों में गर्ल्स हॉस्टल, हर जिले में एक हॉस्टल**




देश में 789 जिले हैं। हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल बनाने का ऐलान किया गया है। गर्ल स्टूडेंट्स के लिए स्टीएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) शिक्षा को विशेष प्राथमिकता देने की बात कही गई है। -15 हजार सेकेंडरी स्कूलों और 500 कॉलेजों में कंटेंट क्रिएटर लैब्स बनाई जाएंगी। करीब 800 जिलों में लड़कियों के लिए हॉस्टल बनेंगे। हर जिले में एक हॉस्टल बनाया जाएगा।

**महिलाएं- लखपति दीदी मॉडल पर रोजगार और आय बढ़ाने की स्कीम**

लखपति दीदी की तर्ज पर महिला स्वयं सहायता समूह की उद्यमी महिलाओं के लिए शी-मार्ट बनाए जाएंगे। इन दुकानों को महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों के समुदाय ही चलाएंगे। यहां महिलाओं के बनाए खाद्य पदार्थ, हस्तशिल्प, कपड़े और स्थानीय उत्पाद सीधे बेचे जाएंगे। इससे बिचौलियों की भूमिका कम होगी और महिलाओं को अपने कारोबार पर मालिकाना हक मिलेगा।

**रेल-जलमार्ग और ग्रीन ट्रांसपोर्ट सेक्टर: सात नए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर बनेंगे**

शहरों के बीच 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर बनाए जाएंगे। ये मुंबई-पुणे, पुणे-हैदराबाद, हैदराबाद- चेन्नई, हैदराबाद- बेंगलुरु, चेन्नई-बेंगलुरु, दिल्ली- वाराणसी और वाराणसी-सिलीगुड़ी के बीच बनेंगे। अगले 5 साल में 20 नए राष्ट्रीय जलमार्ग बनेंगे। बनारस और पटना में जहाज मरम्मत सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

**ग्रीन एनर्जी: बैटरी बनाने की मशीनों पर टैक्स छूट बढ़ी**

सरकार ने लिथियम-आयन बैटरी बनाने वाली मशीनों पर टैक्स छूट का दायरा बढ़ा दिया है। अब बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम के लिए इस्तेमाल होने वाले सामान पर भी ड्यूटी नहीं लगेगी। इससे इलेक्ट्रिक व्हीकल सस्ते होंगे। वहीं, सोलर ग्लास बनाने में इस्तेमाल होने वाले सोडियम एंटीमोनेट पर भी ड्यूटी हटा दी गई है, जिससे देश में सोलर पैनल बनाना सस्ता होगा। खनिज- रेयर अर्थ कॉरिडोर बनाया जाएगा- केरल, तमिलनाडु और ओडिशा में दुर्लभ खनिजों के लिए विशेष कॉरिडोर बनाए जाएंगे। इसमें आंध्र प्रदेश को भी जोड़ा जाएगा ताकि खनिज संपन्न राज्यों को फायदा मिले। रेयर अर्थ मटेरियल का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक गाड़ियों की मोटर बनाने में इस्तेमाल किया जाता है।


**खेती और पशु-मछली पालन- आय और रोजगार के मौके बढ़ाने पर फोकस**

नारियल प्रोत्साहन योजना से करीब 3 करोड़ लोगों को जोड़ा जाएगा। मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए 500 तालाबों और अमृत सरोवरों का -**शेष पृष्ठ दो पर**

## मोदी बोले: ये युवा शक्ति का बजट, राहुल ने कहा: युवाओं को कुछ नहीं मिला



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने आम बजट को युवाओं का बजट बताया है। कहा कि देश में रिफॉर्म एक्सप्रेस चल पड़ी है। ये स्किल, स्केल और सस्टेनेबिलिटी को मजबूत करने का प्रयास है। सबसे बड़ी पूंजी नागरिक, इसी में निवेश किया। उधर विपक्ष ने बजट को निराशाजनक बताया। राहुल गांधी ने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार वाला बजट नहीं है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर गिर रहा है। निवेशक पूंजी निकाल रहे हैं। घरेलू बचत में भारी गिरावट आ रही है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि यह बेहद ही बिखरा बजट है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार ने आम जनता को कुछ नहीं दिया। मोदी ने कहा कि हम तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनकर ही संतुष्ट नहीं है। बल्कि जल्द से जल्द तीसरी अर्थव्यवस्था बनना चाहते हैं। ये बजट अपार अवसरों का राजमार्ग है। ये बजट वर्तमान के सपनों को साकार करता है। भारत जिस रिफॉर्म्स पर सवार है, बजट से उसे नई गति मिलेगी। सनराइज सेक्टर को जिस मजबूती के साथ महत्व दिया है वह अहम है। रेयर अर्थ कारिडोर, क्रिटिकल मिनिरल्स पर बल, टैक्सटाइल, हाईटेक टूल मैनुफैक्चरिंग जैसी चीजें भविष्य और वर्तमान की जरूरतों का ध्यान रखती हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### कमर्शियल रसोई गैस सिलेंडर महंगा

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में लगातार दूसरे महीने बढ़ोतरी की है, जबकि घरेलू सिलेंडर के दाम में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में रविवार से 19 किलोग्राम वाला वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 1,740.50 रुपये का हो गया है। यह मई 2025 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। जनवरी में इसकी कीमत 111 रुपये बढ़ाकर 1,691.50 रुपये की गई थी।

### यूपी और हरियाणा में ओले गिरे, खड़ी फसलों को नुकसान

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने बताया कि फरवरी में रातें कम ठंडी और दिन ज्यादा गर्म हो सकते हैं। इसका कारण लॉ-नीना का कमजोर होना बताया जा रहा है। हालांकि उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय है। इससे अगले 2 दिन उत्तर-पश्चिम और हिमालई क्षेत्रों में बारिश- बर्फबारी होगी। रविवार को राजस्थान, एमपी, यूपी, हिमाचल और हरियाणा में बारिश, ओलावृष्टि और घना कोहरा रहा, जिससे फसलों को नुकसान हुआ। रविवार सुबह देश के 5 राज्यों यूपी, पंजाब, मेघालय, मध्य प्रदेश और हरियाणा के कुल 11 जिलों में तापमान 5 से 8 डिग्री के बीच रहा।

## बजट में कृषि क्षेत्र को मिले 1,62,671 करोड़

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को संसद में वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश करते हुए कृषि तथा संबद्ध क्षेत्र के लिए 1,62,671 करोड़ का प्रस्ताव और किसानों की आमदनी में इजाफा करने के लिए कई उपायों की घोषणा की। यह धनराशि साल 2025-26 के संशोधित अनुमान 1,51,853 से सात प्रतिशत ज्यादा है।

श्रीमती सीतारमण ने तटीय क्षेत्रों में नारियल, चंदन, कोको और काजू जैसी महंगी फसलों में मदद देने की बात कही है। इन महंगी फसलों में इत्र बनाने में इस्तेमाल होने वाले अगर के पेड़ों और पहाड़ी इलाकों में बादाम, काजू



और खुबानी जैसे गिरीदार फलों की बागवानी में सहायता देने का भी ऐलान किया गया। बजट में कहा गया है कि पुराने, कम उपज वाले बागों में दोबारा जान डालने के लिए सरकार आगे आएगी। इनमें अखरोट, बादाम और पाइन नट्स के बागों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। चंदन के पेड़ों की खेती से किसानों की आमदनी बढ़ाने की बात भी बजट में कही गई है।

## बजट में क्या सस्ता-क्या महंगा

### ईवी की कीमत घटेंगी, शराब महंगी होगी, कैंसर की दवाओं के दाम घटेंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस साल बजट में कई बड़े ऐलान किए हैं। खासकर भारतीय अर्थव्यवस्था को अमेरिकी टैरिफ से बचाने के लिए सरकार ने कई नए प्रावधान किए हैं। इनमें निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कुछ आयात शुल्क घटाने की घोषणा की गई है, जिससे व्यापारियों को मुख्य तौर पर राहत मिलेगी। इसके अलावा घरेलू खपत बढ़ाने के लिए भी कई चीजों के शुल्क को घटाया गया है।

समुद्री खाद्य उत्पादों की प्रोसेसिंग के लिए शुल्क मुक्त आयात की सीमा बढ़ाई गई है। इसके जरिये मछलीपालन उद्योग से जुड़े लोगों को राहत मिलेगी। जूतों के ऊपरी हिस्सों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए इनके शुल्क



मुक्त आयात की अनुमति दी गई है। यानी विदेश भेजे जाने वाले जूतों की निर्माण लागत कम होगी। इससे देश में बिकने वाले जूते भी सस्ते होंगे। चमड़े और वस्त्र परिधानों के निर्यात में व्यापारियों की सहायता करने के लिए इनके कच्चे माल के आयात पर छूट की समयसीमा एक साल बढ़ाई गई है। भारत में इनकी कीमत जस-की-तस बनी रहेगी। लिथियम आयन सेल विनिर्माण में प्रयोग होने वाली वस्तुओं पर सीमा शुल्क में छूट दी जाएगी। इससे लिथियम आयन तकनीक से संचालित होने वाली बैटरी देश में सस्ती होंगी। इससे इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी) के क्षेत्र को मदद मिलेगी और यह सस्ते हो सकते हैं। सोडियम एंटीमोनेट के आयात शुल्क पर मूल सीमा शुल्क में छूट। इसका इस्तेमाल टेलीविजन ट्यूब्स के फाइनिंग और ऑप्टिकल ग्लास में किया जाता है। साथ ही दमकल उपकरणों में इनका प्रयोग होता है। यानी टीवी-शीशे की बनी चीजें और दमकल उपकरण सस्ते हो सकते हैं। न्यूक्लियर परियोजनाओं के लिए जरूरी वस्तुओं के आयात पर छूट जारी रहेगी। अहम खनिजों की प्रोसेसिंग के लिए जरूरी वस्तुओं के आयात पर छूट मिलेगी।

## दो दिन में चांदी 1.36 लाख और सोना 31 हजार सस्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** गोल्ड और सिल्वर मार्केट में लगातार दूसरे दिन गिरावट है। 1 फरवरी को वायदा बाजार में चांदी करीब 25 हजार रुपये (9 फीसदी) गिर गई। 1 किलो चांदी का भाव 2.65 लाख रुपये पर आ गया। सोने में भी करीब 12 हजार रुपये (8 फीसदी) की गिरावट है। 10 ग्राम सोना 1.38 लाख रुपये पर आ गया है।

वायदा बाजार यानी मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने के दाम में दो दिन में 31 हजार रुपये की गिरावट हुई है। 29 जनवरी को ये 1.69 लाख रुपये पर पहुंच गया था, जो आज 1.38 लाख रुपये पर



ट्रेड कर रहा है। चांदी की कीमत में 1.36 लाख रुपये की गिरावट हुई है। 29 जनवरी को ये 4.01 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई थी, जो आज 2.65 लाख रुपये पर ट्रेड कर रही है। सोना और चांदी की कीमतों में एमसीएक्स पर आई इस गिरावट का सीधा असर एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) पर भी पड़ा।

## भारत ने पाकिस्तान के दावों को किया खारिज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत ने बलूचिस्तान प्रांत में शनिवार को हुई हिंसा में अपनी किसी भी तरह की संलिप्तता के पाकिस्तान के आरोपों को खारिज करते हुए उन्हें 'निराधार' बताया और कहा कि ऐसा कहकर पाकिस्तान अपने आंतरिक मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाता है।

विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान को 'बेतुके दावे' करने की बजाय अपने लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांगों और जरूरतों को पूरा करने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तान द्वारा



लगाए गए निराधार आरोपों को सिरे से खारिज करते हैं, जो उसकी अपनी आंतरिक विफलताओं से ध्यान भटकाने की उसकी सामान्य रणनीति के अलावा और कुछ नहीं है। हर बार जब कोई हिंसक घटना होती है, तो ऐसे दावों को दोहराने की बजाय पाकिस्तान को अपने लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करने पर ध्यान देना चाहिए। दमन, क्रूरता और मानवाधिकारों के उल्लंघन का उसका रिकॉर्ड जगजाहिर है। यह बयान पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी द्वारा हमलों में

- बलूचिस्तान हिंसा पर इसे 'ध्यान भटकाने की रणनीति' बताया
- पाक अपने लोगों की मांगों पर ध्यान दे

भारत पर शामिल होने का आरोप लगाने के बाद आया है। भारत ने पाकिस्तान के खराब मानवाधिकार रिकॉर्ड और क्षेत्र में लंबे समय से चले आ रहे दमन को उजागर करके पलटवार किया। गौरतलब है कि शनिवार को पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में कम से कम 16 जगहों पर हमले हुए। क्वेटा, ग्वादर, कल्लात, खारान, मस्तुंग, पसनी, दलबांदिन, नोशकी, बुलाइदा, टंप, मच और आसपास के इलाकों में विस्फोट और सशस्त्र हमलों की सूचना मिली। बलूचिस्तान में हुई हिंसा की जिम्मेदारी शनिवार को बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने 'ऑपरेशन हेरोफ फेज दो' के हिस्से के रूप में ली।

## टी-20 वर्ल्डकप में भारत के खिलाफ नहीं खेलेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने घोषणा की है कि उसकी क्रिकेट टीम टी-20 वर्ल्ड कप में 15 फरवरी को भारत के खिलाफ होने वाले मैच का बहिष्कार करेगी। भारत और श्रीलंका में 7 फरवरी से आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप शुरू होने जा रहा है।

पाकिस्तान सरकार ने एक्स पर लिखा है कि इस्लामी गणराज्य पाकिस्तान की सरकार ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम को आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप



2026 में हिस्सा लेने की मंजूरी दे दी है, हालांकि, पाकिस्तान क्रिकेट टीम 15 फरवरी 2026 को भारत के खिलाफ निर्धारित मैच में मैदान पर नहीं उतरेगी।

### उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने केंद्रीय बजट का स्वागत किया

# बजट सर्वसमावेशी दृष्टि व आत्मनिर्भर भारत का सशक्त घोषणापत्र



शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने केंद्रीय बजट 2026-27 का स्वागत करते हुए इसे सर्वसमावेशी दृष्टि, दूरदर्शी सोच और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का मजबूत दस्तावेज बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट भारतीय आकांक्षाओं का प्रतिबिब है और समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की स्पष्ट प्रतिबद्धता दर्शाता है।

राज्यपाल ने कहा कि करीब 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर आना, राजकोषीय अनुशासन, नियंत्रित घाटा और संतुलित कर्ज-जीडीपी अनुपात इस बात का प्रमाण है कि भारत की विकास यात्रा सुदृढ़ आधार पर आगे बढ़ रही है। उनके अनुसार यह बजट किसान, युवा, महिला, श्रमिक, छात्र, उद्यमी और उद्योग सभी को समान संवेदनशीलता के साथ संबल प्रदान करता है। उन्होंने कृषि क्षेत्र में 'भारत विस्तार' जैसे एआई आधारित नवाचार, शिक्षा में छात्राओं के लिए हॉस्टल, खेलो इंडिया के माध्यम से कौशल एवं रोजगार, आयुष और एवीजीसी सेक्टर के विस्तार, एमएसएमई व मैन्युफैक्चरिंग को प्रोत्साहन तथा हरित उद्योगों के लिए कार्बन कैप्चर जैसे प्रावधानों को विकसित भारत की दिशा में ठोस कदम बताया। राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि इंफ्रास्ट्रक्चर पर रिकॉर्ड निवेश, रेल व जलमार्गों का विस्तार, ग्रामीण स्वराज और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की पहल भारत को आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय रूप से सशक्त बनाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 सुधारों की गति, आत्मनिर्भरता की शक्ति और समृद्ध भारत के उज्जवल भविष्य का पाथेय सिद्ध होगा।

## भाजपा का बजट सिर्फ पांच प्रतिशत लोगों के लिएः अखिलेश यादव



**लखनऊ।** केंद्रीय बजट पेश होने के बाद शेयर मार्केट में आई गिरावट को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि हमने पहले ही कहा था, सवाल यह नहीं है कि बाजार कब खुलेगा, सवाल यह है कि और कितना गिरेगा।

अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने बयान जारी कर कहा कि जब भारतीय जनता पार्टी सरकार से जनता को कोई उम्मीद नहीं है, तो उसके बजट से भी क्या अपेक्षा की जा सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का हर बजट '1/20 का बजट' होता है, क्योंकि यह केवल 5 प्रतिशत लोगों के हित में तैयार किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह बजट अपने कमीशन और अपने लोगों को सेट करने का दस्तावेज है तथा इसे 'भाजपाई भ्रष्टाचार की अदृश्य खाता-बही' बताया। सपा अध्यक्ष का कहना है कि इस बजट में न आम जनता का जिक्र है और न ही उनकी फिक्र। महंगाई के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि बेतहाशा बढ़ती कीमतों के बावजूद आम लोगों को टैक्स में कोई राहत नहीं दी गई, जो सीधे तौर पर 'टैक्स-शोषण' है। वहीं दूसरी ओर अमीरों के कारोबार और घूमने-फिरने पर कई तरह की छूटें दी गईं, जबकि बेकारी और बेरोजगारी से जूझ रहे युवाओं व आम नागरिकों की उम्मीदों की थाली खाली रह गई। उन्होंने बजट को निराशाजनक और निंदनीय बताते हुए कहा कि यह आम आदमी की जरूरतों से पूरी तरह कटा हुआ है।

## केंद्रीय बजट जमीन पर उतरता दिखे तभी होगा सार्थकः मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि संसद में पेश किए गए बजट में योजनाओं, परियोजनाओं और वादों के नाम भले ही बड़े हों, लेकिन असली कसौटी यह है कि उनका लाभ जमीन स्तर पर आम लोगों तक कितना पहुंचता है। उन्होंने कहा कि सर्वसमाज के हित में केवल बातें करना पर्याप्त नहीं, बल्कि उन्हें सही नीयत के साथ अमल में लाना भी उतना ही जरूरी है। रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए मायावती ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार का बजट सत्ताधारी बहुजन समाज पार्टी के नजरिए से नहीं, बल्कि पूंजीवादी सोच से प्रभावित प्रतीत होता है, जिसमें बड़े उद्योगपतियों और धनाढ्य वर्ग को प्राथमिकता मिलती दिखती है, जबकि गरीब, दलित और बहुजन समाज की अपेक्षाएं पीछे छूट जाती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की नीति और नीयत का आकलन इस बात से होना चाहिए कि वास्तव में गरीबों और वंचितों के जीवन में कितना सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की बात तभी सार्थक होगी, जब सरकारी क्षेत्र को पर्याप्त महत्व देते हुए संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर के कल्याणकारी संविधान की भावना के अनुरूप ठोस कदम उठाए जाएं। मायावती ने यह सवाल भी उठाया कि पिछले वर्ष के बजट में किए गए दावे और वादे कितने पूरे हुए तथा क्या लोगों के जीवन स्तर में वास्तविक सुधार देखने को मिला है।

## विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला बजटः कपिल देव अग्रवाल



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने केंद्रीय बजट को विकसित भारत की दिशा में निर्णायक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को सशक्त आधार देते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपना नौवां बजट प्रस्तुत किया है, जो 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' की भावना को मजबूती देता है।

मंत्री ने कहा कि यह बजट युवाओं, किसानों, श्रमिकों और उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने की ठोस रूपरेखा प्रस्तुत करता है। एमएसएमई क्षेत्र को मजबूती देने के लिए 10 हजार करोड़ रुपये के प्रावधान से औद्योगिक क्षमता को नई गति मिलेगी। 5 लाख तक की आबादी वाले शहरों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की पहल से उत्तर प्रदेश के अनेक नगरों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि यह 'युवा शक्ति-संचालित बजट' है, जिसमें कौशल विकास, रोजगार और उद्यमिता को केंद्र में रखा गया है। शिक्षा से रोजगार तक की यात्रा को मजबूत करने हेतु उच्च-शक्ति स्थाई समिति के गठन का प्रस्ताव किया गया है।

स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, पर्यटन, डिजाइन और खेल जैसे क्षेत्रों में पेशेवर मानव संसाधन के निर्माण पर विशेष बल दिया गया है। किसानों की आय बढ़ाने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने, महिला नेतृत्व वाले उद्यमों, एआई आधारित पहलों और दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सशक्त विजन है। उन्होंने वित्त मंत्री को इस जनहितकारी बजट के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह बजट भारत की प्रगति, समृद्धि और आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिखेगा।

## बजट 2026-27 पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया जयराम ने बताया निराशाजनक



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने केंद्रीय बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया करते हुए इसे पूरी तरह निराशाजनक और फीका करार दिया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बजट पर प्रतिक्रिया करते हुए सोशल मीडिया पर रविवार को लिखा कि भले ही बजट दस्तावेजों का विस्तृत अध्ययन अभी किया जाना बाकी है, लेकिन बजट भाषण के 90 मिनट बाद ही यह साफ हो गया है कि बजट को लेकर जो माहौल और प्रचार बनाया गया था, उस पर यह पूरी तरह खरा नहीं उतरता। उन्होंने कहा कि यह बजट न तो नई दिशा दिखाता है और न ही किसी बड़े बदलाव का संकेत देता है। रमेश ने बजट भाषण को अस्पष्ट और गैर-पारदर्शी बताते हुए कहा कि इसमें प्रमुख कार्यक्रमों और योजनाओं के लिए बजटीय आवंटन की कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। उनके अनुसार सरकार ने वास्तविक मुद्दों से ध्यान हटाने की कोशिश की है और आम जनता को निराशा हाथ लगी है।

## बजट 2026 पावर सेक्टर और कर्मचारियों के लिए निराशाजनकः शैलेन्द्र दुबे

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 को पावर सेक्टर और बिजली कर्मचारियों के लिए अत्यंत निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की विद्युत वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के बढ़ते वित्तीय घाटे को कम करने और उन्हें सुदृढ़ बनाने के लिए बजट में कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया। दुबे ने कहा कि ट्रांसमिशन सेक्टर में टैरिफ बेस्ड कॉम्पिटेटिव बिडिंग (टीबीसीबी) के नाम पर हो रहे निजीकरण को रोकने की अपेक्षा थी, क्योंकि यह विषय राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है, लेकिन बजट इस पर मौन रहा। साथ ही देश में सस्ती बिजली उत्पादन के लिए नए सार्वजनिक क्षेत्र के बिजली घरों की स्थापना पर भी कोई स्पष्ट नीति या दिशा नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि उत्पादन, ट्रांसमिशन और डिस्कॉम-तीनों क्षेत्रों को लेकर बजट में स्पष्ट दृष्टिकोण का अभाव है।

# नया भारत-विकसित भारत का रोडमैप है केंद्रीय बजटः योगी

लखनऊ, वार्ता



केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे नए भारत और विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने वाला दूरदर्शी बजट बताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बजट प्रस्तुत करने पर हार्दिक बधाई दी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 145 करोड़ देशवासियों की आशा और आकांक्षाओं का प्रतीक यह बजट है, जिसमें मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, कैपिटल एक्सपेंडिचर में वृद्धि, रेल कॉरिडोर, आयुष और हेल्थ सेक्टर को सशक्त करने जैसे ठोस प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने बताया कि कामकाजी महिलाओं पर विशेष ध्यान, हर जनपद में छात्रावास निर्माण, विज्ञान-गणित-आंकड़ा विज्ञान और उभरती तकनीकों से जुड़े हॉस्टलों की पहल युवाओं के सपनों को नई उड़ान देगी। उन्होंने कहा कि व्यापक सुधारों के साथ अलग-अलग सेक्टरों में किए गए प्रावधान आम नागरिक का जीवन सरल बनाएंगे और अर्थव्यवस्था को तेज गति देंगे। युवाओं, महिलाओं, अन्नदाता किसानों, उद्यमियों और मध्यम वर्ग-सभी के लिए नए अवसर सृजित करने वाला यह बजट है। जीएसटी रिफंड की प्रक्रिया, आयकर रिटर्न को सरल बनाने की दिशा में उठाए गए कदम तथा अप्रैल से नए इनकम टैक्स एक्ट को लागू करने की घोषणा को उन्होंने स्वागतयोग्य बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह बजट समाज के हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ने का दस्तावेज है और तेजी से आगे बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने बजट में शामिल प्रावधानों का स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि यह विकसित भारत की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

## लोककल्याण की प्रेरणा देती है संत रविदास की वाणी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को संत रविदास की 649वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने बाराबिरवा, कानपुर रोड स्थित संत रविदास मठ में संत रविदास की प्रतिमा एवं सभागार का लोकार्पण किया। संत रविदास की साधना और कर्मयोग समाज को जोड़ने तथा लोक कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध बनाते हैं। उनकी वाणी आज भी 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के निर्माण की प्रेरणा देती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत रविदास के कथन 'मन चंगा तो कठौती में चंगा' का उल्लेख करते हुए कहा कि कर्म की शुद्धता ही जीवन की दिशा तय करती है। उन्होंने बताया कि संतों ने मध्यकाल में भी सामाजिक समरसता का मार्ग प्रशस्त किया, उसी नींव पर आज का भारत खड़ा है। संत रविदास की प्रेरणा से ही शासन की योजनाएं अंतिम पंक्ति तक पहुंच रही हैं। गरीबों के बैंक खाते, आवास, शौचालय, गैस कनेक्शन, राशन और स्वास्थ्य सुविधाएं इसी सोच का परिणाम हैं, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ-सबका विकास' विजन से गति मिली है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010





**अर्थ व्यापार देश**

सेंसेक्स 81537.70
निफ्टी 25048.65
रु. 150430 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)
चांदी रु. 291770 प्रति किलो




# शेयर बाजार को रास नहीं आया आम बजट, सेंसेक्स 1,547 अंक तक लुढ़का

मुंबई, वार्ता



वित्त वर्ष 2026-27 का बजट निवेशकों को लुभाने में विफल रहा और घरेलू शेयर बाजारों में रविवार को विशेष सत्र के दौरान शुरुआती तेजी के बाद भारी गिरावट देखी गई।

बीएसई का सेंसेक्स 2,826 अंक के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में 1,546.84 अंक (1.88 प्रतिशत) टूटकर चार महीने के निचले स्तर 80,722.94 अंक पर बंद हुआ। बाजार बजट से पहले तेजी में था और एक समय 456 अंक चढ़कर 82,726.65 अंक पर पहुंच गया, लेकिन वित्त मंत्री का बजट भाषण समाप्त होते होते बाजार अचानक तेजी से गिर गया। कुछ ही देर में यह 2,370 अंक गिरकर 79,899 अंक तक उतर गया था, जो बीच कारोबार में पांच महीने का निचला स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 495.20 अंक यानी 1.96 प्रतिशत की गिरावट में 24,825.45 अंक पर बंद हुआ। यह इसका भी चार महीने का निचला स्तर है। सूचकांक ऊपर 25,440.90 अंक और नीचे 24,571.75 अंक तक गया। चौतरफा बिकवाली के बीच मझौली और छोटी कंपनियों को भी नुकसान उठाना पड़ा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.06 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.73 प्रतिशत गिर गया। एनएसई में आईटी सूचकांक की 0.57 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टर गिरावट में रहे। सार्वजनिक बैंकों का सूचकांक 5.57 प्रतिशत, धातु का 4.05 प्रतिशत, तेल एवं गैस का 2.86 प्रतिशत, एफएमसीजी का 2.29 प्रतिशत, रियलिटी का 2.22 प्रतिशत, ऑटो का 2.09 प्रतिशत और निजी बैंकों का 1.22 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक और अडानी पोर्ट्स के शेयर साढ़े पांच प्रतिशत से ज्यादा टूट गए। बीईएल में भी सवा पांच प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। आईटीसी, टाटा स्टील, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट और एलएंडटी के शेयर तीन से चार प्रतिशत के बीच टूटे। बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, मारुति सुजुकी, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड और महिंद्रा एंड महिंद्रा में दो से तीन प्रतिशत की गिरावट रही। इटरनल, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, ट्रेंट और भारती एयरटेल के शेयर एक से दो प्रतिशत फिसल गए। एचडीएफसी बैंक और हिंदुस्तान यूनीलिवर में भी करीब एक फीसदी की गिरावट देखी गई। टीसीएस का शेयर करीब दो प्रतिशत और इंफोसिस का एक प्रतिशत से अधिक चढ़ा।

# भारत के विकास का अगला चरण पूंजी–समर्थित, एमएसएमई प्रेरित

नई दिल्ली, वार्ता

> केंद्रीय बजट राजकोषीय अनुशासन पर आधारित है : सिंह

पीबी फिनटेक के जॉइंट ग्रुप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सरबवीर सिंह ने रविवार को कहा कि केंद्रीय बजट राजकोषीय अनुशासन पर आधारित है और यह स्पष्ट संकेत देता है कि भारत के विकास का अगला चरण पूंजी-समर्थित तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई)-प्रेरित होगा।

उन्होंने कहा कि बजट में मजबूत संरचनात्मक सुधारों के साथ-साथ जन-केंद्रित दृष्टिकोण भी स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। सिंह के अनुसार सार्वजनिक पूंजीगत व्यय को वित्त वर्ष 2026-27 में 12.2 लाख करोड़ रुपये तक ले जाने का निरंतर प्रयास बैंकों और वित्तीय संस्थानों के लिए मजबूत तथा पूर्वानुमेय मांग की पाइपलाइन तैयार करेगा। वहीं 10,000 करोड़ रुपये के एमएसएमई ग्रोथ फंड की घोषणा से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को आवश्यक फंडिंग और तरलता सहायता मिलेगी, जिससे विस्तार और रोजगार सृजन को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि विदेशी निवासियों के लिए निवेश सीमा को बढ़ाकर 24 प्रतिशत किए जाने से भारतीय पूंजी बाजारों में निवेशकों की भागीदारी बढ़ेगी और दीर्घकालिक पूंजी प्रवाह को मजबूती मिलेगी। 'विकसित भारत' के लक्ष्य के तहत बैंकिंग क्षेत्र पर प्रस्तावित उच्च स्तरीय समिति को उन्होंने अधिक निवेश-आधारित और वैश्विक रूप से एकीकृत अर्थव्यवस्था की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। सिंह ने मोटर दुर्घटना मुआवजे को कर-मुक्त करने के फैसले को बीमा व्यवस्था को अधिक मानवीय और उपभोक्ता-केंद्रित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम करार दिया। उन्होंने कहा कि सरल किए गए कर-फाइलिंग मानदंड अनुपालन को आसान बनाएंगे और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को और सुदृढ़ करेंगे। साथ ही स्वयं सहायता आधारित उद्यमियों पर विशेष फोकस से महिला-नेतृत्व वाले व्यवसायों और जमीनी स्तर की उद्यमिता को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ऑपरेशन सिंदूर**

विकास किया जाएगा। पशुपालन के क्षेत्र में नए व्यवसायों को बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि ज्यादा लोगों के लिए नौकरी और रोजगार के अवसर बनें। राज्यों के साथ मिलकर भारतीय चंदन उद्योग तंत्र को फिर से स्थापित किया जाएगा। काजू-कोको को 2030 तक दुनिया में पहचान दिलाने का टारगेट है।

**हैंडलूमः नेशनल फाइबर स्कीम, खादी को प्रोत्साहन**

नेशनल हैंडलूम पॉलिसी से कारीगरों को प्रोत्साहन और मदद देने की तैयारी है। मेगा टेक्सटाइल पार्क बनाए जाएंगे। मैन मेड फाइबर का उत्पादन बढ़ेगा। एडवांस्ड फाइबर के लिए टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन का सिस्टम तैयार किया जाएगा। महात्मा गांधी ग्राम स्वराज मिशन के तहत खादी को प्रोत्साहित करने के लिए प्रोडक्शन, ट्रेनिंग और मार्केटिंग पर जोर होगा। वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट को बढ़ावा दिया जाएगा।

**पर्यटनः 20 टूरिस्ट प्लेस पर 10 हजार गाइड्स ट्रेंड किए जाएंगे**

20 प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों पर 10, हजार गाइड्स को ट्रेंनिंग दी जाएगी। इसके लिए पायलट योजना शुरू की जाएगी। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू- कश्मीर में पर्यावरणीय रूप से ऐसे रास्ते बनाए जाएंगे जो ट्रेकिंग और हाइकिंग के लिए आसान हों। विदेश में पढ़ाई-इलाज- 2026-27 में विदेश पैसा भेजने (एलआरएस) पर लगने वाले टीसीएस (टैक्स कलेक्टेड एड सोर्स) को कम करने का ऐलान किया है। अब विदेश में पढ़ाई या इलाज के लिए साल में 10 लाख रुपये से ज्यादा भेजे तो टीसीएस 5 फीसदी से घटाकर 2 फीसदी कर दिया गया है। सरकार की कमाई, कर्ज और घाटे का पूरा हिसाब- सरकार ने लक्ष्य रखा है कि 2030-31 तक देश का कुल कर्ज, जीडीपी के 50 फीसदी (1) के बराबर लाया जाए। 2025-26 में यह कर्ज 56.1 फीसदी था, जो अब 2026-27 में घटकर 55.6 फीसदी रहने का अनुमान है। यह कर्ज कम होगा तो सरकार को ब्याज कम देना पड़ेगा, जिससे वो पैसा स्कूल, अस्पताल और सड़कों पर खर्च हो सकेगा।

**राजकोषीय घाटा जीडीपी के 4.5 फीसदी से नीचे आया**

राजकोषीय घाटा मतलब सरकार की कमाई और खर्च के बीच का अंतर। सरकार ने कहा है कि वह घाटे को जीडीपी के 4.5 फीसदी से नीचे ले आई है। 2025-26 में यह घाटा 4.4 फीसदी रहा, और अगले साल (2026-27) के लिए इसे और घटाकर 4.3 फीसदी करने का लक्ष्य है। सरकार की कुल कमाई 34 लाख करोड़ रही। इसमें से 26.7 लाख करोड़ टैक्स से आए। वहीं कुल खर्च 49.6 लाख करोड़ रहा। पूंजीगत खर्च यानी लगभग 11 लाख करोड़ नए ब्रिज, हाईवे और इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने में खर्च हुआ। सरकार ने 36.5 लाख करोड़ कुल कमाई का अनुमान है। जिसमें टैक्स से 28.7 लाख करोड़ आएंगे। वहीं लगभग 53.5 लाख करोड़ कुल खर्च रहने का अनुमान है। खर्च कमाई से ज्यादा है, इसलिए सरकार बाजार से 11.7 लाख करोड़ का उधार लेगी। बाकी पैसा छोटी बचत योजनाओं से आएगा।

# सारनाथ व हस्तिनापुर को 'एक्सपीरिएंशियल कल्चरल डेस्टिनेशन' के रूप में किया जाएगा विकसित

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** केंद्रीय बजट 2026-27 का स्वागत करते हुए उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि देश के 15 प्रमुख पुरातात्विक स्थलों को 'एक्सपीरिएंशियल कल्चरल डेस्टिनेशन' के रूप में विकसित करने की योजना में सारनाथ और हस्तिनापुर को शामिल किया जाना केंद्र सरकार की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह निर्णय 'विकसित भारत' के विजन में उत्तर प्रदेश की केंद्रीय भूमिका को और सुदृढ़ करेगा।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि बजट में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को विशेष प्राथमिकता दी गई है, जिससे प्रदेश की पहचान देश के प्रमुख सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पर्यटन गंतव्य के रूप में और मजबूत होगी। उन्होंने इसे प्रदेश के पर्यटन विकास के लिए मील का पत्थर बताया।

जयवीर सिंह ने कहा कि भगवान बुद्ध के प्रथम उपदेश स्थल सारनाथ का विकास इस तरह किया जाएगा कि उसकी पवित्रता और ऐतिहासिक गरिमा बनी रहे। यहां विश्वस्तरीय विजिटर सुविधाएं, क्यूरेटेड वॉकवे, इंटरप्रिटेशन सेंटर और तकनीक आधारित स्टोरीटेलिंग की व्यवस्था की जाएगी। इससे पर्यटक सारनाथ के आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्व को और गहराई से समझ सकेंगे तथा बौद्ध पर्यटन को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि हस्तिनापुर, जो महाभारत काल का प्रमुख नगर रहा है, को एक समग्र हेरिटेज डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जाएगा। कौरव वंश की राजधानी रहे इस ऐतिहासिक स्थल का पुरातात्विक और सांस्कृतिक महत्व अत्यंत विशाल है। वैज्ञानिक संरक्षण, बेहतर पर्यटक सुविधाओं और संरचित व्याख्या व्यवस्था के माध्यम से पर्यटक महाभारत से जुड़े गौरवशाली इतिहास से भावनात्मक रूप से जुड़ सकेंगे। बजट के व्यापक प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने कहा कि कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे से जुड़े प्रावधान प्रदेश में पर्यटन को नई गति देंगे। धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों को जोड़ने वाली बेहतर रेल और सड़क व्यवस्था से सुगम पर्यटन सर्किट विकसित होंगे।

# फार्म–7 भेज कर विपक्षी मतदाताओं के नाम कटवाने की साजिश रच रही भाजपा : सपा

> फर्जी हस्ताक्षर करवाकर नाम हटवाए जा रहे हैं: यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एसआईआर प्रक्रिया के तहत गांवों में पहले से छपे फार्म-7 भेजे जाने को लेकर बड़ा आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि इन फार्मों के जरिए फर्जी आपत्तियां दर्ज कर विपक्षी मतदाताओं के नाम कटवाने की साजशि रची जा रही है। रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि कई मामलों में शिकायतकर्ता का कोई अता-पता नहीं है और फर्जी हस्ताक्षर करवाकर नाम हटवाए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया में खासतौर से पीडीए समाज और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। कई मतदाताओं को तो यह भी जानकारी नहीं है कि उनके सभी दस्तावेज सही होने के बावजूद उनके नाम पर आपत्ति लगा दी गई है। सपा अध्यक्ष ने माननीय न्यायालय, निर्वाचन आयोग और समस्त पत्रकारों से इस 'महाघोटाले' का संज्ञान लेने की अपील की है। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय व स्थानीय मीडिया, यूट्यूबर और लोकल न्यूज कर्मियों से लोकतंत्र के हित में इस कथित साजशि का पर्दाफाश करने का आग्रह किया। अखिलेश यादव ने कहा कि पार्टी ऐसे मामलों को देश-प्रदेश के सामने लाएगी और ईमानदार पत्रकारिता करने वालों का समर्थन करेगी।

### शब-ए-बारात पर पुलिस का एक्शन

# लिसाड़ी गेट में पटाखों के साथ चार पकड़े

- पुलिस ने ड्रोन उड़ाकर की क्षेत्र की निगरानी
- क्षेत्र में चलाया अभियान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट पुलिस ने शब- ए-बरात से पहले क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें क्षेत्र के कई मोहल्लों में ड्रोन कैमरे की मदद से निगरानी की गई। शब ए बरात पर आतिशबाजी की रोकथाम और सुरक्षा-व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस ने चेकिंग के दौरान बड़ी कामयाबी मिली।

वही पुलिस ने अल्तमश, सुमेर, शाहवेज और सुभान चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन सभी के पास भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री जैसे देसी पटाखा सुर्री, अनार और पोटाश के साथ विस्फोटक सामग्री और इन्हें बनाने का सामान अन्य सामान बरामद किये हैं। इन पर मुक. दमा दर्ज कर जेल भेजा गया है। दरअसल, आतिशबाजी पर सुप्रीम कोर्ट ने प्रतिबंध लगाया है। इसी क्रम में पर्व को देखते हुए लिसाड़ी गेट पुलिस ने कार्रवाई की । इससे पहले भी पुलिस क्षेत्र में आतिशबाजी करने, पटाखा बनाने वाले कारीगरों और दुकानदारों को नसीहत दे चुकी है। पुलिस जगह जगह जनता को जागरूक कर रही है और आतिशबाजी न करने की अपील कर रही है। अब देखना यह है कि पुलिस के लिए चुनौती बनी आतिशबाजी बंद होती है या नहीं।

## छोटे-छोटे कपड़ों में गंदी रील न बनाए बच्चियां: साध्वी प्राची



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रविवार को मेरठ पहुंची हिंदू सम्मेलन में साध्वी प्राची बोली कि बच्चियां छोटे कपड़ों में गंदी रील बना रहीं हैं जो गलत है। कॉन्वेंट में बच्चों को पढ़ाना ही नीला ड्रम है आजकल बच्चियां छोटे-छोटे कपड़ों में रील बना रही हैं। इससे लोगों के बीच गलत मैसेज जा रहा है। मैं बच्चियों से कहना चाहती हूं कि छोटे कपड़े पहनकर गंदी रील न बनाएं। यह बात मेरठ में विश्व हिंदू परिषद् नेता साध्वी प्राची ने रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि आजकल लोग अपनी बच्चियों को कॉन्वेंट स्कूलों में पढ़ा रहे हैं। बाद में जब वे ससुराल जाती हैं, तो नीले ड्रम की धमकी देती हैं। कॉन्वेंट की शिक्षा ही नीला ड्रम है।

# गांव महमूदपुर सिखेड़ा में तनाव पूर्ण शांति

## सड़कों पर रहे अधिकारी, जनप्रतिनिधि व मीडिया के आने जाने पर रहा प्रतिबंध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव महमूदपुर सिखेड़ा निवासी 16 वर्षीय नाबालिक किशोरी के साथ हुये दुष्कर्म के बाद जहरीला पदार्थ खाने से हुई मौत के बाद संगीनो के साये में अंतिम संस्कार कर दिया है। पुलिस ने मुख्य आरोपित एवं आरोपित के माता पिता को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस हर पहलुओं पर काम कर रही है। रविवार को महमूदपुर सिखेड़ा गांव की सीमाएं को सील किया गया। सभी पार्टीयों के नेता एवं मीडिया कर्मियों के जाने पर प्रतिबंध लगा रहा। पुलिस को यह अंदेशा है कि गांव की कई शांतिभंग न हो जाये इसलिए सीमाएं सील कर रखी है। इस मामले में एसएसपी, एसपी देहात, क्षेत्रधिकारी मवाना के थानों की पुलिस फोर्स को साथ लेते हुए निगरानी किए हुए हैं। क्षेत्रधिकारी मौके पर पुलिस फोर्स को साथ लेकर खड़े रहे। और आने जाने वाले लोगों पर नजर गड़ाये रहे। वाहन चालकों से पूछताछ कर गांव में भेज रहे थे।

क्षेत्रधिकारी मवाना पंकज लवानिया ने बताया कि 25-26 जनवरी की रात गांव का ही आरोपित अनुज सैनी ने नाबालिक किशोरी को बहला फुसलाकर अपने घर ले जाकर दुष्कर्म किया था। इसके पश्चात किशोरी ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिससे उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी। शनिवार को भारी हंगामा के बाद करीब 1 बजे पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार कर दिया था। पुलिस ने मुख्य आरोपित अनुज सैनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके पश्चात आरोपित अनुज सैनी के पिता ओमवीर तथा माता मुंदरी को गिरफ्तार कर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में लेते हुए न्यायालय में पेश किया है। रविवार को पीड़ित परिजनों से मिलने जा रहे पार्टीयों के नेताओं को बॉर्डर पर ही रोक दिया गया। और हिदायत दी कि धारा 144 लगी हुई है, गांव के अंदर नहीं जाने दिया जाएगा। डीआईजी एवं एसएसपी विपिन ताडा एसपी देहात अभिजीत कुमार इस मामले को गंभीरता से लेते हुए फोर्स को तैनात किए हुए हैं।

### तीखी नोंकझोंक के बाद मिले सपा नेता

महमूदपुर सिखेड़ा में पीड़ित परिवार से मिलने के लिए सपा नेता किशोर वाल्मीकि व सरदार नरवैल सिंह की पुलिस से तीखी नौक झोक के बाद परिवार से मिलकर पीड़ित परिवार को शौक संवेदना प्रकट की।

किशोर वाल्मीकि ने मांग की आरोपी पर सख्त कार्रवाई हो सरकार परिवार की 50 लाख की आर्थिक मदद करें। सोमवार को पीड़िता का तीजा है, रिश्तेदार व संबंधी को आने दिया जाये। उनके साथ में प्रदेश सचिव सरदार नरवैर सिंह खालसा, धीरज कश्यप, संदीप जाटव मौजूद थे।

### भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका



महमूदपुर सिखेड़ा गांव में 14 वर्षीय बेटी के साथ हुई जघन्य घटना गैंग रेप कर हुई हत्या की सूचना के बाद बिजेन्द्र सूद के नेतृत्व मे भीम आर्मी जिला मेरठ की टीम पीड़ित परिवार से मिलने के लिए रवाना हुई। रास्ते में पुलिस प्रशासन द्वारा उन्हे रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन इसके बावजूद भीम आर्मी के कार्यकर्ता खेतों और जंगलों के रास्ते से होते हुए पीड़ित परिवार तक पहुंचे। और भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रत्न सिंह से वीडियो कॉल के माध्यम से पीड़ित परिवार की बात कराई गई। उन्होंने हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। इस दौरान मुख्य रूप से जय प्रकाश खनोदा, गौतम भैय्या, निक्की जाटव, बलराज सिंह, मिनेश वाल्मीकि, रोहन बेनीवाल वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

### अधिकारियों ने योगेंद्र कुमार को बनाया अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक

महमूदपुर सिखेड़ा में हुई घटना के बाद डीआईजी एवं एसएसपी ने योगेंद्र कुमार को निरीक्षक प्रभारी अतिरिक्त बहसूमा में तैनात किया है। सुरक्षा की दृष्टि में एक प्लाटून पीएसी तैनात भी की गई हैं। बतादें कि पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी दुष्कर्म के बाद पीड़िता की मौत के मामले में कोई लापरवाही नहीं करना चाह रहे हैं। बीते दिनों सरधना क्षेत्र में मां को मारकर बेटी को अगवा करने का मामला काफी हाईलाइट हुआ था। उस घटना में भी पुलिस ने जनप्रतिनिधि और मीडियाकर्मियों से दूरी बना ली थी। पीड़ित परिवार के पास किसी को भी नहीं जाने दिया जा रहा था इस घटना में भी पुलिस ने यही तरीका अपनाया हुआ है।

# फलावदा के मुख्य मार्ग को कब्जामुक्त कराने की मांग, सीएम को भेजा पत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** मुख्य मार्ग से कब्जा हटवाने के संबंध में रविवार को कस्बे के लोगों ने उक्त मार्ग पर इकट्ठा होकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र जनसुनवाई पोर्टल से भेज कर हंगामा करते हुए बताया कि कस्बे में केनरा बैंक के सामने वाले मोहल्ला शहीद भगत सिंह में स्थित पिछले करीब 35 वर्षों से खसरा संख्या 1561 में स्थित तकिया वाले तालाब से लेकर गांव गडीना मार्ग, बातनौर लावड़ मार्ग को जोड़ने वाला सरकारी अभिलेखों में पांच मीटर चौड़ाई व डेढ़ किलोमीटर लंबाई का मुख्य मार्ग कच्ची मिट्टी से बना हुआ था तालाब के ओवरफ्लो गंदे पानी से तालाब की जमीन में मिल गया है।

तालाब की सफाई न होने के कारण गंदगी से अटा पड़ा है जिससे तालाब का पानी किसानों के खेतों में भरकर फसल खराब हो रही है। और मुख्य मार्ग के दूसरी साइड में भूमाफियाओं ने मुख्य मार्ग को काटकर अपने खेतों में मिलाकर कब्जा कर रखा है जिससे यह मुख्य मार्ग अब पूरी तरह बंद होने के लिए कारण अवरुद्ध हो गया है। पिछले 35 वर्षों से सभी कस्बे के लोग करीब 540 किसान इस मुख्य मार्ग के बंद होने से बहुत दुखी चल रहे हैं। शिकायत करने के बावजूद भी अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहे हैं। इस संबंध में कई बार नगर पंचायत फलावदा में एवं तहसील दिवस में अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर मुख्य मार्ग से कब्जा हटवाने की मांग रखी लेकिन 35 वर्ष बीतने के बाद भी आज तक इस मुख्य मार्ग से कब्जा नहीं हट सका। जिस कारण कस्बे के किसानों को अधिक दूरी तय करके अपने खेतों पर जाने के लिए बहुत भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि यह मार्ग नगर पंचायत को गडीना गांव बातनौर, चरला, चिंदौड़ी, महलका लावड़ आदि गांवों को आपस में जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। किसानों ने इस मुख्य मार्ग से कब्जा हटवा कर पक्की सड़क बनवाने की मांग रखी है। इस दौरान सहकारी समिति के चेयरमैन तनजैब चौधरी, महेंद्र सिंह, भोपाल चौधरी, धीरज चौधरी, सुरेंद्र सिंह, विकास कुमार, जीतू पहलवान, आदेश, सुभाष, विनोद, बृजपाल सिंह, नरेंद्र चौधरी, मुकेश सैनी, कुलदीप सैनी, गेंदा सैनी, महावीर सिंह आदि शामिल रहे हैं। इस संबंध में चेयरमैन अशोक कुमार सैनी का कहना है कि मार्ग को कब्जा मुक्त कराने व मुख्य मार्ग पर पक्की सड़क बनवाने के लिए जिलाधिकारी एवं मुख्यमंत्री से मिलकर इस मार्ग को बनवाने की मांग रखेंगे।

# गांव सकोती में रविदास जयंती पर निकाली झांकी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रविवार को पश्चिम व्यापारी एकता व्यापार मंडल के मेरठ जिला अध्यक्ष गंगेश मुखिया के नेतृत्व में सकोती गांव में संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती का आयोजन व झांकी बड़ी धूमधाम से निकाली गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गंगेश मुखिया ने सभी जिले वासियों को रविदास जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अमर सिंह, तेजपाल, श्रीपाल, किरनपाल, पंकज कुमार, मोनू, शिवम, आर्यन, रोहित, गौरव, सोनू, निखिल आदि मौजूद रहे।

## रविदास सत्संग आश्रम में मनाई गई जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मोहनपुरी स्थित रविदास मंदिर और सत्संग आश्रम में रविदास की जयंती श्रद्धा और उमंग के साथ मनाई गई। दलित समाज ही नहीं सर्वसमाज के लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। सुबह से शाम तक प्रसाद का वितरण होता रहा और कीर्तन का आयोजन चलता रहा। बताया जा रहा है कि महानगर में रविदास का यह मंदिर 1976 में बनाया गया था उस समय यहा पर काफी लोग आते थे। बहुत समय बाद मंदिर में भीड़ थी।

# नगर में धूमधाम से निकाली रविदास जयंती





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर में रविदास जयंती बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ शोभायात्रा बड़ी धूमधाम से निकली गई। शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में बैंडबाजो के साथ बज रहे धार्मिक गीतों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य किया।

शोभायात्रा महमूदपुर सिखेड़ा रोड पर रविदास धर्मशाला के प्रांगण से शुरू होकर मोहल्ला चैनपुरा, मैन रोड, मौहल्ला संडकवाला, मौहल्ला मैंन बाजार, मौहल्ला कैलाशपुरी, मोहल्ला बंसी से होती हुई बंसी मौहल्ला में स्थित धर्मशाला में सम्पन्न हुई। शोभायात्रा का शुभारंभ पूर्व जिपं सदस्य, राज्यमंत्री दिनेश खटीक के भाई नितिन खटीक व चेयरमैन सचिन सुकड़ी ने संयुक्त फीता काटकर किया। जिसमें नितिन खटीक 21 हजार रुपये की थैली भेट की। शौभायात्रा में आरएएफ की एक प्लाटून फोर्स तैनात की। वहीं सुरक्षा की दृष्टि में एडीएम प्रशासन नवीन. चंद एवं एसपी क्राईम अवनीश कुमार तथा एसडीएम मवाना सन्तोष कुमार एवं सीओ मवाना पंकज लवानिया ने जायजा लिया। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में मुख्य रूप से चेयरमैन सचिन सुकड़ी, पूर्व चेयरमैन विनोद चहल, सुमीत चहल, लोकेश कुमार, सुशील कुमार, ज्ञानेंद्र कुमार, शेखर डिडाणिया, रविकांत धारीवाल, रोहित कुमार, सचिन कुमार, समय सिंह, रमेश कुमार, मोनू राणा, सभासद राजू राठी, सभासद अरूण कुमार, सभासद चीनू जाटव, सभासद मोनू जाटव, मंडल अध्यक्ष अमित गोयल, वीरेंद्र नागर, मास्टर विकास, गोयल राजवंशी, देवीचंद भारती, राजू रविदासी, मास्टर दीपक, कृष्ण कुमार प्रजापति आदि लोग शामिल रहे।

## अली शब्बर पटवारी का हृदय गति रुक जाने से निधन

- परिवार को सांत्वना देने पहुंचे ग्रामीण और क्षेत्र के सम्मानित लोग
- गांव में शोक की लहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शनिवार की देर रात को जानी ब्लाक के गांव रसूलपुर धौलडी निवासी अली शब्बर उर्फ पटवारी का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। जिसमें परिवार वालों पर दु:खों का पहाड़ टुट गया। उनकी मौत की खबर गांव में फेलते ही शोक की लहर दौड़ गई। गांव वालों व जनप्रतिनिधि ने पहुंच कर परिवार वालों को सांत्वना दी।

अली शब्बर पटवारी मिलनसार व्यक्ति थे और सभी के सुख दुख में खड़े रहते थे उनके बड़े बेटे मैंहदी असगर काजमी ने बताया की शनिवार की शाम अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई उन्हें मोदीनगर के जीवन अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन तबीयत ज्यादा बिगड़ जाने के कारण डाक्टर ने उन्हें सुभारती अस्पताल के लिए रेफर कर दिया लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। रविवार की सुबह करीब 10 बजे उन्हें सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। उनकी मौत की खबर से सभी की आंखें नम हो गई और वह अपने पीछे हरा-भरा परिवार छोड़ गए उनके बेटे अली जाहिर दायम काजमी का रो कर बुरा हाल था। मृतक अली शब्बर उर्फ पटवारी के नाम से क्षेत्र में जाने जाते थे। इस दौरान पूर्व विधायक हसन अहमद एडवोकेट, योगेंद्र भवी, जफर काजमी, तनवीर काजमी, नाजिर हुसैन, कोकब काजमी, अली मेहंदी आदि मौजूद रहे।

# एमआईईटी में बियोंड द बुकशेल्फ एंड स्टार्टअप कार्यशाला में 10 पुस्तकों का हुआ विमोचन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एमआईईटी में साहित्य, उद्यमिता और बौद्धिक विमर्श का अनूठा संगम देखने को मिला। एस्थेटिक्स इंटर नेशनल, मॉम मनी एंड माइंडसेट तथा एमआईईटी इनक्यूबेशन फोरम के संयुक्त तत्वावधान में 'बियोंड द बुकशेल्फ एंड स्टार्टअप वर्कशॉप' का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पुस्तक विमोचन, पैनल डिस्कशन, साहित्यिक सम्मान और स्टार्टअप से जुड़ी कार्यशाला आयोजित की गई, जिसने साहित्यकारों और नवोदित उद्यमियों को एक साझा मंच प्रदान किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 10 पुस्तकों का औपचारिक विमोचन रहा। विमोचित पुस्तकों में लेखक हेमंत सक्सेना की ओलिव डायरीज, स्मिता दास जैन की ट्विस्टेड टेल्स एंड टर्न्स फिक्शन, राशिमा वर्मा की द मेवाड़ कंस्पायरेसी, अक्षय श्रॉफ की गेम चेंजर मोंक, निलेश कुलकर्णी की इन द फुटस्टेप्स ऑफ राम, मीनाक्षी गाबा की द कंज्यूमर कोड तथा वीणा गुप्ता की द प्रोटेक्टर सहित अन्य प्रमुख कृतियां शामिल रहीं। इसके अतिरिक्त चार पुस्तक कवर का अनावरण तथा दो सारगर्भित पैनल डिस्कशन भी आयोजित किए गए, जिनमें लेखन, प्रकाशन और उद्यमिता के बदलते आयामों पर विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर एमआईईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन विष्णु शरण को शिक्षा और समाज के प्रति उनके दीर्घ कालीन योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। वहीं वरिष्ठ पत्रकार अजय चौधरी को मीडिया आइकन अवार्ड 2026 प्रदान कर मीडिया जगत में उनके उल्लेखनीय योगदान को सम्मानित किया गया। एमआईईटी इनक्यूबेशन फोरम के सीईओ रेहान अहमद ने स्टार्टअप वर्कशॉप के माध्यम से 50 से अधिक लेखकों को स्टार्टअप की अवधारणा, फंडिंग, ब्रांडिंग और नवाचार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। उन्होंने कहा कि आज का लेखक केवल रचनाकार ही नहीं, बल्कि एक उद्यमी भी हो सकता है। कार्यक्रम में एस्थेटिक्स इंटरनेशनल के फाउंडर तन्मय शर्मा, इनक्यूबेशन फोरम के सीईओ रेहान अहमद, प्रेरणा रोहिल्ला सहित साहित्य, शिक्षा और उद्यमिता जगत से जुड़ी अनेक गणमान्य हस्तियां उपस्थित रहीं।

# ईको कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

## घरेलू काम से खरखौदा जा रहा था मृतक

- टक्कर लगने के बाद ईको सवार हुआ फरार
- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा
- काली नदी पर हुआ हादसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुंडाली।** थाना क्षेत्र में रविवार को ईको की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

वहीं चालक वाहन छोड़ मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मुंडाली निवासी आशु पुत्र जमील रविवार को बाइक से खरखौदा किसी कार्य से गया था। वापस लौटते समय मुंडाली खरखौदा मार्ग पर गांव कौल में काली नदी के पास ईको कार ने टक्कर मार दी। जिसमें आशु गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में आशु को उपचार के लिए भेजा गया। जहां रास्ते में आशु ने दम तोड़ दिया। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। वहीं चालक वाहन छोड़ मौके से फरार हो गया। एसओ मुंडाली रामगा. पाल सिंह ने बताया कि तहरीर आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# सोमदत्त विहार में हिंदू सम्मेलन का आयोजन

## हिंदुओं को एकजुटता से रहने का दिया गया संदेश, 1540 लोगों की रही कार्यक्रम में उपस्थिति




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रविवार को सोमदत्त विहार में समिति के द्वारा हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें करीब 1540 लोगों की मौजूदगी रही। विश्वास राणा ने बताया कि सम्मेलन में शिवानंद सरस्वती ने अपनी ओजस्वी वाणी से सभी हिंदुओं को एकजुट रहने का प्रेरणा दायी आह्वान किया। भजनो पदेशक मन अजय आर्य ने अपने साथियों के साथ मधुर एवं भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में आर.एस.एस के प्रांत बौद्धिक प्रमुख कृष्ण कुमार और आर.एस.एस के प्रांत विद्यार्थी प्रमुख विदित ने अपने विचार रखे। कालोनी के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम अत्यंत सराहनीय रहे, तथा आयोजन समिति द्वारा सभी बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस सफल आयोजन में हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के संरक्षक मधुसूदन अग्रवाल, राजेंद्र, अध्यक्ष राज किशोर, उपाध्यक्ष आई.एस.के. सिंह सहित पंकज, नवनीत, दीपक, राघव, नरेंद्र चौहान, रमेश आर्य, प्रमोद त्यागी, संजीव त्यागी, अखिल, विपिन त्यागी, विकास, सचिन रस्तोगी, विश्वास राणा के अलावा क्षेत्र की महिलाओं ने महत्वपूर्ण योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। वहीं कहा गया कि इस तरह के कार्यक्रम समय रहते होते रहने चाहिये इससे एकता का संदेश जाता है।

## इंस्टाग्राम पर महिला के फोटो वायरल करने की धमकी देने का आरोप

### विरोध के बाद महिला को पीटा, पीड़िता ने थाने में की शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र में महिला को कई दिनों से एक युवक परेशान कर रहा था। महिला से आरा. पी युवक छेड़छाड़ भी करता है विरोध करने पर फोटो वायरल करने की धमकी देता है। आरोप है कि युवक ने महिला के साथ मारपीट भी कर दी। पीड़िता महिला ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता का कहना है कि कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। महिला ने एसएसपी से शिकायत करने की बात कही है। थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र की एक कालोनी की रहने वाली महिला ने बताया कि वह किराए के मकान में रहती है वही पास का रहने वाला युवक ने महिला के काम करते हुए कुछ फोटो खींच लिए जिसको लेकर कई दिनों से महिला को परेशान व ब्लैकमेल कर रहा था। महिला के विरोध करने पर मनचले ने महिला के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। छेड़छाड़ व फोटो इंस्टाग्राम पर वायरल करने की धमकी देने लगा महिला के शोर की आवाज सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई भीड़ को देख मनचला महिला को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़ित महिला कई दिनों से थाने के चक्कर काट रही है। शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने मनचले के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़ित महिला ने एसएसपी से शिकायत की बात की है।

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नौवीं बार बजट किया पेश

## सत्ता पक्ष ने बताया विकासोन्मुख, विपक्षी दलों ने नकारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वित्त मंत्री निर्मला सीता. रमण ने संसद में केंद्रीय बजट 2026-27 पेश किया। इस बजट में बुनियादी ढांचे, तकनीक और रोजगार के क्षेत्रों में बड़े निवेश का प्रस्ताव रखा गया है। पूंजीगत व्यय बढ़ाकर लगभग 12.2 लाख करोड़ रखा गया है, जिससे रेलवे, हाई-स्पीड कॉरिडोर और जलमार्ग जैसे प्रोजेक्टों को गति मिलने की उम्मीद है। शिक्षा, स्वास्थ्य एवं महिला-सशक्तिकरण योजनाओं पर भी ध्यान दिया गया है ताकि सामाजिक विकास में सुधार हो।

हालांकि आलोचक व विपक्षी नेताओं ने कहा है कि बजट में आम आदमी को तुरंत और सीधी राहत कम दिखाई देती है और छोटे किसानों तथा युवाओं के लिए पर्याप्त अवसर नहीं मिलेंगे। कुछ विपक्षी नेताओं का मानना है कि बजट अर्थव्यवस्था की वास्तविक चुनौतियों जैसे रोजगार सृजन और महंगाई को पूरी तरह संबोधित नहीं करता और इसमें कुछ आंकड़ों पर बहुत भरोसा किया गया है जबकि इस बजट को सरकार ने 'विकसित भारत की दिशा में सुधार' का बजट बताया है, जिसमें दीर्घकालिक विकास, निवेश और तकनीकी क्षमता को महत्व दिया गया है, जबकि कुछ विश्लेषक इसे अधिक पारदर्शी परिणाम और आम लोगों तक सीधा लाभ देने वाला नहीं मान रहे हैं।



### क्या सस्ता हुआ और क्या महंगा?

**सस्ता हुआ:** दवाइयाँ, मोबाइल फोन, ईवी बैटरियाँ, जूते, बीड़ी, माइक्रोवेव, सोलर/एनर्जी सामान, विदेश यात्रा/शिक्षा खर्च और कुछ व्यक्तिगत आयातित वस्तुएं।

**महंगा हुआ:** शराब, लक्जरी सामान, खनिज पदार्थ, स्क्रैप, कॉफी मशीन, कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर, कुछ उर्वरक, और स्टॉक-ट्रेडिंग सम्बन्धित शुल्क

### इतिहास का सबसे निराशाजनक बजट



भारतीय किसान यूनियन मेरठ के जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने कहा कि देश के इतिहास में पहला ऐसा बजट है जिससे चारों ओर निराशा है। बजट 2026 में किसानों और युवाओं का जिक्र तक नहीं है। किसान और युवा खाली हाथ रह गए बेहद निराशा महसूस कर रहे हैं। किसानों को एम.एस.पी की आस थी, युवाओं को नए रोजगार अवसर की आस थी, ग्रहणी, किसान, युवा, मजदूर सब खाली हाथ हैं बेहद निराश है।



"सरकार ने हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल और हाई-टेक लैब का वादा तो कर दिया, लेकिन यह नहीं बताया कि मौजूदा संस्थानों में शिक्षकों के हजारों खाली पद कब भरे जाएंगे? पुरानी इमारतों की छतें गिर रही हैं और सरकार नई टाउनशिप का सपना दिखा रही है। यह बजट ठीक वैसा ही है जैसे किसी भूखे व्यक्ति को भोजन देने के बजाय उसे फाइव-स्टार होटल के मेन्यू कार्ड दिखाए जाएं। धरातल पर काम शून्य है और घोषणाएं आसमान छू रही हैं।"

**-शान मुहम्मद, छात्र नेता सीसीएसयू मेरठ, पश्चिम प्रभारी भीम आर्मी छात्रा सभा यूपी**



एनसीपी पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष शकील मलिक ने कहा कि यह बजट आम आदमी, गरीब, किसान, युवा और मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया है तथा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार करता है। यह बजट दूरदर्शी सोच पर आधारित है।



उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष विष्णु दत्त पाराशर ने कहा कि यह बजट बहु विकास वाला बजट है इसमें छोटे व्यापारियों छोटे किसानों महिलाओं बुजुर्गों के साथ-साथ युवाओं को रोजगार देने वाला बजट है आम जन के लिए हितकारी है।

### यह रहीं लोगों की प्रतिक्रिया



लोकदल पार्टी के नेता प्रतीक जैन ने बजट को लेकर कहा कि यह परिवहन, चिकित्सा, व्यवसाय और कामकाजी महिलाओं के लिए योजनाएं लाई गई हैं। यह बजट ट्रेनिंग, स्किल डेवलपमेंट, किसान, बुनकर, टेराकोटा कलाकारों के लिए बहुत लाभदायक साबित होगा। यह बजट आत्मनिर्भर समृद्ध और सशक्त भारत की मजबूत नींव रखता है। समाज के सभी वर्गों में उत्थान के लिए समुचित प्रावधान किए गए हैं।



सरकार ने बजट में युवा किसानों को कोई राहत या सहायता नहीं दी है युवा किसान निराश है, सरकार को युवा किसान को प्रोत्साहन देना चाहिए।

**-वीरपाल सुरानी युवा किसान**



सरकार ने देश के बजट में किसानों को निराश किया हे बेहद निराशजनक बजट है, किसान खाली हाथ कर्जे में दबा है।

**-मोनू युवा किसान टिकरी जानी**



सरकार ने किसानों के साथ धोखा किया है। कोई भी राहत किसानों को नहीं दी गई एम एस पी का कोई जिक्र नहीं किया किसान निराश है।

**-जसबीर सिंह किसान पबला इंचौली**



किसानों को सरकार से विशेष सहायता की उम्मीद थी। किसानों को विशेष पैकेज प्रधानमंत्री किसान योजना दोगुने होने की उम्मीद सरकार ने किसानों के साथ धोखा किया है। ये धोखा है किसानों के साथ किसान दुखी है।

**-विनोद सरूरपुर**

### बजट से और व्यापार बढ़ेगा: नरेंद्र गुर्जर



**जानी खुर्द।** रविवार को केंद्र सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में बजट पेश करने के बाद यह बता दिया कि अब रोजगार और भी बढ़ेगा जिसमें मिडिल क्लास व्यक्ति के लिए व्यापार में और भी बढ़ोत्तरी होगी। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र गुर्जर ने कहा कि मोदी सरकार में 'सबका साथ सबका विकास' आज पूरा होता नजर आ रहा है। वित्त मंत्री के बजट पेश करने के बाद अब व्यापार की दिशा को गति मिलेगी जिससे हर वर्ग खुश होगा।

# संस्कृति विश्वविद्यालय में स्वास्थ्य को लेकर किया जागरूक



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के संतोष मेमो. रियल ऑडिटोरियम में आरोग्यभारती ब्रज प्रांत के सहयोग से संस्कृति आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल द्वारा एक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मुरली कृष्णा ने स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए संतुलित जीवनशैली और निवारक स्वास्थ्य देखभाल बहुत जरूरी है।

डा. मुरली कृष्ण ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य का मतलब है संपूर्ण रूप से अच्छा स्वास्थ्य। संपूर्ण रूप से अच्छा स्वास्थ्य तभी हो सकता है जब हमारी जीवन शैली संतुलित होगी। हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति नियमित रूप से ध्यान रखना होगा। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों से कहा कि दिनचर्या को व्यवस्थित रखें, स्वास्थ्यवर्धक भोजन करें और नियमित व्यायाम करें। इससे आप हमेशा स्वस्थ रहेंगे। आरोग्य भारती के क्षेत्रीय संगठनात्मक सचिव डॉ. रमेश ने कार्यक्रम का उद्देश्य समझाया और आयोजन संस्था, आरोग्यभारती ब्रज प्रांत की गति. विधियों और दृष्टिकोण के बारे में जानकारी दी। संस्कृति विवि के प्रति कुलपति डॉ. रघुराम भट्ट ने छात्रों की सामाजिक प्रतिबद्धता पर जोर दिया और सामाजिक रूप से जिम्मेदार और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नागरिकों को तैयार करने में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रिंसिपल डॉ. मोहनन एम और डायरेक्टर डॉ. रजनी भट्ट ने अपने उद्‌बोधन से कार्यक्रम को और भी महत्वपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आकांक्षा हीर ने किया और डॉ. सुरभि ने कार्यक्रम के प्रभावी समन्वय को सुनिश्चित किया। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक रूप से हुआ, जिसने छात्रों और समुदाय के बीच स्वास्थ्य जागरूकता और सामा. जिक जिम्मेदारी के महत्व को मजबूत किया।

# संजय नगर के सैंकड़ों परिवारों को बेदखल करना कतई बर्दाश्त नहीं: मुकेश धनगर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग द्वारा कृष्णा नगर के संजय नगर के सैकड़ों परिवारों को बेदखल किया जाना कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा।बेदखली की कार्यवाही अनुचित,अमानवीय और भेदभाव पूर्ण है।अगर सचमुच अतिक्रमण हटाना उद्देश्य है तो पहले अफसर,तस्कर और धनवान लोगों के अवैध निर्माण तोड़े जाएं इन लफ्जों के साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश धनगर ने आक्रोशित क्षेत्रीय नागरिकों के साथ एकता का इजहार किया।उन्होंने कहा आधार कार्ड,वोटर कार्ड और राशनकार्ड होने और जलकर गृहकर एवं बिजली बिल अदायगी के बाबजूद स्थानीय नागरिकों को बुलडोजर वादी सरकार और भूमाफियों से साठगांठ रखने वाले अधिकारी गरीबों को उजाड़ने पर आमादा हैं। कांग्रेस पार्टी गरीबों को उजाड़ने के हर हथकंडे का डटकर विरोध करेगी।जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री वैद्य मनोज गौड ने बुलडोजर के बल पर गरीबों को गृह विहीन बनाने की कड़ी भर्त्सना करते हुए प्रशासन को आगाह किया कि बेदखली के खौफ में जी रहे यह कोई बंगलादेशी या रोहिंग्या नहीं है।वे देश के मूलनिवासी अनुसूचित और दलित ही ज्यादा हैं।महानगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि ने दलित परिवारों की बेदखली की कोशिशों को तानाशाही का नमूना बताते हुए आंदोलन की चेतावनी दी। बिल्डर्स की बिल्डिंगों को अवैध होने पर भी बचाया जा रहा है।जो सत्तारूढ़ पार्टी से जुड़े हैं।



# आरएसएम में विराट हिंदू सम्मेलन

## देवी-देवताओं के हाथों में शास्त्र और शस्त्र दोनों होते हैं : साध्वी मैत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में शिवाजी बस्ती के लोगों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।




एसबीडी महिला महाविद्यालय में देर शाम कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोगों ने प्रतिभाग किया। सम्मेलन में श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। साहिबजादा बाबा अजित सिंह दल द्वारा गतका का प्रदर्शन किया गया, जिसमें शस्त्रों का हैरत अंगेज प्रदर्शन कर सभी को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर किया गया। सरदार गुरुचरण सिंह ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह द्वारा बनाए गए सिख पंथ को बनाकर मार्शल आर्ट्स को सीखकर हिंदू समाज की रक्षा करने का संदेश दिया गया है और शास्त्र एवं शस्त्र दोनों को नियमित अभ्यास करने का भी संदेश दिया है। जिससे हिंदू समाज की रक्षा की जा सके। आरएसएस के प्रांत प्रचारक अनिल कुमार ने संघ की 100 वर्ष की यात्रा का विस्तार से वर्णन किया। आरएसएस के प्रांत बौद्धिक प्रमुख सुनील कुमार ने संघ की पंच परिवर्तन का संदेश हिंदू समाज को दिया। बताया कि सनातन धर्म एवं हिंदू संस्कृति लाखों वर्ष पुरानी है, जिसे हमारे पूर्वजों ने त्याग बलिदान देकर सुरक्षित बनाए रखा है। अब हम सब हिंदू समाज को भी आरएसएस के साथ मिलकर हिंदू समाज की रक्षा के करने के लिए आगे आना होगा।

हिंदू सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में साध्वी मैत्री दीदी ने महिलाओं से अपने बच्चों को संस्कारवान बनाने का आह्वान किया और कहा कि धार्मिक कार्यक्रम में अपने बच्चों को साथ में लाकर हिंदू संस्कृति की शिक्षा देनी चाहिए, तभी हमारे बच्चे संस्कारवान बनेंगे और हिंदू समाज की रक्षा कर सकेंगे। हमारे सभी देवी देवताओं के हाथों में शास्त्र और शस्त्र दोनों होते हैं इसलिए हमें इन दोनों को अपने घरों में रखना चाहिए। हिंदू सम्मेलन में अमित कुमार नगर प्रचारक, क्रांति कुमार विभाग प्रचारक, पीयूष शर्मा, अनिल ग्रोवर, आलोक कुमार, राहुल, चरण गोयल, अभय गोयल, प्राचार्या पूनम चौहान, व्यवस्थापिका रेनू गोयल, यश दुआ, अनिल के गोयल, अनुपम कुमार, उदित जैन, पुरुषोत्तम अग्रवाल, जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बॉबी, सुभाष चौहान एवं हिंदू समाज के प्रबुद्ध लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरदार गुरु चरण सिंह द्वारा की गई और संचालन अर्चना कुंतल एवं आजाद चौहान एडवोकेट द्वारा किया गया।

# मथुरा जनपद से पहले और आखिरी जनप्रतिनिधि हैं मुकेश सारस्वत : विनोद



**मथुरा।** यूजीसी कानून को लेकर सामान्य वर्ग में लगातार असंतोष बढ़ता जा रहा है। जनपद मथुरा सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में सामान्य वर्ग के लोगों द्वारा यूजीसी कानून के विरोध में बैठकें, विचार गोष्ठियां और जनचर्चाएं आयोजित की जा रही हैं। लोगों का आरोप है कि, इस कानून से सामान्य वर्ग से आने वाले छात्रों के हित प्रभावित हो रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद जनपद के अधिकांश जनप्रति. निधियों ने अब तक इस विषय पर खुलकर अपना पक्ष नहीं रखा है, जिससे समाज में रोष व्याप्त है। आपको बता दें कि, इसी बीच मथुरा नगर निगम के उपसभापति (डिप्टी मेयर) मुकेश सारस्वत उर्फ मुकेश प्रधान ने एक अलग पहल करते हुए सत्ता पक्ष से जुड़े होने के बावजूद सामान्य वर्ग के छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से उठाया है। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर यूजीसी कानून के कारण सामान्य वर्ग के छात्रों को होने वाली परेशानियों से अवगत कराया तथा इस कानून पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया मुकेश सारस्वत की इस पहल को सामान्य वर्ग, विशेषकर ब्राह्मण समाज द्वारा सकारात्मक रूप हो लिया गया है। समाज का मानना है कि वर्तमान समय में जब अधिकांश जनप्रतिनिधि इस मुद्दे पर मौन हैं, ऐसे में मुकेश सारस्वत द्वारा छात्रों के हित में आवाज उठाना सराहनीय कदम है। इसी कारण समाज में उनके प्रति विश्वास और विश्वसनीयता में वृद्धि हुई है। इसी क्रम में सामा. जिक कार्यकर्ता विनोद दीक्षित द्वारा समाज की ओर से डिप्टी मेयर मुकेश सारस्वत को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वे समाज की भावनाओं और समस्याओं को सरकार तक पहुंचाएं, और मुकेश सारस्वत ने इस दायित्व का निर्वहन किया है।कार्यक्रम में उपस्थित अलीगढ़ के सांसद सतीश गौतम ने मुकेश सारस्वत को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि, समाज को ऐसे जनप्रतिनिधियों से प्रेरणा लेनी चाहिए, जो बिना किसी दबाव के समाज के हित में अपनी बात मजबूती से रखते हैं। उन्होंने कहा कि, यदि सभी जनप्रतिनिधि इसी तरह जनभावनाओं को प्राथमिकता दें, तो लोकतंत्र और मजबूत होगा। वहीं प्रख्यात विद्वान डॉ. मनोज मोहन शास्त्री ने भी मुकेश सारस्वत को आशीर्वाद देते हुए कहा कि, यदि कोई व्यक्ति समाज के साथ रहकर समाज के हित में कार्य करता है, तो उसे राजनीति में अवश्य सफलता मिलती है। उन्होंने कहा कि समाज जो चाहता है, उसके अनुरूप कार्य करने वाला नेता आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि, यूजीसी कानून को लेकर सामान्य वर्ग की चिंताओं को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और सरकार को इस पर पुनर्विचार करना चाहिए।

# ओपन जिम और खेल मैदान में जलभराव

## लाखों की लागत से बना था जिम ग्रामीणों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र के गांव सुहागपुर में युवाओं और बुजुर्गों के स्वास्थ्य लाभ के लिए बनाया गया ओपन जिम और खेल मैदान आज बदहाली का शिकार हो गया है। वर्ष 2022 में मनरेगा, राज्य वित्त एवं केंद्र वित्त से लगभग 15 लाख रुपये की लागत से निर्मित यह पार्क और ओपन जिम महज दो दिन की हल्की बारिश में ही पानी से भर गया, जिससे इसका उपयोग पूरी तरह ठप हो गया है। स्थिति यह है कि जहां कभी बच्चों के खेलने, युवाओं के व्यायाम करने और बुजुर्गों के टहलने की व्यवस्था होनी थी, वहां आज घुटनों तक पानी भरा हुआ है।



ग्रामीणों के अनुसार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत बनाए गए इस ओपन जिम का उद्देश्य गांव के युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली से जोड़ना और नशे जैसी बुराइयों से दूर रखना था। लेकिन जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण यह योजना शुरू होने से पहले ही दम तोड़ती नजर आ रही है। ओपन जिम के उपकरण पानी में डूबे हुए हैं और मैदान पूरी तरह दलदल में तब्दील हो चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस भूमि पर ओपन जिम और खेल मैदान का निर्माण कराया गया, वह पहले से ही निचली और जलभराव वाली थी।

इसके बावजूद बिना भराव और जल निकासी की पुख्ता व्यवस्था किए निर्माण करा दिया गया। परिणामस्वरूप थोड़ी सी बारिश में ही पूरा परिसर पानी से भर गया। ग्रामीणों का आरोप है कि लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद योजना का कोई लाभ उन्हें नहीं मिल पा रहा है।

# मुदस्सिर जमा खान का कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा

**किरतपुर।** कांग्रेस पार्टी से मुदस्सिर जमा खान के इस्तीफे ने नगर की राजनीति में जबरदस्त खलबली मचा दी है। तीन पीढ़ियों से कांग्रेस की जमीनी राजनीति से जुड़े परिवार का यह फैसला न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि आने वाले राजनीतिक समीकरणों की ओर भी इशारा कर रहा है। मुदस्सिर जमा खान का परिवार दशकों से कांग्रेस पार्टी के साथ खड़ा रहा है। उनके दादा ने पूरी जिंदगी कांग्रेस पार्टी में रहकर समा. जसेवा और संगठन को मजबूत करने का कार्य किया, जबकि उनके पिता मुबशिर जमा खान का आज भी कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में शुमार हैं और खुद मुदस्सिर जमा खान ने भी कांग्रेस पार्टी में रहकर विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया और संगठनात्मक जिम्मेदारियों को निभाया। ऐसे में उनका पार्टी से इस्तीफा देना कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।



# हवन में आहुति के साथ गौ कथा का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** गीता भवन मंदिर में एक माह से चल रही माघ महात्म्य गौ कथा का समापन विधिवत रूप से हवन में पूर्ण आहुति देकर किया गया। पूर्णाहुति के लिए मंदिर में जन सैलाब उमड़ा। श्रद्धालुओं ने सभी की सुख शांति की कामना की। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभोज का आनंद लिया। कथावाचक पंडित भोला शंकर शास्त्री जी ने बताया कि आज माघ पूर्णिमा है, शुक्र उदय व शुभ पुष्य नक्षत्र रहेगा। प्रत्येक पूर्णिमा का महत्व है, लेकिन माघी पूर्णिमा विशिष्ट है। धर्मशास्त्रों के अनुसार इस दिन स्नान, ध्यान व दान से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं, मोक्ष मार्ग प्रशस्त होता है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# वन्यजीवों की अवैध तस्करी करने वाले सात शिकारी गिरफ्तार

## आरोपियों के कब्जे से जंगली बिल्ली, सियार, जल मुर्गी सहित कई वन्यजीवों के शव किए बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** जिले में वन्यजीवों के अवैध शिकार और तस्करी के खिलाफ वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के टोल के पास से सात शिकारियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से जंगली बिल्ली, सियार, जल मुर्गी सहित कई वन्यजीवों के शव बरामद किए गए हैं। इसके साथ ही शिकार में इस्तेमाल होने वाले खटके, रस्से, जाल और धारदार हथियार भी जब्त किए गए हैं।

वन विभाग की जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी बागपत के जंगलों में अवैध रूप से वन्यजीवों का शिकार करते थे और बाद में इनका अवैध कारोबार हरियाणा के सोनीपत जिले में किया जाता था। लंबे समय से बागपत से हरियाणा तक फैला यह नेटवर्क जंगलों में वन्यजीवों की मौत का कारण बना हुआ था। टीम की सतर्कता और रणनीतिक कार्रवाई से वन्यजीव तस्करी के इस नेटवर्क को ध्वस्त करने में बड़ी सफलता मिली है। वन विभाग ने बताया कि सभी आरो. पियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही जिले के जंगलों में अवैध शिकार और तस्करी पर रोक लगाने के लिए गश्त और निगरानी को और अधिक तेज किया जाएगा। वन विभाग की इस कार्रवाई से वन्यजीव तस्करों में हड़कंप मच गया है और इसे जिले में वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक बड़ी सफलता माना जा रहा है। डीएफओ विनोद कुमार ने बताया कि वन्यजीव शिकार और तस्करी की लगातार मिल रही सूचनाओं के आधार पर एक विशेष टीम का गठन किया गया था। रविवार को सटीक सूचना पर टीम ने घेराबंदी कर सातों आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बागपत क्षेत्र में शिकार कर सोनीपत में तस्करी करने की बात स्वीकार की है। पकड़े गए आरो. पियों में विकास कुमार निवासी आरके कॉलोनी मुरथल (सोनीपत), खन्ना नाथ निवासी कुंडली (सोनीपत), अर्जुन निवासी कुंडली, साजन नाथ निवासी कुंडली, बालीनाथ निवासी कुंडली, अरोहन निवासी कुंडली और दुल्ली शामिल हैं। इस कार्रवाई को डीएफओ विनोद कुमार के नेतृत्व में अंजाम दिया गया। टीम में वन क्षेत्राधिकारी सुनेंद्र सिंह, डिप्टी रेंजर मोहम्मद तालिब, वन दरोगा उमेश कुमार, वन दरोगा केपी सिंह और वन रक्षक शिवम शामिल रहे। डीएफओ विनोद कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि सोनीपत हरियाणा के कुंडली, मुरथल के कुछ शिकारी बागपत के यमुना खादर में शिकार कर रहे हैं। सूचना मिलते ही टीम को गठित कर दिया गया जैसे ही टीमों के पर पहुंची तो शिकारी भागने लगे जिन्हें ईस्टर्न पेरीफेरल के पास लगे टोल के नजदीक पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही उनके अन्य साथियों का भी पता लगाए जाने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ वन्य जीव अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।





## मनरेगा को किसी भी सूरत में बंद नहीं होने दिया जाएगा: उर्मिला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के दिल्ली रोड स्थित महिला कांग्रेस पार्टी कार्यालय पर जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष उर्मिला सिंह ने महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश अध्यक्ष भारती त्यागी के दिशा निर्देश अनुसार सरकार द्वारा श्रमिकों के लिए चलाई जा रही मनरेगा के तहत योजना को बंद किया जा रहा है जिसको लेकर कांग्रेस पार्टी कार्यालय में काफी आक्रोश पनप रहा है।

सरकार को घेरते हुए जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष उर्मिला सिंह ने कहा कि मनरेगा को किसी भी सूरत में बंद नहीं होने दिया जाएगा। कांग्रेस इसके खिलाफ हमेशा धरने प्रदर्शन विरोध प्रकट करती रहेगी। इस मुद्दे को लेकर जिलाध्यक्ष ने अपने कांग्रेस कार्यालय पर एक बैठक की बैठक में उन्होंने मीडिया के सामने रूबरू होते हुए कहा कि मनरेगा को बंद किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा।

चाहे हमें इसका कितना भी जबरदस्त विरोध प्रकट क्यों न करना पड़े हम इसे पीछे नहीं हटेंगे। अपने कांग्रेस पार्टी कार्यालय पर उर्मिला सिंह आज मीडिया के सामने मनरेगा के मुद्दे को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार को घेरते हुए वार्तालाप कर रही थी। इस मौके पर उनके साथ सैकड़ो महिलाएं भी मौजूद रही।

## नाले पर पुलिया निर्माण की मांग को लेकर प्रर्दशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ईदगाह मार्ग पर साधन सहकारी समिति तक जानें के लिए टूटी पुलिया से लोगो को परेशानी उठानी पड़ रही है। किसानों ने नाला निर्माण कराने और पुलिया ठीक कराने की मांग की है।

रटौल में ईदगाह मार्ग पर साधन सहकारी समिति का गोदाम है जहां किसान अपने ट्रेक्टर ट्राली से खाद लेने वहा आते है लेकिन साधन सहकारी समिति के समीप नाले के ऊपर गंदगी के ढेर लगे है और पुलिया टूटी हुई है जिससे वहा से गुजरने वाले लोगो को किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है। किसान जाहिद अली, रहीस आदि ने बताया कि नाला निर्माण के ऊपर पड़े स्लेप टूटने से ट्रेक्टर लाने मे दिक्कत उठानी पड़ रही है। किसानों ने प्रर्दशन करते हुए उच्च अधिकारियों से पुलिया निर्माण कराने की मांग की है। प्रर्दशन करने वालो में जाहिद, राशिद, नाजिम, रहीस जुल्फीकार आदि किसान मौजूद रहे।



## क्षेत्र में 12 घंटे रही बिजली आपूर्ति ठप, लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** विघुत उपकेंद्र से जुड़े गावों मे पिछले 12 घन्टे तक बिजली न आने की समस्या के चलते लोगो को परेशानी उठानी पड़ी जिसके चलते लोगो के रोजमर्रा के कार्यो में भी परेशानी उठानी पड़ी।

रटौल विघुत उपकेंद्र से लहचौड़ा, गौना, सहबानपुर, सिगोली तगा सहित अनेक गांव जुड़े है जिसमे पिछले 12 घन्टे से बिजली न आने के कारण लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ा लोगो ने बताया कि रात भर जहा बिजली न होने से परेशान रहे वही पानी के लिए भी लोगो को दिक्कतें उठानी पड़ी जिस कारण सुबह से ही लोग नलक. ूपो से पानी भरते नजर आये दोपहर एक बजे बिजली आने पर लोगो ने राहत की सांस ली जई संदीप यादव ने बताया कि 33 हजार की लाइन में फॉल्ट के चलते विद्युत आपूर्ति कुछ घंटे ठप रही फाल्ट ठीक कर बिजली आपूर्ति शुरू कर दी गयी है।



## एक नजर

### बजट को लेकर जनपद के नेताओं ने किए अपने-अपने विचार व्यक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बजट में प्रत्येक वर्ग का पूर्णतया ध्यान रखा गया है, यह बजट युवाओं महिलाओं किसान मजदूर व्यापारियों एवं समाज के प्रत्येक वर्ग को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। इससे सभी वर्गों का लाभ होगा।

**ओमवीर ढाका राष्ट्रीय लोकदल बागपत।**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सरकार द्वारा प्रस्तावित बजट में देश की 65प्रतिशत आबादी किसान कोम के लिए कुछ नहीं दिया गया, यह दर्शाता है। किसानो के प्रति सरकार कितनी संवेदनशील है। किसानों के प्रति जो लोग बोलते हैं हम किसान और जवान के लिए समर्पित हैं, उन्होंने न किसान के लिए कुछ किया न जवान के लिए कुछ किया यह बजट इतिहास में काला बजट के नाम से जाना जाएगा।



**प्रदीप धामा महासचिव दिल्ली एनसीआर भारतीय किसान यूनियन टिकैत**

## केटी स्टेडियम में उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ कबड्डी लीग सीजन-2

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कबड्डी लीग सीजन-02 का समापन समारोह केटी स्टेडियम में उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। समारोह में जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए युवाओं को खेलों से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया।

समापन समारोह के दौरान स्टेडियम खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, खेल प्रेमियों और अभिभावकों से खचाखच भरा रहा। कबड्डी लीग में जिले के विभिन्न ब्लॉकों और गांवों से आई टीमों ने भाग लिया और पूरे सीजन में अनुशासन, टीम भावना और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले के बाद विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया, वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने खिलाड़ियों और युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ जीवनशैली का माध्यम है। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वस्थ दिनचर्या ही स्वस्थ नागरिक की पहचान है और एक स्वस्थ नागरिक ही देश के विकास में प्रभावी योगदान दे सकता है। खेलों के माध्यम से युवाओं में नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क और चुनौतियों से लड़ने का जज़्बा विकसित होता है, जो उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद करता है। उन्होंने युवाओं से आहवान किया कि वे खेलों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ें। अपने संबोधन में जिलाधिक. ारी ने नशामुक्त जीवन का भी स्पष्ट संदेश दिया। नशा छोड़ें, जीवन चुनें। नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। समापन समारोह के अंत में जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने विजेता और उपविजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि जीत और हार खेल का हिस्सा हैं, लेकिन खेल भावना, अनुशासन और निरंतर अभ्यास ही असली जीत है। उन्होंने खिलाड़ियों को आगे भी मेहनत जारी रखने और जिले का नाम प्रदेश व देश स्तर पर रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एसडीएम खेकड़ा निकेत वर्मा, केटी विंग के फाउंडर कपिल त्यागी सहित अन्य मौजूद रहे।



## लंबे समय से तैनात खेकड़ा थाना के 11 पुलिस कर्मियों का हुआ तबादला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा थाना क्षेत्र में लंबे समय से तैनात 11 पुलिसकर्मियों का तबादला कर दिया गया है। इनमें से ज्यादातर पुलिसकर्मियों को डायल 112 सेवा पर नियुक्त किया गया है।

पुलिस विभाग ने यह कदम कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से उठाया है। अधिकारियों ने आदेश पत्र जारी कर बताया कि ये तबादले पूरी तरह से प्रशासनिक हैं और इनका उद्देश्य पुलिस व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन तबादलों का किसी भी अनुशासनात्मक कार्रवाई से कोई संबंध नहीं है। अधिकारियों के अनुसार, लंबे समय तक एक ही स्थान पर तैनाती से कार्यप्रणाली में जड़ता आ सकती है, जिसे दूर करने के लिए ऐसे समायोजन आवश्यक होते हैं। पुलिस प्रशासन का मानना है कि नियमित तबादले न केवल कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में सहायक होते हैं, बल्कि आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास भी मजबूत करते हैं। खेकड़ा थाना क्षेत्र में नए पुलिसकर्मियों की तैनाती से गश्त व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और जनसंपर्क को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन के इस फैसले का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था और बेहतर होगी। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भविष्य में भी आवश्यक कदम उठाए जाते रहेंगे।

## पिता ने अपने चार माह के बेटे का किया तुलादान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** छपरौली में पुत्र प्राप्ति की मन्नत पूरी होने पर एक पिता ने अपने चार माह के बेटे का तुलादान किया। इस अनोखे आयोजन में पिता ने बेटे के वजन के बराबर राशि मंदिर निर्माण के लिए दान की। कस्बे की पट्टी धंधान निवासी अक्षय उर्फ टिंकू और उनकी पत्नी सोनम ने पुत्र प्राप्ति के लिए संत शिरोमणि रविदास मंदिर में मन्नत मांगी थी। उन्होंने संकल्प लिया था कि बेटा होने पर उसके वजन के बराबर राशि मंदिर निर्माण में दान करेंगे। रविवार को अक्षय अपनी पत्नी सोनम और पिता सहदेव के साथ चार माह के बेटे रोहित को लेकर मंदिर पहुंचे। मंदिर परिसर में ूलों से सजा एक तराजू लगाया गया। एक पलड़े पर मासूम रोहित को बिठाया गया, जबकि दूसरे पलड़े में दस-दस रुपये के सिक्के पॉलिथीन में भरकर रखे गए। जैसे-जैसे सिक्के बढ़ते गए, वहां मौजूद लोगों की भीड़ और उत्सुकता भी बढ़ती गई। तौल पूरी होने पर मासूम का वजन करीब छह किलो निकला। इस वजन के हिसाब से लगभग दस हजार रुपये की राशि तौली गई, जिसे अक्षय उर्फ टिंकू ने बिना किसी हिचक के संत रविदास मंदिर निर्माण के लिए दान कर दिया। मंदिर में मौजूद पंडित राजीव शर्मा ने बताया कि हिंदू धर्म में तुलादान की परंपरा प्राचीन है। उन्होंने कहा कि मन्नत पूरी होने, स्वास्थ्य लाभ या ग्रह दोष शांति के लिए लोग इस तरह का दान करते हैं। इस आयोजन से समाज में आस्था और दान की भावना को बल मिलता है। इस अनोखे दान की चर्चा अब पूरे छपरौली में है। लोग इसे आस्था की मिसाल बता रहे हैं और मासूम के तराजू पर बैठने वाले दृश्य को अविस्मरणीय पल कह रहे हैं।

## सपाइयों ने संत रविदास व संत नरहरि दास की मनाई जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को समा. जवादी पार्टी कार्यालय पर संत रविदास और संत नरहरिदास की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने की और संचालन राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी राहुल यादव ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित सपाइयों ने दोनों संतो को पुष्प अर्पित किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने कहा कि संत रविदास और संत नरहरि दास भक्ति काल के महान संत थे उन्होंने समानता,सामाजिक एकता, व्यक्तिगत आध्यात्मिक स्वतंत्रता का संदेश दिया और समाज से जाति और लिंग आधारित सामाजिक भेदभाव को मिटाने का कार्य किया। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, नगेंद्र सिंह, रवि बैसला, देवेंद्र यादव, शाहरुख, कादिर प्रधान, अनुज यादव, निजामु, खलील, सचिन पाल, मगन कश्यप, राजू प्रजापति आदि मौजूद रहे।



## प्रोजेक्ट राहत द्वारा जरूरतमंदो को किए कंबल वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सोमवार को कंबल वितरण कार्यक्रम का द्वितीय चरण ईदगाह में प्रोजेक्ट राहत के तहत (SBF) द्वारा आयोजित किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का प्रथम चरण 11 जनवरी 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया था। कड़ाके की ठंड को देखते हुए जरूरतमंद लोगों को कंबल का वितरण किया गया। (SBF) एक सामाजिक संस्था (NGO) है, जो आपदा और संकट के समय जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए सक्रिय रूप से कार्य करती है। संस्था ने भूकंप, सुनामी, बाढ़, महामारी एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत सामग्री, भोजन, चिकित्सा सहायता और पुनर्वास से जुड़े कई कार्य किए हैं। प्रोजेक्ट राहत इसी मानवीय प्रयास का एक हिस्सा है। कार्यक्रम का संचालन कोहिनूर अहमद ने किया। इस अवसर पर इरशाद खान, रशीद, शब्बीर अहमद, एडवोकेट आरिफ बेग, इस्तियाक एवं डा.मुबीन, ज़हूर बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में (SBF) के स्वयंसेवकों की अहम भूमिका रही, जिनमें उवैस, फ़ाज़िल सहित अन्य स्वयंसेवक शामिल रहे।





## दैनिक शाह टाइम्स अखबार में छपी खबर का असर, गांव में नई पाइप का निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जागौश गांव में यमुना नदी के किनारे शिव मंदिर के प्रांगण में बनी पानी की टंकी के खिलाफ दैनिक शाह टाइम्स अखबार में छपी खबर का आज बड़ा असर देखने को मिला सिंचाई विभाग द्वारा गांव का भ्रमण करते हुए जिस जगह पाइप दबे हुए थे उनको खुदवा कर वहां पर नई पाइप का निर्माण किया। इसी के साथ-साथ गांव में बनी टंकी के पाइप पर टंकी भरकर पानी छोड़ा गया और ग्राम वासियों ने अखबार में छपी खबर का असर बताया ग्रामवासियों का कहना है कि अगर अखबार में खबर नहीं लगती तो शायद अपनी टंकियो में नहीं आता आप गांव की गली-गली में टंकी में पानी आ रहा है। गांव वाले बताते हैं कि टंकी में पानी तो आता है मगर टंकी बंद करने और खोलने का इंतजाम अभी तक नहीं किया जितना पानी आता है नाली में बह रहा है उन्होंने टंकी ऊपर टूटी लगवानी की मांग की।



## शिव फ़ार्म हाउस में किया गया सर्वखाप सम्मान समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** नगर के शिव फ़ार्म हाउस में सर्वखाप सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुरेश कौशिक, जयकिशन बक्शी और नगरपालिका अध्यक्ष नीलम धामा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह की अध्यक्षता पंडित सुभाष भारद्वाज, चौधरी चौरासी देशखाप ने की।

इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के राज्य मंत्री सुनील शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल विशिष्ट अतिथि थीं। समारोह में पंडित नरेश शर्मा को चौधरी सर्वखाप और पंडित पुनीत भारद्वाज को चौधरी थम्बा पट्टी रामपुर खेकड़ा की उपाधि से सम्मानित किया गया।

उन्हें ब्राह्मण समाज की पगड़ी भी पहनाई गई। सर्वसमाज खाप और चौधरी चौरासी देशखाप के अध्यक्ष सुभाष चौधरी ने कहा कि ब्राह्मण समाज की पगड़ी में किसी अन्य बिरादरी का हस्तक्षेप स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि खेकड़ा का ब्राह्मण समाज एकजुट है और विभाजनकारी ताकतों का मुकाबला करेगा। समारोह में उपस्थित सभी चौधरियों ने नशाखोरी और विभिन्न सामाजिक कुरीतियों पर विचार-विमर्श किया। वक्ताओं ने ब्राह्मण समाज की एकता पर बल दिया और यूजीसी नियमों का विरोध किया। पंडित जयभगवान शास्त्री सहित कई गणमान्य व्यक्ति इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।



## एकता व संगठन स्वाभिमान सम्मेलन को लेकर बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को एक बैठक परशुराम मंदिर खेडा, पुरा में अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा द्वारा 18 फरवरी 2026 में अमर वेंकट हाल दिल्ली सहारनपुर रोड बड़ौत में सामाजिक सुधार, सेवा, एकता एवं संगठन स्वाभिमान सम्मेलन को लेकर की गई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित लोकेश वत्स उत्तर प्रदेश सचिव अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा ने कहा आने वाले समय एवं माहौल को देखते हुए ब्राह्मण समाज की एकता, अखंडता अति आवश्यक है। अगर समाज का उत्थान करना है तथा समाज को एकजुट करना है तो ऐसी बैठके, सम्मेलन अति आवश्यक है। इसी के साथ समाज के उत्थान वाले बिंदुओं पर चर्चा कर सरकार से अपना हक हासिल करना ही इस बैठक का मुख्य उद्देश्य है यह सम्मेलन भविष्य में आने वाले नोजवानो का भविष्य भी तय करेगा। उन्होंने कहा इसमें सभी संगठन, गठबंधनों तथा ब्राह्मण समाज के प्रत्येक व्यक्ति को होना चाहिए। इसी से हमारी एकता का पता चलता है जो समाज में एकता का संदेश भी देता है।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सोहिल से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

आविदा पत्नि युनुस निवासी ग्राम जिवाना गुलियान थाना बिनौली तहसील बडौत जनपद बागपत।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईआरओ के साथ फॉर्म 6, 7 व 8 की प्रगति की समीक्षा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत मतदाता सूची से जुड़े कार्यों की समीक्षा के लिए शुक्रवार को कैम्प कार्यालय में समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) के साथ बैठक की। बैठक में फॉर्म 6, 7 और 8 की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने 31 जनवरी 2026 तक प्राप्त दावे एवं आपत्तियों की जानकारी सभी ईआरओ से प्राप्त कर उनका परीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने से संबंधित फॉर्म-6 को प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त कर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे कोई भी पात्र मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित न रह जाए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने नो-मैपिंग से संबंधित नोटिसों की सुनवाई प्रभावी ढंग से करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी ईआरओ को यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (एईआरओ) के कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए, ताकि मतदाता सूची की शुद्धता एवं पारदर्शिता बनी रहे। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे सहित समस्त ईआरओ उपस्थित रहे।

# देवरनियां पुलिस की बड़ी कार्रवाई 160 ग्राम चरस के साथ तस्कर दबोचा

**■ चेकिंग के दौरान मारुति वैन सहित आरोपी पकड़ा गया, एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जनपद में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली देवरनियां पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक अभियुक्त को 160 ग्राम अवैध चरस तथा एक मारुति वैन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देश, पुलिस अधीक्षक उत्तरी मुकेश चन्द्र मिश्रा के नेतृत्व एवं क्षेत्राधिकारी बहेड़ी अरूण कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में 30 जनवरी 2026 को कोतवाली देवरनियां पुलिस टीम चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति मारुति वैन में बैठकर चरस बेचने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मुंडिया जागीर अभयपुर रोड पर कल्लू धर्मकांटा के पास घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। पकड़े गए अभियुक्त ने अपना नाम जैरुद्दीन उर्फ समीर पुत्र अल्ताफ हुसैन, निवासी ग्राम अभयपुर, थाना देवरनियां, जनपद बरेली बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 160 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई। साथ ही मौके से मारुति वैन संख्या यूपी 25 बीसी 0569 भी जब्त की गई। वाहन के वैध कागजात प्रस्तुत न कर पाने के कारण पुलिस ने उसे मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के अंतर्गत सीज कर दिया।

पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि वह बेरोजगार है और पैसों के लालच में चरस बेचने का काम करता है। उसने बताया कि उसे चरस किसी अज्ञात बाइक सवार से प्राप्त हुई थी और वह उसे बेचने के उद्देश्य से वहां मौजूद था। अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली देवरनिया में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी रहा है। पूर्व में उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर अभियुक्त को न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक मुकेश कुमार, कांस्टेबल बिट्टू सिंह, राजन एवं पवन बंसल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## उत्तराखंड में एक किलो हेरोइन के साथ पकड़ा गया बहेड़ी का युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर में पंचर जोड़ने की दुकान चलाने वाला एक युवक उत्तराखण्ड में हेरोइन के साथ पकड़ा गया है। पुलिस ने उसके पास से भारी मात्रा में हेरोइन बरामद की है। बरामद हीरोइन की कीमत करोड़ों में बताई जा रही है। इस मामले में उत्तराखण्ड पुलिस ने पकड़े गए युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

उत्तराखंड में नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसटीएफ एंटी नार्कोटिक्स यूनिट को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसटीएफ ने बहेड़ी निवासी सहनवाज उर्फ मामू को 1 किलो 33 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। युवक की पास से बरामद की गई हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 3 करोड़ 10 लाख रुपये के आसपास बताई जा रही है। एसटीएफ के अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त सहनवाज उर्फ मामू कुमाऊं क्षेत्र में हेरोइन का बड़ा सप्लायर है और वह काफी लम्बे समय से



नशा तस्करी के नेटवर्क को संचालित कर रहा है। गोपनीय सूचना के आधार पर एसटीएफ और और थाना किच्छा पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई को अंजाम देकर अभियुक्त को दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गये तस्कर सहनवाज उम्र 36 वर्ष के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। पुलिस ने अन्य आरोपियों की तलाश भी तेज कर दी है। पकड़ा गया युवक शाहगढ़ तिराहे पर पंचर की दुकान चलाता है।

## बिना कोचिंग पहले ही प्रयास में एफएमजीई पास कर डॉ. असजद रजा ने रचा कीर्तिमान

**■ किर्गिजस्तान से एमबीबीएस कर बहेड़ी का नाम किया रोशन, क्षेत्र में खुशी की लहर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है कि बहेड़ी निवासी अखलाक अहमद के पुत्र डॉ. असजद रजा ने नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन द्वारा आयोजित विदेशी मेडिकल स्नातक परीक्षा (एफएमजीई) को बिना किसी कोचिंग के पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। डॉ. असजद रजा ने किर्गिजस्तान स्थित जलालाबाद



स्टेट यूनिवर्सिटी से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की है।

डॉ. असजद रजा ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता के सहयोग, शिक्षकों के मार्गदर्शन और आत्मअनुशासन के साथ की गई निरंतर मेहनत को दिया है। उनके पिता अखलाक अहमद ने बताया कि असजद बचपन से ही मेहनती और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहे हैं। उनका सपना शुरू से ही एक कुशल चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करना रहा है। एफएमजीई जैसी कठिन परीक्षा को बिना कोचिंग पहले प्रयास में उत्तीर्ण करना डॉ. असजद रजा की कड़ी मेहनत, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। उनकी इस सफलता से परिवार, रिश्तेदारों और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों, शुभचिंतकों एवं उनके बड़े भाई एआईएमआईएम नेता शादाब एसके ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## लूट में वांछित आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** स्कूटी से घर लौट रहे मेडिकल छात्र और उसके दोस्त का अपहरण कर उनसे यूपीआई के जरिए 60 हजार रुपये ट्रांसफर कराने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

पुलिस ने सूचना पर कार्रवाई करते हुए इस संगीन वारदात में वांछित आरोपी सचिन सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। घटना 10 नवंबर 2025 की है, जब सोनई (महाराष्ट्र) निवासी गौरव वरपे, जो वर्तमान में राजश्री मेडिकल कॉलेज में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, अपने दोस्त गौरवेंद्र के साथ स्कूटी से लौट रहे थे। इसी



दौरान ईको वैन सवार बदमाशों ने उनकी स्कूटी को रोककर दोनों का अपहरण कर लिया। अपहरण के बाद आरोपियों ने पीड़ितों से यूपीआई का पिन पूछकर उसके खाते से 60 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़ित की तहरीर पर फतेहगंज पश्चिमी थाने में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस जांच के दौरान आरोपी सचिन सिंह का नाम सामने आया, जो अलीगंज थाना क्षेत्र का निवासी है और वर्तमान में फतेहगंज पश्चिमी में रह रहा था। मामले में एक और गंभीर धारा बढ़ाई गई, जिसके बाद पुलिस उसकी तलाश में जुट गई।पुलिस टीम ने सूचना पर राधा कृष्ण मंदिर से रहपुरा अंडरपास के पास घेरा. बंदी कर आरोपी सचिन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी इस मामले में लंबे समय से वांछित चल रहा था।

थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह का कहना है कि इस वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसएसआई अशोक कुमार, एसआई विनोद कुमार शर्मा, हेड कांस्टेबल भपेन्द्र सिंह,कांस्टेबल नीरज कुमार शामिल रहे।

## गांव-गांव चलाया गया जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र के गांव छोटी सिमरिया, अब्दुल्लागंज, लभेड़ा दुर्गाप्रसाद एवं सिरौधी अंगदपुर में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा की मंडल अध्यक्ष भक्ति सिंह लोधी ने ग्रामीणों को केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और अधिक से अधिक लाभ उठाने का आवाहन किया।

उन्होंने ग्रामीणों से एसआईआर अभियान के तहत अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराने की अपील करते हुए कहा कि मतदान लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है और इसमें भागीदारी कर लोग लोकतंत्र रूपी हवन में अपनी आहुति दे सकते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि जीरामजी योजना के अंतर्गत जॉब कार्ड धारकों को योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा।

कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणों में योजनाओं को लेकर उत्साह देखा गया। इस अवसर पर हरद्वारी लाल वर्मा, भगवत सरन लोधी, रोशन लाल वर्मा, नत्थू लाल मौर्य, बांकेलाल वर्मा, अजय पटेल, ख्यालीराम वर्मा, नौबत सिंह वर्मा, धर्मपाल वर्मा, लाल सिंह मौर्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## माघ पूर्णिमा पर रामगंगा घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** माघ मास की पूर्णिमा के पावन अवसर पर क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने रामगंगा नदी में आस्था की डुबकी लगाकर दान-पुण्य किया।पूर्णिमा स्नान के लिए श्रद्धालु देर रात लगभग तीन बजे से ही गोरा लोकनाथपुर घाट पर पहुंचने लगे थे।

सुबह से लेकर देर शाम तक श्रद्धालु लगातार रामगंगा में स्नान करते रहे।माघ पूर्णिमा के अवसर पर गोरा लोकनाथपुर एवं कपूरपुर घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। श्रद्धालुओं ने रामगंगा में स्नान कर प्रसाद चढ़ाया तथा खिचड़ी, वस्त्र, तिल, घी एवं कंबल का दान किया। घाटों पर दिन भर धार्मिक अनुष्ठान चलते रहे, जिससे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा।असदनगर स्थित गंगा मंदिर के महंत लटूरी महाराज ने बताया कि माघ पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान करने से पापों का नाश होता है और पुण्य की प्राप्ति होती है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन देवता पृथ्वी पर आकर पवित्र नदियों में स्नान करते हैं, इसलिए इस दिन किया गया स्नान विशेष फलदायी माना जाता है।गोरा लोकनाथपुर में आयोजित मेले की व्यवस्थाएं ग्राम प्रधान धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में मेला कमेटी के अध्यक्ष बाबूराम तुरैहा, प्रमोद शर्मा, विनोद शर्मा,लेखराज कश्यप, मोनू सक्सेना सहित अन्य सदस्यों ने संभालीं। मेले का आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## नो केन संकट से जूझ रही बहादुरगंज त्रिवेणीनाथ चीनी मिल

**■ गन्ना केंद्र कम होने से बार-बार बंद हो रही मिल, किसानों से आपूर्ति बनाए रखने की अपील**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** गन्ने की नियमित आपूर्ति न मिलने के कारण बहादुरगंज स्थित त्रिवेणीनाथ चीनी मिल को बार-बार नो केन की स्थिति में बंद होना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि मिल को आवंटित गन्ना केंद्रों को दूसरी चीनी मिलों को दे दिए जाने से यह समस्या उत्पन्न हुई है। गन्ना केंद्रों की संख्या घटने के कारण मिल को पर्याप्त मात्रा में गन्ना नहीं मिल पा रहा है।

मिल प्रबंधन का कहना है कि त्रिवेणीनाथ चीनी मिल किसानों को गन्ना आपूर्ति के तीन दिन के भीतर भुगतान कर रही है, इसके बावजूद दो दिनों से मिल में नो केन



की स्थिति बनी हुई है। प्रबंधन के अनुसार मिल को आवंटित केंद्र दूसरी मिलों को दिए जाने से गन्ने की आवक प्रभावित हुई है। उधर, मिल प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि 31 दिसंबर तक का समस्त भुगतान किसानों के खातों में भेज दिया गया है।

साथ ही किसानों से अपील की गई है कि वे अपना गन्ना इधर-उधर न बेचें और मिल को ही गन्ने की आपूर्ति सुनिश्चित करें, ताकि मिल का संचालन सुचारू रूप से जारी रह सके। मिल प्रबंधन ने दोहराया कि त्रिवेणीनाथ चीनी मिल किसानों को समयबद्ध भुगतान देने के लिए प्रतिबद्ध है और गन्ना आपूर्ति बढ़ने पर नो केन की समस्या स्वत: समाप्त हो जाएगी।

## नाबालिग अपहरण कांड का खुलासा, आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कोतवाली देवरनियां पुलिस ने नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए वांछित मुल्जिम को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस की मुस्तैदी और बेहतर तफ्तीश का नतीजा मानी जा रही है।

पुलिस के मुताबिक, दिनांक 21 जनवरी 2026 को पीड़ित पिता द्वारा कोतवाली देवरनिया में अपनी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले जाने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। इस बाबत मुकदमा अपराध संख्या 20/2026, धारा 137(2) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया गया था। मामले की तफ्तीश के



दौरान पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए दिनांक 27 जनवरी 2026 को नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया।

बरामदगी के बाद पीड़िता के बयान दर्ज किए गए और मेडिकल जांच कराई गई। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर मुकदमे में जरूरी धाराओं की बढ़ोतरी की गई। तफ्तीश के दौरान मुल्जिम के तौर पर प्रदीप गंगवार पुत्र शांति स्वरूप, निवासी ग्राम उम्मेदपुर, थाना भुता, जनपद बरेली (उम्र करीब 26 साल) का नाम सामने आया। देवरनियां पुलिस ने उसे दिनांक 31 जनवरी 2026 को सुबह करीब 10 बजे ग्राम वसुधरन ढाल के पास से गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार मुल्जिम के खिलाफ कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे भेज भेज दिया गया। इस पूरी कार्रवाई में उप निरीक्षक जितेन्द्र कुमार, कांस्टेबल शिवम कुमार और कांस्टेबल रोहित कुमार की अहम भूमिका रही।

देवरनियां पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से इलाके में अमन-ओ-कानून मजबूत हुआ है और अपराधियों को साफ पैगाम मिला है कि कानून से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## हर्षोल्लास के साथ मनाई संत रविदास जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** रविवार को कस्बे के साथ ही आसपास के इलाकों में संत शिरोमणि रविदास जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। जगह-जगह आयोजित कार्यक्रमों में उनके विचारों, जीवन दर्शन और सामाजिक समरसता के संदेश को याद किया गया।

ईध जागीर गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर के सभागार में भाजपा अनुसूचित मोर्चा के तत्वावधान में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत संत रविदास के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद दिवाकर ने संत रविदास के जीवन और उनके समाज सुधारक विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके बाद खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि शंकर गंगवार,संगठन की जिला उपाध्यक्ष मनोज दिवाकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लेखराज गंगवार, नत्थूलाल गुप्ता, सरजू गंगवार, शंकरलाल, गौरव गंगवार, सर्वेश गंगवार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। वहीं, कस्बे के अंबेडकर पार्क में अंबेडकर पार्क विकास समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में संत रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। समिति के अध्यक्ष महावीर प्रसाद ने कहा कि संत रविदास का जीवन हमें समानता, करुणा और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

### एक नजर

## फोन पर धर्म को लेकर गाली देने वाले अज्ञात युवक पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक युवक ने किसी अज्ञात व्यक्ति पर फोन करके उसको गाली देने व धर्म से सम्बन्धित अपशब्द कहने का आरोप लगाया है। घटना के बाद युवक ने मामले की तहरीर पुलिस को दी, जिसपर पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम जाम साबन्त जनूबी थाना बहेड़ी जिला बरेली निवासी अंसार अहमद पुत्र इकराम हुसैन का कहना है कि बीती 30 जनवरी की रात्रि उसके मोबाइल पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया। फोन करने वाला युवक उसको धर्म व जाति से सम्बन्धित गालियां देने लगा और बोला साले कटूआ में तुझे छोड़ूंगा नहीं। नाम पता पूछने पर उक्त युवक ने कुछ नहीं बताया और उसे लगातार गन्दी गाली देता रहा। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसने इसकी रिकॉर्डिंग भी कर ली है।

## हम शक्ल ए मुस्तफा थे अली अकबर: मौलाना गजनफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** मौलाना गजनफर हुसैन ने कहा है कि हजरत ए इमाम ए हुसैन के बेटे अली अकबर, पैगम्बर मोहम्मद सल्लालाहों अलह वसल्लम के हम शक्ल थे आपका बात करने का लहजा और चलने फिरने उठने बैठने का अंदाज भी आका ए नामदार मोहम्मद मुस्तफा सल्लिलाहों अलह वसल्लम जैसा ही था।



मौलाना गजनफर यहां मस्जिद ए हम्द ए अली में इदारा ए इरफान ए अबूतालिब के तत्वावधान आयोजित एक महफिल में बोल रहे थे।शब ए बारात की ग्यारह तारीख की शाम को उन्वान ए यौम ए विलादत हमशक्ल ए मुस्तफा यानी हजरत अली अकबर की विलादत मनाई गई।पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी मनाई गई यौम ए विलादत की महफिल में जामिया ए मेहदीया के तालिब ए इल्म व दीगर शायरों ने भी अपने कलाम से जनाब ए अली अकबर की शान पर रौशनी डाली।महफिल में सगीर हसन व उनके हमनवा ने इंतजाम संभाला।

## परिवार की सहमति से प्रेमी युगल बंध विवाह बंधन में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** नगर के बिजली घर के समीप स्थित गायत्री मंदिर में रविवार को प्रेमी युगल ने वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह संपन्न किया।

बताया गया कि दोनों लंबे समय से एक-दूसरे के संपर्क में थे और आपसी सहमति के बाद शादी का फैसला लिया। युवक मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव समसपुर का निवासी है, जबकि युवती हल्द्वानी की रहने वाली बताई जा रही है। विवाह की सूचना मिलते ही मंदिर परिसर में स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई, जिन्होंने इस विवाह के साक्षी बनकर नवदंपती को शुभकामनाएं दीं। शादी शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई और किसी भी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न नहीं हुई। विवाह उपरांत दोनों पक्षों के परिजन मौके पर मौजूद रहे और नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया।

## साप्ताहिक बाजार में युवक से मारपीट, पुलिस से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव कुल्छा खुर्द निवासी अंकित ने थाना पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही दो युवकों पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार वह रविवार शाम करीब 4:30 बजे मीरगंज साप्ताहिक बाजार आया था, तभी गांव के ही रवि और भोला ने उसे घेर लिया। आरोप है कि दोनों ने गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से उसकी पिटाई कर दी। बाजार में मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर उसे बचाया। जाते समय आरोपी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मीरगंज सर्राफा व्यापारियों की बैठक में संगठन का पुनर्गठन, नई कार्यकारिणी गठित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** कस्बा मीरगंज में रविवार को सर्राफा व्यापारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से संगठन के नाम में परिवर्तन करते हुए इसे "मीरगंज सर्राफा कमेटी" रखा गया।



साथ ही संगठन के सुचारु संचालन और व्यापारियों के हितों की रक्षा के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में रामनारायण गुप्ता को संगठन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। राजीव गुप्ता को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई, जबकि पीयूष गुप्ता उर्फ कुश गुप्ता को महामंत्री और शुभम रस्तोगी को कोषाध्यक्ष चुना गया।इस अवसर पर व्यापारियों ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, आपसी सहयोग बढ़ाने तथा सर्राफा व्यापार से जुड़ी समस्याओं के समाधान पर चर्चा की। बैठक में संजीव गुप्ता, दीपक गुप्ता, दिनेश पुरी, प्रमोद रस्तोगी, हर्षपुरी गोस्वामी, अरविंद गंगवार एवं कैलाश गंगवार सहित अन्य सर्राफा व्यापारी मौजूद रहे।

## बजट में रखा गया अल्पसंख्यकों का ध्यान: शहाबुद्दीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि केंद्रीय बजट स्वागत योग्य है, जिसमें समाज के हर तबके का ख्याल रखा गया है। अल्पसंख्यकों के हितों के लिए 3350 करोड़ का बजट दर्शाता है कि अल्पसंख्यकों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।



मौलाना ने कहा कि बजट में व्यापार, उद्योग, बाजार, नौकरी पेशा, घरेलू, युवा, खेल, शिक्षा समेत सभी क्षेत्रों में अलग-अलग बजट देकर देश को आगे बढ़ाने के लिए कोशिश की गई है। बजट में प्रधानमंत्री का नारा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की रेखाएं झलक रही हैं। सरकार की कोशिश यह होना चाहिए कि अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए हर एक अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया जाए, मगर अफसरशाही की लूट खसोट की वजह से योजनाएं अल्पसंख्यकों तक नहीं पहुंच पाती हैं, जिसकी वजह से उनको लगता है कि सरकार हमारे लिए कुछ नहीं कर रही है, इन बिंदुओं पर सरकार को ध्यान देने की जरूरत है।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# शादी कराने का झांसा देकर डेढ़ लाख ठगे

## महिला समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ढवारसी**। आदमपुर थाना क्षेत्र के एक महिला समेत तीन लोगों ने शादी कराने के नाम पर डेढ़ लाख रुपए की ठगी कर ली। जब युवक की शादी नहीं हुई तो पीड़ित ने अपने रूपए वापस मांगे तो ठगी करने वाले लोगों ने वापस करने से इंकार कर दिया जिसके बाद पीड़ित ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से लिखित शिकायत की। डिप्टी सीएम के निर्देश पर महिला समेत तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

तलाबडा गांव निवासी विजेन्द्र पुत्र महेश पाल मजदूरी करके अपनी गुजर बसर कर रहा था।लगभग एक बर्ष पूर्व भोजराज पुत्र मटरू व प्रीति पत्नी भोजराज ने शादी कराने का झांसा देकर कहा कि हम तेरी शादी करा देंगे जिसके लिए डेढ़ लाख रुपए खर्च करने पड़ेंगे। विजेन्द्र ने लोगों से कर्ज लेकर डेढ़ लाख रुपए की व्यवस्था की। प्रीति ने अपने साथी अजरूद्दीन इस्लाम के खाते में बैंक से डेढ़ लाख रुपए डलवा लिए। आरोप है कि जब विजेन्द्र ने शादी कराने को कहा तो उपरोक्त लोगों ने 50 हजार रुपए और मांग कर दी। विजेन्द्र और रूपयों की व्यवस्था न होने पर अपनी रकम वापस मांगी तो इन्होंने रकम देने से साफ इंकार कर दिया। विजेन्द्र ने इस घटना की सूचना 20 अप्रैल 2025 को आदमपुर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद से शिकायत कर अपनी रकम वापस कराने तथा उपरोक्त के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई। डिप्टी सीएम के निर्देश पर आदमपुर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बारिश व ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान

## सरसो व गेहूं की फसल तबाह, किसान परेशान, बेमौसम ओलावृष्टि ने लौटाई ठंड





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। तहसील क्षेत्र में बीती रात मौसम ने अचानक करवट बदल ली।जिससे जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। रात करीब 2:00 बजे गरज-चमक के साथ शुरू हुई बारिश के बीच करीब आधा घंटे तक भीषण ओलावृष्टि हुई है। बेमौसम हुई इस ओलावृष्टि ने जहाँ कड़ाके की ठंड को वापस ला दिया है। वहीं अन्नदाताओं के चेहरे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। क्षेत्र के ओगपुरा, ढबारसी और भीमा सुल्तानपुर सहित कई गांवों में ओलों की सफेद चादर बिछ गई। ओलों के गिरने का सिलसिला करीब 30 मिनट तक जारी रहा।

जिससे खेतों में खड़ी सरसों और गेहूं की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। सरसों की फलियां झड़ गई है। और गेहूं की बालियों को भी क्षति पहुंची है। किसानों का कहना है कि इस समय फसल पकने की ओर थी। लेकिन कुदरत की इस मार ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया है।ओलावृष्टि और ठंडी हवाओं के चलते क्षेत्र के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। रात का तापमान लुढ़क कर 12 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। सुबह से ही चल रही बर्फीली हवाओं के कारण लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं। सड़कों पर सन्नाटा पसरा है और लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान ने चिंता और बढ़ा दी है। विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों तक मौसम का मिजाज इसी तरह बिगड़ा रहेगा। तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि की संभावना बनी हुई है, जो कृषि और स्वास्थ्य दोनों के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो सकती है।

# ब्यूटी पार्लर संचालिका प्रेमी के साथ फरार

## विधवा की तहरीर पर प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। प्रेम प्रसंग के चलते ब्यूटी पार्लर संचालिका अपने प्रेमी के साथ फरार हो गयी। विधवा मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां रहने वाली एक विधवा महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे उसकी बेटी अपने ब्यूटी पार्लर जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटी। काफी तलाश किया लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बताया है कि दो दिन पहले उन्होंने अपनी बेटी को नन्हे उर्फ बहादुर से फोन पर बात करते हुए पकड़ा था, जिससे युवक पर संदेह हुआ। वहीं, गांव में दोनों को प्रेम प्रसंग का भी चर्चा है। प्रभारी निरीक्षक हरिशबर्धन सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरा. पी को जल्दी गिरफ्तार करते हुए युवती को बरामद कर लिया जाएगा।

# धूमधाम से निकाली संत शिरोमणि शोभायात्रा

## कई स्थानों पर हुआ भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज सेवा समिति द्वारा धूमधाम से शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। रविवार को नगर के शिव मंदिर कोट पश्चिमी मोहल्ला खेवान से सेवा समिति कार्यकारिणी के सदस्य फतेहचंद की अध्यक्षता में संत शिरा. मणि गुरु रविदास महाराज का 655 वा जन्मदिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाते हुए शहर में शोभा यात्रा निकाली। शोभा यात्रा का अंबेडकर विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य पीठ खेड़ा की प्रधान लता सागर एवं रामव. ीर सिंह के द्वारा किया गया। शोभा यात्रा गौशाला चौराहा आत्माराम कुंड रहरा रोड से वापस होते हुए पंसारा बाजार अंबेडकर पार्क पहुंची तथा वहां पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उसके बाद आखून चौक लाल मस्जिद से वापस शिव मंदिर पर पहुंचकर समापन हो गया। शोभा यात्रा में संत शिरोमणि गुरु रविद. ास के अलावा कई अन्य झांकियां भी मौजूद थी। इस अवसर पर अध्यक्ष फतेहचंद, मनोज कुमार उपाध्यक्ष, ओमकार, कुलवंत, अंकुर सेठी, नवल कुमार जाटव राजेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सुशील भगत जी जी मलुवा सिंह, प्रीतम सिंह, बबलू सिंह, आसाराम, दिनेश कुमार, कुलवंत सांवरिया, भोला जाटव, दिनेश कुमार, कलुआ, राजीव कुमार, सोनू जाटव, चंचल सागर, अजब सिंह, महिपाल सिंह, पवन कुमार जाटव आदि मौजूद थे।

# सिपाही के घर से तीन बैटरे चोरी

## महिला से कुंडल लूट में खाकी के हाथ खाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रजबपुर**। सिपाही के घर से चोरों ने 70 हजार रूपये कीमत के तीन बैटरे चोरी कर लिये। उधर महिला से दिनदहाड़े कुंडल लूट का पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर पायी है।

ताजा मामला गांव मंगूपुरा का है, जहां एक सिपाही के घर से चोरों ने 70 हजार रुपये की कीमत के तीन बैट्रे चोरी कर लीं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना शुक्रवार रात की है। पीड़ित हरपाल सिंह के अनुसार, उनका बेटा विवेक कुमार यूपी पुलिस में सिपाही है। वर्तमान में जिसकी तैनाती सीतापुर जिले में है। 29 जनवरी को दिन में तीनों बैट्रे घर में सुरक्षित रखे थे। लेकिन रात में अज्ञात चोरों ने तीनों बैट्रे चोरी कर लिए। परिवार के लोगों को घटना की जानकारी सुबह जागने पर हुई। चोरी हुए बैट्रे में इनवर्टर की दो बड़े बैट्रे और एक अलग रखा बैट्रा शामिल था। थानाध्यक्ष कोमल तोमर ने बताया कि दो बैट्रे बरामद हो गए हैं, एक की तलाश की जा रही है। गौरतलब है कि शुक्रवार को दिनदहाड़े गांव शकरपुर समसपुर निवासी एक महिला से तीन बदमाशों ने कानों से करीब 80 हजार रुपये के कुंडल लूट लिए थे। पुलिस ने मामले में अब मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।



गजरौला। माघ पूर्णिमा के अवसर पर ब्रजघाट स्थित गंगा में आस्था की डुबकी लगाते श्रद्धालु।

### ब्रजघाट व तिगरी दोनों गंगा तटों पर उमड़े श्रद्धालु

# माघ पूर्णिमा पर लगाई आस्था की डुबकी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। माघ पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। स्नान के दौरान गंगा घाट गंगे मैया के जयकारों से गूंजते रहे। सुबह के समय बारिश के चलते श्रद्धालुओं की संख्या कम जबकि पूर्वान्ह में धूप निकलने के बाद काफी बढ़ गई।

रविवार को माघ पूर्णिमा पर ब्रजघाट में सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। सुबह दस बजे तक तो बारिश के कारण भीड़ कम ही रही मगर पूर्वान्ह में जब मौसम साफ हुआ और धूप निकली तो श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ गई। दोपहर में

### पूर्वान्ह में धूप निकलने के बाद बढ़ी रौनक

श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच गंगा तट भर गया। केवल अमरोहा जनपद ही नहीं बल्कि हापुड़, गाजियाबाद, मुरादाबाद, दिल्ली तक के श्रद्धालु ब्रजघाट में पहुंचे। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने पुरोहितों के द्वारा भगवान सत्यनारायण की कथा व हवन यज्ञ कराया। गंगा में फूल प्रसाद चढ़ाकर सुख समृद्धि की कामना की। इधर, तिगरी में भी भोर से ही पूर्णिमा का स्नान शुरू हो गया था। यहां भी श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगा कर पुण्य लाभ कमाया। तिगरी में ग्रामीण आंचलिक क्षेत्रों के श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा देखने को मिली। श्रद्धालु निजी वाहनों के साथ साथ ट्रैक्टर ट्रालियों आदि के माध्यम से तिगरी पहुंचे। दोनों ही स्थानों पर श्रद्धालुओं के भोजन की व्यवस्था के लिए भंडारे भी आयोजित किए गए। सुरक्षा के द्रष्टिगत दोनों स्थानों पर पुलिस तैनात रही। वहीं माघ पूर्णिमा के बारे में तिगरी निवासी पंडित गंगाशरण शर्मा ने बताया कि माघ पूर्णिमा का हिन्दू धर्म में विशेष महत्तव है। इस दिन गंगा में स्नान करने और निर्धनों और जरूरतमदों को दान देने से हमारे घर में सुख और स्मृद्धि बढ़ती है।

# छात्र को बेरहमी से पीटने में चार पर रिपोर्ट

## 17 दिन पहले रास्ते में घेरकर पीटा था

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। 17 दिन पूर्व छात्र को बेरहमी से पीटने के मामले में पुलिस ने चार को नामजद करते हुए कई अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। छात्र की हालत अभी भी गंभीर बनी है।

मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव मालीपुर से जुड़ा है। यहां गुरुवचन सिंह का परिवार रहता है। उनका बेटा शांतनु कैलसा रोड पर गांव भजनपुरा स्थित जीपीएस एकेडमी में कक्षा दस का छात्र है। स्कूल में अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं। 14 जनवरी को शांतनु अर्द्धवार्षिक परीक्षा देने स्कूल गया था। परीक्षा देने के बाद वह बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहा था। आरोप है कि दोपहर लगभग डेढ़ बजे जैसे ही शांतनु गांव पचोकरा के पास पहुंचा तभी स्कूल में ही पढ़ने वाले एक छात्र ने अपने साथियों के साथ मिलकर शांतनु को घेर लिया, आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। अचानक हुए हमले में जैसे ही शांतनु की बाइक गिरी तभी आरोपियों ने उस पर लाठी-डंडे और हॉकी से हमला कर दिया। इतना ही नहीं जान से मारने की नीयत से बाइक से कुचलने का भी प्रयास किया। हमले में शांतनु गंभीर घायल हो गया।आरोपी अधमरी हालत में उसे मरा हुआ समझ धमकी देते हुए चले गए। घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों ने शांतनु को अमरोहा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने सीटी स्कैन और एक्सरे कराया तो उसके दिमाग में चोट मिली जबकि पांच पसलियां टूटी हुई मिलीं, इतना ही नहीं पैर की हड्डी भी फ्रैक्चर थी। सदमे में शांतनु कोमा में चला गया। चिकित्सक ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। शांतनु की हालत नाजुक बनी है। मामले में मां पिंकी देवी ने थाने में तहरीर दी थी। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि मामले में चार नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बजट को किसी ने सराहा तो किसी ने नकारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा में पेश किये गये बजट पर पक्ष एवं विपक्ष ने अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं व्यक्त की है।

शनिवार को लोकसभा में पेश किये गये बजट पर बोलते हुए जिला सहकारी बैंक के निदेशक राहुल राणा ने इसका स्वागत कर वित्त मंत्री की सराहना करते हुए कहा कैंसर की 17 दवाओ पर से आयात शुल्क हटाया है इसका लाभ मरीजों को मिलेगा। देश में करीब 800 जिलों में गर्ल्स हॉस्टल हर जिले



में एक हॉस्टल बनेगा। नया विचार नई ऊर्जा फाउंडेशन के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा रालोद के क्षेत्रीय महासचिव मुजाहिद चौधरी



ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा बजट देश के आम नागरिकों के कल्याण और विकास पर केंद्रित है। महिलाओं



किसानों और गंभीर बीमारियों से ग्रस्त नागरिकों, पर्यटकों को प्राथमिकता दी गई है। लड़कियों के लिए प्रत्येक जिले में



हॉस्टल का प्रावधान, सीएनजी, बायोगैस, सोलर, जूते, शुगर,कैंसर आदि गंभीर बीमारियों की दवाइयां को सस्ता किया जाना स्वागत योग्य कदम है। भाकियू बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह भाटी ने केंद्र सरकार के बजट पर कहा इससे किसानों को कुछ मिलने वाला नहीं है। और न ही बजट में किसानों के लिए कुछ रखा गया है। भाकियू अम्बावत के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार लोहिया ने केंद्र सरकार के बजट को लॉलीपॉप करार दिया है। कहा इस बजट से किसान की हालत सुधरने वाली नहीं है। इस बजट से किसान अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है।

### बजट में किसानों के साथ छलावा: महबूब



सदर विधायक एवं लोक लेखा समिति के सभापति महबूब अली ने कहा कि बजट मात्र एक छलावा है। क्योंकि इसमें किसानों के साथ अनदेखी की गयी है। उनके उत्पादों का लाभकारी मूल्य नहीं मिल रहा। वहीं स्वास्थ्य पर भी सरकार कोई खास ध्यान नहीं दे रही। शिक्षा की हालत लगातार दिन प्रतिदिन पिछड़ रही है। सरकार केवल अपने उद्योग पति मित्रों को लाभ पहुंचा रही है। आम आदमी को इस बजट से कोई लाभ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि यह सरकार किसान, गरीब व मजदूर विरोधी है।

### बजट में सभी वर्गो का हित: डा. ढिल्लो



शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा पेश किया गया बजट सबका साथ, सबका विकास व सबके विश्वास के संकल्प को मजबूती प्रदान करता है। बजट में कृषि व ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देने के अलावा किसानों की आय बढ़ाने, आधुनिक तकनीक, डिजिटल कृषि, पशुपालन व मत्स्य को बढ़ावा देने के प्रावधान किये गये हैं तथा शिक्षा व कौशल विकास में निवेश कर स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक गुणवत्ता बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया है।

### बजट ने किया सभी को निराश: कमाल



पूर्व मंत्री एवं कांठ से विधायक कमाल अख्तर ने केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को जनविरोधी और निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट आम आदमी, किसानों, मजदूरों और मध्यम वर्ग की उम्मीदों पर पूरी तरह खरा नहीं उतरता। किसान खाद, बीज और डीजल की बढ़ती कीमतों से परेशान हैं, लेकिन उनके लिए बजट में सिर्फ दिखावटी घोषणाएं की गई हैं। यह बजट देश को मजबूत करने वाला नहीं, बल्कि जनता पर बोझ बढ़ाने वाला बजट है।

### दूरदर्शी व जन कल्याणकारी बजट: तरारा



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता. रमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला दूरदर्शी एवं जनकल्याणकारी बजट है। यह बजट गरीब, किसान, युवा, महिला एवं मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण पर केंद्रित है। बजट में रोजगार सृजन, कृषि व ग्रामीण विकास, अधोसंरचना, शिक्षा स्वास्थ्य और आत्मनिर्भर भारत को प्राथमिकता दी गई है। मध्यम वर्ग को राहत देने वाले प्रावधानों के साथ उद्योग को प्रोत्साहन देकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती दी गई है।

### बजट में बेरोजगारी का कोई जिक्र नहीं: अशफाक



सपा के पूर्व विधायक अशफाक अली खां ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट जनता की उम्मीदों से कोसों दूर है तथा आम जनता की समस्याओं को हल करने के बजाय उन्हें और गहराने वाला है। देश में बेरोजगारी और महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ रखी है, लेकिन बजट में न तो युवाओं के लिए स्थायी रोजगार की कोई ठोस योजना है और न ही महंगाई पर लगाम लगाने का कोई स्पष्ट रोडमैप। बजट में किसानों की एमएसपी, सिंचाई और बिजली जैसे बुनियादी मुद्दों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया है।

### बजट मात्र लॉलीपॉप: परवेज



पूर्व एमएलसी परवेज अली ने केंद्र सरकार के बजट को जनता को बहलाने वाला लॉलीपॉप करार दिया। उन्होंने कहा कि बजट में न युवाओं की नौकरी को लेकर कोई ठोस योजना दिखाई देती है, न छोटे व्यापारियों और कारोबारियों को राहत दी गई है और न ही अमरोहा जिले के विकास के लिए कोई विशेष प्रावधान रखा गया है। यह बजट आम जनता की समस्याओं से मुंह मोड़ने वाला और सिर्फ खोखले वादों पर आधारित है। उन्होंने यह भी कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है, लेकिन बजट में उस पर काबू पाने के लिए कोई प्रभावी कदम नजर नहीं आता।

# आत्महत्या के लिए उकसाने में रिपोर्ट

## पांच माह पहले युवक की थी आत्महत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में अदालत के आदेश पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया है।

मामला नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव याहियापुर से जुड़ा था। गांव में धर्मपाल सिंह का परिवार रहता है। उनके बेटे हरवेंद्र का गांव मखदुमपुर के रहने वाले मारूफ के पास आना-जाना था। मारूफ लॉटरी का काम करता है। लोगों की कमेटी बनाकर पैसे जमा करता है। हरवेंद्र के भी दो कमेटी के पैसे मारुफ पर थे। आरोप है कि मारूफ हरवेंद्र के रुपये वापस नहीं कर रहा था। 13 जुलाई 2025 को हरवेंद्र के पास मारूफ का फोन आया था। मारुफ ने हरवेंद्र को कमेटी के पैसे ले जाने की बात कह कर घर बुलाया था। उन्हें बीज और दवाई की दुकानदार के रुपये देने थे लिहाजा हरवेंद्र घर से 70 हजार रुपये लेकर गए थे, लेकिन शाम को वापस नहीं लौटे। फोन करने पर उनकी कॉल रिसीव नहीं हो रही थी। लिहाजा परिजनों ने हरवेंद्र सिंह की तलाश शुरू कर दी। जैसे ही परिवार के लोग हरवेंद्र को गांव पीलाकुंड की तरफ तलाश करते हुए पहुंचे तो यहां रामनिवास के खेत में सेमल के पेड़ के सहारे रस्सी के फंदे पर हरवेंद्र का शव लटका हुआ था। गले में रस्सी का फंदा कसा हुआ था। परिजनों ने तुरंत हरवेंद्र को फंदे से उतारा तो उनकी मौत हो चुकी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान पुलिस ने हरवेंद्र का मोबाइल को अपने कब्जे में ले लिया था। 11 जुलाई 2025 को थाना पुलिस ने हरवेंद्र का फोन वापस किया। इस दौरान परिवार के लोगों ने हरवेंद्र के मोबाइल के व्हाट्सएप की चौट देखी तो उनके होश उड़ गए। पिता धर्मपाल सिंह के मुताबिक व्हाट्सएप चैट में पांच मैसेज थे, जिसमें लिखा था कि मारूफ आज तूने अच्छा नहीं किया मेरे 70 हजार रुपये छीन कर, ये रुपये घर वालों के थे, अब मैं क्या करूं बता, मेरे पास कोई रास्ता नहीं है सुसाइड के अलावा। मैं तेरी वजह से मर रहा हूं मारुफ बस और कोई बात नहीं है। हालांकि, यह मैसेज मारूफ के पास डिलीवर्ड नहीं हो सके थे। मामले में धर्मपाल सिंह ने शिकायत पुलिस से की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। लिहाजा उन्होंने कोर्ट की शरण ली। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि मामले में सीजेएम कोर्ट के आदेश पर मारुफ के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# हिन्दू समाज को एक सूत्र में बांधने का संकल्प, जागृति सम्मेलन में भरा जोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सनातन धर्म सभा में आयोजित हिन्दू जागृति सम्मेलन में गांधी गंज, माता मोहल्ला, गोपी पूरा एवं खाई बस्ती के हिन्दू परिवारों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती शिशु मंदिर की बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत जन चेतना कार्यक्रमों 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' और 'ऐसा देश है मेरा' के माध्यम से किया गया, जिससे समाज में जागरूकता का संदेश दिया गया।

सम्मेलन में सुप्रसिद्ध कवि एवं गायक श्रेयस्कर गौड ने देशभक्ति और हिंदुत्व से ओतप्रोत गीतों की प्रस्तुति देकर वातावरण को राष्ट्रभाव से सराबोर कर दिया। उनकी विशेष प्रस्तुति 'मैं रहूं या न रहूं ये देश रहना चाहिए', 'गंगा मन में नहीं कर्म में बसाना चाहिए', स्वच्छता संदेश आधारित गीत और 'वंदे मातरम' को श्रोताओं ने खूब सराहा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत व्यवस्था प्रमुख विनय ने सभागार को संबोधित करते हुए हिन्दू एकता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि संघ ने अपनी 100 वर्ष की यात्रा में अनेक कठिनाइयों को पार करते हुए समाज निर्माण के लिए शिक्षा, विद्यार्थी, राजनीति, मजदूर, वनवासी समाज, किसान, अधिवक्ता, वैज्ञानिक, कलाकार और प्रबुद्ध वर्ग से जुड़े संगठनों के माध्यम से सेवा कार्यों को विस्तार दिया है। उन्होंने समाज से आहवान किया कि केवल सत्ता परिवर्तन की अपेक्षा न करते हुए जाग्रत समाज के माध्यम से परिवर्तन की दिशा में कदम बढ़ाए जाएं। साथ ही पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्व आधारित जीवन शैली और नागरिक कर्तव्य बोध को जीवन में उतारने का संदेश दिया। आशीर्वचन देते हुए श्रद्धेय स्वामी महेश गिरी ने कहा कि हिन्दू जीवन मूल्यों, हिन्दू परिचय और हिन्दू ग्रंथों के अनुशीलन से संस्कारों की नींव मजबूत होती है, जिससे सशक्त समाज का निर्माण संभव है।




कार्यक्रम का समापन अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार कपड़े वालों ने किया। संचालन सौरभ साबू, समिति के सचिव सीए नितेश माहेश्वरी एवं राजीव सिंघल ने संयुक्त रूप से किया। सम्मेलन में योगेंद्र मोनू, विकास जैन, नितिन आज़ाद (बंग्ला स्वीट्स), सुधांशु माहेश्वरी, विशाल कंसल, विनोद गुप्ता, आशुतोष रस्तोगी, नवीन भाई, दीपेश जैन, अर्चना कंसल, सारिका, मोहित तेल वाले, आचार्य सर्वेश, विकास गर्ग, निशा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# हापुड़ मेरठ रोड क्षेत्र से नाबालिग लापता, परिवार ने लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**हापुड़।** सिटी कोतवाली क्षेत्र से एक नाबालिग किशोरी के लापता होने का मामला सामने आने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने एक युवक, उसकी मां और तीन अन्य लोगों के खिलाफ अपहरण सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने किशोरी की बरामदगी के लिए टीमें गठित कर सघन तलाश शुरू कर दी है।

आदर्श नगर कॉलोनी निवासी पीड़िता की मां मेरठ रोड फाटक के पास मूंगफली का ठेला लगाकर परिवार का पालन-पोषण करती हैं। महिला ने आरोप लगाया कि 16 जनवरी को उनकी 16 वर्षीय बेटी ठेले पर मौजूद थी। इसी दौरान मोहल्ले का रहने वाला नाजीम किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। बताया गया है कि नाजीम मूल रूप से चंदौसी, संभल का निवासी है और वर्तमान में मेरठ रोड क्षेत्र में रह रहा था। काफी देर तक बेटी के घर वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पीड़िता की मां ने हापुड़ नगर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि नाजीम के साथ उसके भाई नासिर, फिरदस, उसकी पत्नी शकीना और मां जैबुनिशा ने भी अपहरण की साजिश में सहयोग किया।

परिजनों द्वारा जानकारी लेने पर आरोपियों ने कथित तौर पर धमकी देते हुए कहा कि लड़की वापस नहीं मिलेगी और ज्यादा दबाव बनाने पर जान से मारने व झूठे मुकदमों में फंसाने की चेतावनी दी गई। पीड़िता की मां ने यह भी बताया कि इससे पहले 22 अक्टूबर 2025 को भी उनकी बेटी को कथित रूप से उठा लिया गया था, जिसे पुलिस ने बाद में बरामद कर परिवार को सौंपा था। इस बार दोबारा घटना होने से परिवार दहशत में है। तहरीर में जैबुनिशा पर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होने के भी आरोप लगाए गए हैं। कोतवाली प्रभारी विनोद पांडेय ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। किशोरी की तलाश के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# वोट कटौती की राजनीति कर रही सरकार: आप प्रवक्ता सीएम चौहान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद हापुड़ में आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सीएम चौहान ने रविवार को कैंप कार्यालय पर प्रेसवार्ता कर केंद्र व प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने एसआईआर SIRऔर यूजीसी UGC से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए आरोप लगाया कि सरकार सुनियोजित तरीके से मतदाताओं के अधिकारों पर कुठाराघात कर रही है।

सीएम चौहान ने कहा कि जहां भी चुनाव या मतदान की प्रक्रिया होती है, वहां सरकार अपनी हार की आशंका के चलते विपक्ष के मजबूत इलाकों में वोट काटने की रणनीति अपनाती है।

उन्होंने कहा कि यह बेहद चिंताजनक है कि लोकतंत्र में जनता की आवाज को दबाने के लिए मतदाता सूची में हेरफेर की जा रही है। विपक्ष समर्थक क्षेत्रों में लोगों को 'घुसपैठिया' बताकर उनके नाम वोटर लिस्ट से हटाए जा रहे हैं। यह न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों का उल्लंघन है, बल्कि संविधान द्वारा प्रदत्त मताधिकार पर सीधा हमला भी है। सरकार सत्ता बचाने के लिए जनता के अधिकारों के साथ खिलवाड़ कर रही है, जिसे आम आदमी पार्टी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। एसआईआर और यूजीसी के मुद्दों पर बोलते हुए सीएम चौहान ने कहा कि शिक्षा और विकास से जुड़े इन महत्वपूर्ण संस्थानों में पारदर्शिता का गंभीर अभाव दिखाई दे रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इन संस्थानों को भी राजनीतिक हस्तक्षेप का अड्डा बना रही है, जिससे युवाओं का भविष्य अंधकार की ओर धकेला जा रहा है। उन्होंने मांग की कि शिक्षा व्यवस्था को राजनीति से दूर रखा जाए और योग्य छात्रों व शिक्षकों के हितों की रक्षा की जाए। सीएम चौहान ने कहा कि सरकार विकास की बात करने के बजाय जनता को गुमराह करने और विपक्ष के मतदाताओं को निशाना बनाने में जुटी हुई है। जिन क्षेत्रों में सरकार को जनता का



समर्थन कमजोर दिखता है, वहां 'घुसपैठिया' जैसे शब्दों का सहारा लेकर लोगों को उनके अधिकारों से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है। यह नीति लोकतंत्र को कमजोर करने वाली है और इससे देश की राजनीतिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

सीएम चौहान ने कहा कि सरकार को अपनी हार का डर सता रहा है, इसलिए वह जनता की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। एसआईआर और यूजीसी जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों में भी पारदर्शिता नहीं है। शिक्षा के क्षेत्र में राजनीति घुसाकर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी यह साफ कहना चाहती है कि हम लोकतंत्र की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेंगे और जनता के मताधिकार की रक्षा हर हाल में करेंगे। प्रेसवार्ता के दौरान पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने एक स्वर में सरकार की नीतियों का विरोध करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया।

# यूजीसी कानून के खिलाफ उबाल, पैदल मार्च कर सरकार को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** तहसील क्षेत्र में रविवार को यूजीसी कानून के खिलाफ विरोध का सिलसिला तेज हो गया। महाराणा प्रताप स्वाभिमानी मंच के आहवान पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकालकर सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश जताया। यह मार्च ग्राम डहाना स्थित आशीर्वाद फार्म हाउस से प्रारंभ होकर थाना कपूरपुर तक पहुंचा, जहां प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन थाना प्रभारी रघुराज सिंह को सौंपा गया।



प्रदर्शनकारियों ने यूजीसी कानून को जनविरोधी करार देते हुए कहा कि यह सामाजिक समरसता को कमजोर करने वाला है। उनका आरोप था कि यह कानून समाज को विभिन्न वर्गों और जातियों में बांटने का काम कर रहा है, जिससे आपसी भाईचारे और सौहार्द पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने लोकतांत्रिक तरीके से नारेबाजी कर सरकार से कानून को तत्काल वापस लेने की मांग की। महाराणा प्रताप स्वाभिमानी मंच के संयोजक राजकुमार सिसोदिया ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस कानून को लागू कर देश को गंभीर सामाजिक तनाव की ओर धकेल दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का यह कदम 'सबका साथ, सबका विकास' के नारे के विपरीत है और समाज को जोड़ने के बजाय बांटने का कार्य कर रहा है। सिसोदिया ने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस कानून पर रोक लगाया जाना इसकी गंभीर खामियों को उजागर करता है। इसके बावजूद सरकार का रुख कठोर बना हुआ है, जो चिंताजनक है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यूजीसी कानून शीघ्र वापस नहीं लिया गया, तो मंच चरणबद्ध और व्यापक आंदोलन शुरू करेगा, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह सरकार की होगी। पैदल मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों ने शांति और अनुशासन बनाए रखते हुए अपनी मांगें रखीं। पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखते हुए पूरे कार्यक्रम पर नजर बनाए रखी।

# संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती श्रद्धा और उत्साह से मनाई गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना कस्बे में संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती बुधवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कस्बे के विभिन्न स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रमों में सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश प्रमुखता से देखने को मिला। आयोजकों द्वारा सभी वर्गों के लोगों को भंडारे में आमंत्रित किया गया, जिससे गुरु रविदास जी की समानता और मानवता की शिक्षाओं का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत हुआ। इस अवसर पर कस्बे के समाजसेवी अंकित गौतम ने गुरु रविदास के जीवन और विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत रविदास ने समाज को भेदभाव से ऊपर उठकर प्रेम, करुणा और समानता का मार्ग दिखाया। अंत में आयोजकों ने शांतिपूर्ण एवं सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गंगाराम, संजू गौतम, मोहनलाल, नानक सिंह, वरुण कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।



# किसान यूनियन लोकहित का शक्ति विस्तार, हक की निर्णायक लड़ाई का ऐलान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन लोकहित ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में शनिवार को बड़ा कदम उठाते हुए ग्राम उबारपुर में व्यापक स्तर पर विस्तार किया। युवा जिला अध्यक्ष मुक्तादिर हुसैन के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के माध्यम से संगठन ने स्पष्ट संदेश दिया कि किसानों के हितों की अनदेखी अब किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी अभिषेक तेवतिया ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय किसान यूनियन लोकहित किसानों की आवाज को दबाने वाली किसी भी नीति, व्यवस्था या तंत्र के खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा कि यदि किसानों के अधिकारों से खिलवाड़ किया गया तो संगठन हर स्तर पर आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगा। किसानों के सम्मान और



अधिकारों की रक्षा के लिए निर्णायक संघर्ष छेड़ा जाएगा। जिला अध्यक्ष प्रशांत त्यागी ने कहा कि अब संगठन केवल बयानबाजी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि हर अन्याय का जवाब संगठित आंदोलन के माध्यम से दिया जाएगा। उन्होंने किसानों से एकजुट होने का आहवान करते हुए कहा कि संगठन किसानों के सम्मान, हक और अधिकारों की रक्षा के लिए हर कुर्बानी देने को तैयार है। कार्यक्रम के दौरान संगठन विस्तार के तहत कई नए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस मौके पर वक्ताओं ने दोहराया कि आने वाले समय में भारतीय किसान यूनियन लोकहित किसानों से जुड़े मुद्दों को लेकर निर्णायक लड़ाई लड़ेगी और किसी भी दबाव के आगे झुकने वाली नहीं है। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने एक स्वर में संगठन को मजबूत करने और आंदोलन को तेज करने का संकल्प लिया।

## एक नजर

### 64 लाख लूटने वाले लुटेरे पुलिस की गिरफ्त से दूर, थाना प्रभारी सहित दो दरोगा सस्पेंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा क्षेत्र में शनिवार दोपहर हाईवे-09 पर जीएस मेडिकल कॉलेज के पास स्कूटी सवार बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में एक चावल कारोबारी से फायरिंग कर लाखों रुपये लूट लिए। वारदात के बाद जिले में हड़कंप मच गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है, लेकिन घटना के दूसरे दिन भी बदमाश पुलिस की पकड़ से बाहर रहे। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीआईजी कलानिधि नैथानी ने देर रात सख्त कार्रवाई करते हुए कोतवाली प्रभारी श्योपाल सिंह और दो चौकी प्रभारियों को निलंबित कर दिया।

जानकारी के अनुसार पीड़ित कारोबारी राजेश मूल रूप से राजस्थान के सीकर जिले के निवासी हैं और वर्तमान में दिल्ली के केशवपुरम क्षेत्र में रह रहे हैं। वह हापुड़ के कसेरठ बाजार निवासी विभव शुक्ला के साथ मिलकर चावल का कारोबार करते हैं। शनिवार को राजेश ने हापुड़ स्थित एचडीएफसी बैंक से 64 लाख रुपये निकाले थे। यह रकम लेकर वह बाइक से दिल्ली जा रहे थे, जहां उन्हें व्यापार से जुड़े भुगतान करने थे। जैसे ही कारोबारी पिलखुवा में जीएस मेडिकल कॉलेज के पास फ्लाईओवर पर पहुंचे, तभी स्कूटी सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। एक बदमाश ने हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाई और दूसरे बदमाश ने रुपये से भरे दोनों बैग छीन लिए। वारदात को अंजाम देकर बदमाश तेज रफ्तार में फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही एडीजी भानु भास्कर, डीआईजी कलानिधि नैथानी, एएसपी विनीत भटनागर समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच के निर्देश दिए। पुलिस ने जिले और आसपास के क्षेत्रों में नाकाबंदी कराई तथा बदमाशों के रूट का पता लगाने के लिए 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, लेकिन देर शाम तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग सका। सूत्रों के अनुसार लूटी गई रकम को लेकर भी पुलिस जांच कर रही है। हालांकि पीड़ित ने 64 लाख रुपये लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई है, लेकिन चर्चा है कि बैंक से तीन बार में निकाली गई राशि कुल 84 लाख रुपये हो सकती है। इस पहलू को भी जांच में शामिल किया गया है। एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और विशेष टीमों को बदमाशों की तलाश में लगाया गया है। जल्द ही लूटकांड का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि घटना में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।



# दोघट व नैन स्पोर्ट्स एकेडमी बनीं कबड्डी लीग सीजन-2 की चैंपियन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** के.टी. स्टेडियम, मुबारकपुर में आयोजित तीन दिवसीय कबड्डी लीग में बॉयज़ और गर्ल्स दोनों वर्गों के फाइनल मुकाबलों ने दर्शकों को अंत तक रोमांच से बांधे रखा। बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों की मौजूदगी में लीग का भव्य समापन हुआ।

गर्ल्स वर्ग में कुल 8 टीमों ने भाग लिया। दिन की शुरुआत 5 लीग मुकाबलों से हुई, जिनके बाद सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच खेले गए। कुल मैचों के आधार पर 4 टीमें अपने-अपने ग्रुप की विजेता व रनर-अप बनकर सेमीफाइनल में पहुँचीं। पहले सेमीफाइनल में देवकृष्णा की टीम ने गौरीपुर को 24-14 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में नैन स्पोर्ट्स एकेडमी (बसी गांव) ने एसबीएस एकेडमी को 34-15 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें नैन स्पोर्ट्स एकेडमी (बसी गांव) ने देवकृष्णा को 27-26 के करीबी अंतर से हराकर बागपत कबड्डी लीग सीजन-2 (गर्ल्स वर्ग) की ट्रॉफी अपने नाम की। बॉयज़ वर्ग में कुल 7 मुकाबले खेले गए, जिनमें 4 क्वार्टर फाइनल, 2 सेमीफाइनल और फाइनल शामिल रहे। क्वार्टर व सेमीफाइनल मुकाबलों के बाद बिजरौल और दोघट की टीमें फाइनल में पहुँचीं। फाइनल मुकाबला (दोघट बनाम बिजरौल) पूरे टूर्नामेंट का सबसे रोमांचक मैच साबित हुआ। निर्धारित समय तक मुकाबला टाई रहा।







इसके बाद रेड के माध्यम से निर्णय हुआ, जिसमें 5-5 रेड के बाद 1 अंक की बढ़त बनाते हुए दोघट ने 23-22 के स्कोर से बिजरौल को पराजित कर बागपत कबड्डी लीग सीजन-2 (बॉयज़ वर्ग) की चैंपियन ट्रॉफी पर कब्ज़ा जमाया।

समापन समारोह में शिवकुमार त्यागी (विशिष्ट अतिथि, प्रांत प्रचारक आरएसएस), नरेश टिकैत (राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन-मुख्य अतिथि), कृष्णपाल (चेयरमैन, बागपत शुगर मिल), जितेंद्र (ब्लॉक प्रमुख, खेकड़ा), सोमेंद्र ढाका (अध्यक्ष, जाट समाज- बागपत), सतींद्र सिंह (ज्वाइंट सेक्रेटरी, उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन), शकृपाल गुरु, तेजपाल (आरपीएफ कोच - ऑल इंडिया), सतपाल (प्रधान, मुबारकपुर), भोपाल (खेकड़ा), शकुलदीप कुमार (जनपद न्यायाधीश), शजगपाल तेविया, जितेंद्र चौधरी (खाप चौधरी), अखिलेश कुमार (आईटीबीपी कबड्डी कोच), धीर सिंह (कबड्डी खिलाड़ी), रामउतार (चेयरमैन), नरेश प्रधान, शपरमेश्वर झा (सी.ए.), हैंवत (ब्लू स्टोन), तथा EaseMyTrip से अर्जुन एवं पंकज सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# क्षेत्रधिकारी ने माघी पूर्णिमा पर सुरक्षा व्यवस्था जांची

शाह टाइम्स

**शाहबाद/रामपुर** । माघी पूर्णिमा के पावन अवसर पर शाहबाद के ढाकुरिया गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुव्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन स्वयं मौके पर उपस्थित रहे और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गंगा घाट और रामगंगा पुल के नीचे हजारों श्रद्धालु गंगा स्नान करने पहुंचे। इस अवसर पर पुलिस और प्रशासन ने विशेष सतर्कता बरतते हुए पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किया। सुरक्षा व्यवस्था का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि स्नानार्थियों को किसी भी प्रकार की आपदा या दुर्घटना का सामना न करना पड़े स्नान स्थल पर पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय स्वयंसेवकों का संयुक्त प्रयास देखा गया। गंगा किनारे तैराक और गोताखोरों की टीमें तैनात





की गई थीं, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में तुरंत मदद की जा सके। इसके साथ ही, स्नानार्थियों को गहरे पानी में जाने से रोकने के लिए बैरिकेडिंग और चेतावनी बोर्ड लगाए गए थे।क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए कि वे किसी भी अप्रिय स्थिति से बचाव के लिए सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक अवसरों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और उन्हें किसी भी तरह की असुविधा या खतरे का सामना न करना पड़े, इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने भी प्रशासन और पुलिस की व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने बताया कि पहले के वर्षों में बड़े पर्वों और स्नान अवसरों पर कभी-कभी भीड़ नियंत्रण में समस्या आती थी, लेकिन इस बार व्यवस्थाएं व्यवस्थित और सुव्यवस्थित नजर आई स्नानार्थियों को सुरक्षित मार्गदर्शन और व्यवस्था की जानकारी देने के लिए स्थानीय स्वयंसेवक और प्रशासनिक कर्मचारी घाट पर तैनात रहे। इसके अलावा, घाट के आसपास के क्षेत्रों में यातायात को नियंत्रित करने के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई थी, ताकि श्रद्धालुओं को आने-जाने में कोई परेशानी न हो इस अवसर पर प्रशासन ने आम लोगों और श्रद्धालुओं से अपील की कि वे सुरक्षा नियमों का पालन करें और भीड़ में अनुशासन बनाए रखें। पुलिस ने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या सुरक्षा निर्देशों की अवहेलना पर कार्रवाई की जाएगी।

# कड़ाक का ठड आर घन कोहर का कहर शाहबाद समत आसपास के इलाकों में लोग और जानवर अलाव के सहारे



शाह टाइम्स
जहीर खान

**शाहबाद/रामपुर** । सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों और कस्बों में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का प्रकोप जारी है। शीतलहर के कारण लोग और बेजुबान जानवर ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेने को मजबूर हैं सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने से दृश्यता काफी कम हो गई है, जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सड़कों पर वाहनों की आवाजाही धीमी पड़ गई है और लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है दैनिक जीवन पर भी ठंड का गहरा असर पड़ा है। काम पर निकलने वाले लोग और अन्य ग्रामीण चाय की टपरियों और नुक्कड़ों पर अलाव के पास बैठकर ठंड से राहत पाने की कोशिश कर रहे हैं। कई लोग घरों में रहकर रजाई और अलाव का सहारा ले रहे हैं मनुष्यों के साथ-साथ बेजुबान जानवर भी इस भीषण ठंड से परेशान हैं। उन्हें भी खुले में आग के पास या घरों के आसपास ठंड से बचने का प्रयास करते देखा जा रहा है शाहबाद के अलावा, आसपास के अन्य क्षेत्रों में भी कोहरा और कड़ाके की ठंड का सिलसिला जारी है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

# शाहबाद के शिव मंदिर पर मूर्तियों की हुई प्रतिष्ठा





शाह टाइम्स

**शाहबाद/रामपुर**। नगर के मोहल्ला हकीमान स्थित शिव मंदिर पर मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा रविवार के दिन कराई गई। जिसमें सभी लोगों ने एक साथ बैठकर हवन किया और आरती भी की। शाम को भजन कीर्तन का कार्यक्रम रहा जिसमें लोगों ने धार्मिक गानों पर झूम झूम कर नृत्य भी किया। इसके साथ ही इस संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नगर शाहबाद के साथ सभी सनातनी सर्व समाज के लोगों का सहयोग रहा है। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष मुकेश चंद्र गुप्ता, अनिल रस्तोगी, सौरभ रस्तोगी, हरिओम गुप्ता, मोतीलाल बरनवाल, संजीव रस्तोगी, नरेश गुप्ता, राज कुमार सहित अनेकों पुरुष व महिलाएं रहे।

# शाहबाद में कुत्ते-बंदरों का आतंक, बाजार और ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ रही घटनाएं

शाह टाइम्स
जहीर खान

**शाहबाद/रामपुर** । क्षेत्र में कुत्ते और बंदरों का आतंक बढ़ गया है। आए दिन लोग इन जानवरों के हमलों का शिकार हो रहे हैं, जिससे वे घायल हो रहे हैं और क्षेत्र में दहशत का माहौल है बाजारों में महिलाएं और बच्चे भी सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। महिलाओं ने बताया घर में रखा हुआ सामान भी सुरक्षित नहीं बंदर



ओर कुत्ते घर में घुसकर हमला कर देते है। दुकानदार और फल विक्रेता बताते हैं



कि कुत्ते और बंदर उनके सामने से ही सामान उठाकर ले जाते हैं ग्रामीण क्षेत्रों से शाहबाद खरीदारी करने आने वाले लोगों ने बताया कि कई बार उनके हाथों से जरूरी सामान भी छीन लिया जाता है। यह समस्या अब क्षेत्र में एक आम बात हो गई है स्थानीय निवासियों ने नगर पंचायत प्रशासन से इस समस्या पर ठोस कदम उठाने की मांग की है ताकि लोगों को इन हमलों से बचाया जा सके और क्षेत्र में सुरक्षा बहाल हो।

# ग्रामीण क्षेत्र के लिए लाभकारी है बजट : काशिफ खां

शाह टाइम्स

**रामपुर** । किसानों, मजदूरों और गरीबों के लिए यह बजट ऐतिहासिक है। बजट 2026 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गरीब, किसान और ग्रामीण भारत पर विशेष ध्यान दिया है। वीबी-जीराम जी (मनरेगा) को सर्वाधिक 95,692.31 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। पीएम किसान योजना को 63,500 करोड़, आयुष्मान भारत को 9,500 करोड़ और पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना पर 2,27,429 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह बजट ग्रामीण मजदूरों, किसानों और कमजोर परिवारों को सीधा लाभ पहुंचाएगा।

**काशिफ खां, महासचिव,राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन**



आशुतोष यादव समाजसेवी, नगर पंचायत ओर प्रशासन को कोई ठोस कदम उठाना चाहिए इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए।

# टांडा के अहम चौराहे पर सार्वजनिक शौचालय ना होने से जनता परेशान

शाह टाइम्स

**टांडा**। नगर के सबसे व्यस्त चौराहे पर सार्वजनिक शौचालय की सुविधा न होने से आमजन की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। कोतवाली, बस अड्डा और पशु चिकित्सालय जैसे महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान इसी क्षेत्र में स्थित हैं, जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग आते-जाते हैं। बावजूद इसके यहां बुनियादी सुविधा का अभाव नगर व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पुराने शौचालय को जर्जर बताकर करीब छह माह पहले ध्वस्त कर दिया गया था। उस दौरान नगर पालिका ने नए और आधुनिक शौचालय के निर्माण का भरोसा दिलाया और इसके लिए टेंडर प्रक्रिया भी पूरी की गई। लेकिन समय बीतने के बावजूद न तो निर्माण कार्य शुरू हो सका और न ही किसी वैकल्पिक व्यवस्था की गई।

> इस संबंध में पालिकाध्यक्ष साहिबा सरफराज ने बताया कि पुराने शौचालय को जर्जर होने के कारण हटाया गया था और नए निर्माण के लिए टेंडर भी निकाला गया था। हालांकि अब पीडब्ल्यूडी ने उस स्थान पर निर्माण की अनुमति नहीं दी है। नगर पालिका वैकल्पिक भूमि तलाश रही है और जल्द ही नई जगह पर शौचालय का निर्माण कराया जाएगा।
>
> **साहिबा सरफराज**
> **नगर पालिका अध्यक्ष**
> **टांडा, जिला रामपुर**



स्थिति यह है कि यात्रियों, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है। मजबूरी में लोग आसपास की दुकानों या खुले स्थानों का रुख करते हैं, जिससे गंदगी फैल रही है और स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही है। दुकानदारों का कहना है कि असुविधा के कारण ग्राहक रुकने से कतराते हैं, जिससे व्यापार पर भी असर पड़ रहा है। व्यापारियों और राहगीरों का कहना है कि व्यस्त चौराहे और बस अड्डे जैसे स्थान पर शौचालय न होना नगर की छवि को भी नुकसान पहुंचा रहा है। लोगों ने मांग की है कि जब तक स्थायी निर्माण न हो, तब तक अस्थायी शौचालय की व्यवस्था की जाए।

# दो दिवसीय वॉलीबॉल टूनार्मेंट का मानपुर उत्तरी मे हुआ आयोजन



शाह टाइम्स

**मसवासी**। मसवासी क्षेत्र के गांव मानपुर उत्तरी मे दो दिवसीय वॉलीबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया जिसमे सोलहा टीमे भाग लेगी जिसका शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य खलील अहमद व जिला पंचायत सदस्य रियासत अली ने फीता काटकर किया जिसमे रविवार को मानपुर बिंजारखाता लाडपुर ठाकुरद्वारा बाजपुर हस्सन का मझरा सहित छह टीमो ने भाग लिया जिसमे चार टीमो ने जीत हासिल की जो कि सोमवार को फाइनल मैच मे हिस्सा लेगी इस दौरान साजिद प्रधान पूर्व प्रधान जरनैल सिंह शकील अहमद अंसारी जिला सचिव अपना दल एस आसिम मिया, आरिफ जमशेद आलम आसू रहीम अहमद शमीम अहमद मौजूद रहे।

# शाहबाद सीएचसी क्षेत्र की पांचों पीएचसी पर लगा मुख्यमंत्री आरोग्य मेला

## पांचों पीएचसी पर167 रोगियों का हुआ परीक्षण





शाह टाइम्स

**शाहबाद** । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में कुल मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं और आवश्यक दवाइयां प्रदान की गईं मेले में डॉक्टरों ने मरीजों की जांच की और उन्हें उचित परामर्श दिया। इस दौरान मौसम में हो रहे बदलाव के कारण सर्दी, जुकाम और बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक रही, जिन्हें विशेष रूप से उपचार दिया गया सीएचसी अधीक्षक डॉ. मोहित रस्तोगी के नेतृत्व में पांचों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर यह मेला आयोजित हुआ। सभी डॉक्टरों ने मरीजों को मौसम परिवर्तन से बचाव के संबंध में



महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अचानक ठंड बढ़ने और धूप निकलने जैसी स्थितियां सर्दी-जुकाम जैसी बीमारियों का कारण बन सकती हैं। उन्होंने सभी को मौसम के बदलाव से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी।शाहबाद सीएचसी क्षेत्र की पांचों पीएचसी पर लगे मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 167 मरीजों का परीक्षण हुआ जांच के बाद दवा वितरित की गई। शाहबाद सीएचसी क्षेत्र में ढकिया रमपुरा बड़ा गांव सैफनी पटवाई में मेले में पांचों पीएचसी पर 167 मरीज देखे गए।जिसमें ढकिया पर 35 रमपुरा पर 24 बड़ागांव पर 45 सैफनी पर 24 पटवाई में 39 मरीजों का परीक्षण हुआ।

# बारिश की बजह से साप्ताहिक बाजार में गंदगी को लेकर दुकानदारों में भारी रोष

## स्वच्छ भारत स्वच्छ अभियान को भी लगाया जा रहा पलीता कर्मचारी लापरवाह





शाह टाइम्स

**शाहबाद/रामपुर** । मामला नगर पंचायत शाहबाद के अंतर्गत साप्ताहिक बाजार का है जहां आरोप है कि साप्ताहिक बाजार मे गंदगी को लेकर ठेकेदार सहित दुकानदार नगर पंचायत की लापरवाही के कारण काफी परेशानी का सामना उठा रहे हैं , और जब वह जिम्मेदारों को फोन करते हैं शिकायत के लिए तो वह भी फोन उठाने को राजी नहीं हैं जबकि ठेकेदारों का कहना है कि जिसमे नगर पंचायत ने मोटी रकम भी ली है और सफाई के नाम पर आँखे बन्द कर ली हैं । शिकायत करने वालों में भाजपा नेता अनुभव शर्मा , विकास, विहिप के नगर अध्यक्ष शोभित गुप्ता उर्फ सोनू, रऊफ आदि लोग रहे जिनके सामने दर्जनों दुकानदार साफ सफाई को लेकर बेहद नाराज हैं। जिससे भाजपा सरकार की स्वच्छ भारत स्वच्छ अभियान को भी पलीता लगने का कार्य हो रहा है। आरोप लगाया है कि जिम्मेदारों के कारण सरकार की इससे छवि खराब हो रही है।

**हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापनों के लिए संपर्क करें।**
» हसन कमाल जिला प्रभारी 9756700006
» सुहैल मियां स्वार प्रभारी - 971980339
» मो मुस्तजाब टांडा प्रभारी 8273210907
» मोहम्मद आसिफ अली सैदनगर प्रभारी 9012581711
» जहीर खान प्रभारी शाहबाद 9058450144

## विदर्भ ने उत्तर प्रदेश को चार विकेट से हराया

**नागपुर, वार्ता।** अमन मोखाड़े (83) और दानिश मालेवर (54) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत विदर्भ ने रविवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मुकाबले के चौथे दिन उत्तर प्रदेश को चार विकेट से हराया। यहां विदर्भ ने कल 91 रन पर चार विकेट से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में 173 के स्कोर पर अमन मोखाड़े के रुप में विदर्भ का पांचवां विकेट गिरा। उन्हें शिवम शर्मा ने आर्यन के हाथों कैच आउट कराया। अमन मोखाड़े ने 150 गेंदों में 10 चौके लगाते हुए 83 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। मुकाबला जीतने के बेहद करीब विदर्भ को ध्रुव जुरेल ने दानिश मालेवर को विकेटकीपर आदित्य शर्मा के हाथों कैच आउट करा दिया। इसी ओवर की दूसरी गेंद पर नचिकेत भूटे ने छक्का लगाकर विदर्भ को चार विकेट से जीत दिला दी। उत्तर प्रदेश के लिए शिवम शर्मा ने चार विकेट लिए।

## देविका सिंहाग ने थाईलैंड मास्टर्स में जीता अपना पहला सुपर 300 खिताब



● देविका सिंहाग ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया और फाइनल में मलेशियाई खिलाड़ी गोह जिन वेई को हराया

**बैंकॉक, वार्ता।** भारत की देविका सिंहाग ने बड़े मंच पर शानदार तरीके से अपनी मौजूदगी दर्ज कराई, उन्होंने थाईलैंड मास्टर्स 2026 में अपना पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 300 खिताब जीता। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया और फाइनल में मलेशिया की गोह जिन वेई को हराया। 20 साल की देविका ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी गेम नहीं हारा और मजबूत अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के खिलाफ लगातार शानदार प्रदर्शन किया। उनका सबसे यादगार पल क्वार्टर फाइनल में आया, जहां उन्होंने टॉप सीड सुपानिडा कैथोंग को हराया, जिससे खिताब की ओर उनके शानदार सफर की शुरुआत हुई।

फाइनल में, देविका ने मलेशिया की गोह के खिलाफ पूरा कंट्रोल बनाए रखा, जो यूथ ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट और दो बार की जूनियर वर्ल्ड चैंपियन हैं। भारतीय खिलाड़ी ने पहला गेम 21-8 से जीता, जिसमें उन्होंने अपने तेज अटैक और कोर्ट कवरेज का शानदार प्रदर्शन किया। दूसरे गेम में वह 6-3 से आगे थीं, जब गोह को रिटायर होना पड़ा, जिससे देविका ने आसानी से खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ, देविका सुपर 300 महिला सिंगल्स खिताब जीतने वाली सिर्फ तीसरी भारतीय महिला बन गई हैं, और वह पीवी सिंधु और सायना नेहवाल जैसी दिग्गज खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल हो गई हैं।

## विश्व कप के लिए पूरी टीम तैयार: सूर्या



● भारत ने कीवियों के खिलाफ सीरीज में 4-1 से शानदार जीत हासिल की, जिससे आने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के लिए उनकी तैयारी पूरी हो गई

**तिरुवनंतपुरम, वार्ता।** भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में 4-1 से शानदार जीत हासिल की, जिससे आने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप के लिए उनकी तैयारी पूरी हो गई।

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के मुताबिक, श्रीलंका के साथ टूर्नामेंट के को-होस्ट भारत, पूरी सीरीज में ब्लैक कैप्स को हर डिपार्टमेंट में हराकर वर्ल्ड कप में अपनी तरफ से मोमेंटम के साथ उतर रहा है। भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव, जो पहली बार किसी आईसीसी इवेंट में टीम की कप्तानी करेंगे, ने अपने पर्सनल फॉर्म और टीम के ओवरऑल परफॉर्मेंस दोनों पर खुशी जताई, साथ ही अच्छे नतीजों के बावजूद सीखने की अहमियत पर जोर दिया।

पांचवें टी-20 में भारत की जीत में 63 रन बनाने के बाद प्लेयर ऑफ द सीरीज बने सूर्यकुमार ने कहा कि हम खुश हैं। जब आप किसी टीम की कप्तानी कर रहे हों तो रन बनाना हमेशा अच्छा होता है, आप मिसाल बनकर लीड करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि एक टीम के तौर पर, चीजें बहुत अच्छी चल रही हैं। लेकिन जब हम जीतते हैं, तो हम उससे सीखने और अगले गेम या सीरीज में सुधार करने की भी कोशिश करते हैं। सूर्यकुमार ने कहा कि इस सीरीज ने 7 फरवरी से शुरू होने वाले ग्लोबल टूर्नामेंट से पहले कीमती तैयारी का मौका दिया। उन्होंने कहा कि ए पांच गेम टी-20 वर्ल्ड कप कैंपेन शुरू करने से पहले अच्छी तैयारी थे। लड़के और मैं बहुत उत्साहित हैं। भारत का टॉप ऑर्डर सीरीज का एक बड़ा आकर्षण था, जिसमें सूर्यकुमार के साथ ईशान किशन और अभिषेक शर्मा ने जबरदस्त शुरुआत दी। किशन ने 43 गेंदों पर 103 रन बनाकर सीरीज के सबसे शानदार प्रदर्शनों में से एक किया, जिससे भारत अपने तीसरे सबसे बड़े टी-20 टोटल तक पहुंचा। सूर्यकुमार ने कहा कि हम हमेशा जानते थे कि ईशान क्या कर सकता है। हम चाहते थे कि वह उसी तरह बैटिंग करे, अपनी पहचान न बदले, चाहे वह ओपनिंग करे या नहीं।

उन्होंने आगे कहा कि टॉप पर किशन और शर्मा के आक्रामक रवैए ने मिडिल ऑर्डर और फिनिशर्स पर दबाव कम किया। टी-20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से शुरू होने वाला है, जिसमें भारत का लक्ष्य टूर्नामेंट से पहले के अपने अच्छे फॉर्म को ग्लोबल स्टेज पर सफलता में बदलना है।

## अवैध एक्शन के लिए अमेरिका की खिलाड़ी को किया सस्पेंड



**काठमांडू, वार्ता।** अमेरिका की सीम बॉलर इसानी वाघेला को इंटरनेशनल क्रिकेट में बॉलिंग करने से सस्पेंड कर दिया गया है, क्योंकि आईसीसी इवेंट पैनल ने पुष्टि की है कि वह अवैध बॉलिंग एक्शन का इस्तेमाल करती हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, यह फैसला मैच अधिकारियों की एक रिपोर्ट के बाद लिया गया, जब नेपाल में हो रहे आईसीसी महिला टी-20 वर्ल्ड कप क्वालिफायर 2026 में आयरलैंड के खिलाफ अमेरिका के मैच के दौरान वाघेला को देखा गया था। आईसीसी के अनुसार, इवेंट पैनल ने वाघेला के अगले मैच के बॉलिंग एक्शन के मैच फुटेज की समीक्षा की और निष्कर्ष निकाला कि यह बॉलिंग एक्शन नियंत्रित करने वाले नियमों का पालन नहीं करता है। नतीजतन, उन्हें आईसीसी नियमों के अनुच्छेद 6-7 के तहत तत्काल प्रभाव से इंटरनेशनल क्रिकेट में बॉलिंग करने से सस्पेंड कर दिया गया है। यह सस्पेंशन तब तक रहेगा जब तक वाघेला अपने बॉलिंग एक्शन का फिर से मूल्यांकन नहीं करवा लेतीं और उन्हें बिना किसी अवैध एक्शन के बॉलिंग करने की अनुमति नहीं मिल जाती।

## नवाचार को बढ़ावा देने के लिए खेलों से संबंधित एक समर्पित पहल का प्रस्ताव

### खेल क्षेत्र रोजगार के बहुत सारे साधन, कौशल और नौकरियों के अवसर प्रदान करता है

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने आज संसद में केंद्रीय बजट 2026-27 पेश करते हुए कहा कि उच्च गुणवत्तापूर्ण, किफायती खेल सामान के लिए भारत के वैश्विक केंद्र के रूप में उभरकर सामने आने की क्षमता का लाभ उठाने के लिए खेलों के सामान से संबंधित एक पहल का देश में शुभारंभ किया जाएगा।

खेलों से संबंधित सामान पर की गई घोषणा तीन कर्तव्यों के पहले कर्तव्य पर केंद्रित है, जो इस वर्ष के बजट के स्तंभों का निर्माण करती हैं, अर्थात आर्थिक वृद्धि को गति देने और उसको बनाए रखना, उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मकता को बेहतर करना और उथल-पुथल वाले वैश्विक डायनेमिक्स के प्रति लचीलेपन का निर्माण करना। खेलों के सामान से संबंधित इस पहल का उद्देश्य उपकरण डिजाइन और सामग्री विज्ञान दोनों में विनिर्माण, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना है। केंद्रीय बजट ने एक और महत्वपूर्ण प्रस्ताव किया है, जो देश के खेलों से संबंधित इकोसिस्टम को मजबूत करेगा। अपने बजट भाषण में श्रीमती निर्मला सीतारमण ने कहा कि खेल क्षेत्र रोजगार के बहुत सारे साधन, कौशल और नौकरियों के अवसर प्रदान करता है। खेलो इंडिया कार्यक्रम के द्वारा खेलों से जुड़ी प्रतिभाओं के व्यवस्थित बढ़ावा देने को और आगे ले जाने के लिए मैं खेलो इंडिया मिशन के शुभारंभ का प्रस्ताव करती हूं, जो अगले एक दशक में खेल क्षेत्र का कायाकल्प कर देगा। यह कदम बजट में रेखांकित किए गए दूसरे कर्तव्य के अनुरूप है, अर्थात देश के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना और उनकी क्षमताओं को विकसित करना, ताकि वे भारत की समृद्धि के मार्ग में मजबूत भागीदार बन सकें। जैसा कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा, खेलो इंडिया मिशन निम्नलिखित को सुगम बनाएगा। एक एकीकृत प्रतिभा विकास मार्ग, जो बुनियादी, इंटरमीडिएट और एलीट स्तर पर प्रशिक्षण केंद्रों द्वारा समर्थित होगा।

## विश्व कप से पहले दो अभ्यास मैच खेलेंगे तिलक



● रणजी ट्रॉफी के दौरान लगी चोट के बाद अंडकोष की सर्जरी कराने के चलते वे लगभग वे एक महीने से मैदान से बाहर थे

**मुंबई, वार्ता।** भारत के बल्लेबाज तिलक वर्मा को बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से खेलने की मंजूरी मिल गई है और वह 2026 टी-20 विश्व कप से पहले दो अभ्यास मैच खेलेंगे। जनवरी की शुरुआत में रणजी ट्रॉफी के दौरान लगी चोट के बाद अंडकोष की सर्जरी कराने के चलते वे लगभग एक महीने से मैदान से बाहर थे। तिलक पहले 2 फरवरी को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में अमेरिका के खिलाफ इंडिया ए टीम की ओर से खेलेंगे और इसके बाद 4 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के अभ्यास मैच में हिस्सा लेंगे। भारत का 2026 टी-20 विश्व कप में पहला मैच 7 फरवरी को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में अमेरिका के खिलाफ है। तिलक न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में नहीं खेल पाए और उनकी गैरमौजूदगी में भारत ने लगभग सभी मैचों में नंबर तीन पर इशान किशन को खिलाया। सर्जरी के बाद तिलक सीओई में रिकवरी कर रहे थे और बीसीसीआई के एक बयान में 26 जनवरी को कहा गया था कि वे अपनी रिहैबिलिटेशन में लगातार प्रगति कर रहे हैं। ऑलराउंडर सुंदर भी इस सीरीज से बाहर रहे और आने वाले दिनों में उनका फिटनेस टेस्ट होने की उम्मीद है। रियान पराग कंधे की चोट के कारण लगभग दो महीने से नहीं खेले हैं और वे भी टी-20 विश्व कप से पहले इंडिया ए के दो अभ्यास मैच खेलेंगे। इनमें से दूसरा मैच 6 फरवरी को बेंगलुरु स्थित सीओई में नामीबिया के खिलाफ होगा। भारत 2026 टी-20 विश्व कप में ग्रुप ए में है और 7 फरवरी को मुंबई में अमेरिका, 12 फरवरी को दिल्ली में नाम. 'बिया, 15 फरवरी को कोलंबो में पाक और 18 फरवरी को अहमदाबाद में नीदरलैंड्स के खिलाफ उनका मुकाबला है।

## कृष्णा मेनन ने अपना ही शॉट पुट रिकॉर्ड तोड़ा



● कृष्णा जयशंकर मेनन ने 6.63 मी. थ्रो के साथ खिताब जीता और अपने पिछले 16.03 मी. के रिकॉर्ड को बेहतर बनाया, जो उन्होंने पिछले साल अल्बुकर्क में किया था

**अमेरिका, वार्ता।** भारत की कृष्णा जयशंकर मेनन ने शनिवार को न्यू मैक्सिको टीम ओपन 2026 एथलेटिक्स मीट में महिलाओं के इंडोर शॉट पुट स्पर्धा में अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड बेहतर करते हुए खिताब अपने नाम किया। पूर्व भारतीय बास्केटबॉल खिलाड़ी प्रसन्ना और जयशंकर मेनन की बेटी कृष्णा ने 16.63 मीटर थ्रो के साथ खिताब जीता और अपने पिछले 16.03 मीटर के रिकॉर्ड को बेहतर बनाया, जो उन्होंने पिछले साल अल्बुकर्क में ही हासिल किया था। हन्ना रिचर्डसन (15.94 मीटर) और एलेशा लेन (14.52 मीटर) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। नियमों के अनुसार, नेशनल रिकॉर्ड को एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) से मंजूरी मिलनी शेष है।

इस महीने की शुरुआत में नेवादा इंटरनेशनल जीतने के बाद इस साल अपनी दूसरी मीट में हिस्सा लेते हुए, कृष्णा ने 15.99 मीटर के प्रयास के साथ शाम का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अपने दूसरे थ्रो में हासिल किया। उन्होंने प्रतियोगिता की शुरुआत 14.45 मीटर के सामान्य थ्रो से की, जिसे उन्होंने अपने दूसरे थ्रो में सुधार कर 16-63 मीटर कर दिया। अपने तीसरे प्रयास में फाउल करने के बाद, कृष्णा ने 14.82 मीटर और 14.92 मीटर दर्ज किया और अपने आखिरी थ्रो में फिर से फाउल कर दिया। 23 साल की कृष्णा पिछले साल माउंटेन वेस्ट इंडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप में 16.03 मीटर के प्रयास के साथ महिलाओं के इंडोर शॉट पुट में 16 मीटर का आंकड़ा पार करने वाली पहली भारतीय एथलीट बनीं और उन्होंने पूर्णिमा राव राणे के पिछले 15.54 मीटर के रिकॉर्ड को तोड़ा।

## पुडुचेरी ने राजस्थान को पांच विकेट से हराया

**पुडुचेरी, वार्ता।** जसवंत श्रीराम (57) और अजय रोहेरा (नाबाद 49) की शानदार पारियों की बदौलत पुडुचेरी ने रविवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले के चौथे दिन राजस्थान को पांच विकेट से हरा दिया। यहां पुडुचेरी ने कल के दो विकेट पर 51 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में मोहित चांगरा ने पुनीत दाते (25) को आउटकर राजस्थान को तीसरी सफलता दिलाई। 31वें ओवर में अजय सिंह ने जसवंत श्रीराम को आउटकर पुडुचेरी को चौथा झटका दिया। जसवंत श्रीराम ने 87 गेंदों में सात चौके लगाते हुए 57 रनों की पारी खेली। राममूर्ति राघवन (छह) रन बनाकर मोहित चांगरा का शिकार बने। पुडुचेरी ने 44-1 ओवर में पांच विकेट पर 172 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। राजस्थान के लिए मोहित चांगरा ने चार विकेट लिए। अजय सिंह ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## आयरलैंड ने थाईलैंड को हराकर 2026 महिला टी-20 विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया



● आयरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 121 रन बनाए, जबकि थाईलैंड सिर्फ 59 रन पर सिमट गई

**नेपाल, वार्ता।** अर्लीन केली (चार विकेट), लारा मैकब्राइड (तीन विकेट) के बेहतरीन गेंदबा. जी प्रदर्शन की बदौलत आयरलैंड की महिला टीम ने रविवार को थाईलैंड पर 62 रनों से जीत दर्ज की। इसी के साथ वह 2026 महिला टी-20 विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने वाली तीसरी टीम बन गई है। जून-जुलाई में इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले इस बड़े टूर्नामेंट में वह बांग्लादेश और नीदरलैंड्स के साथ शामिल हो गई है। यहां क्वालिफायर के आखिरी दिन थाईलैंड के खिलाफ खेलते हुए, आयरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 121 रन बनाए। थाईलैंड का टूर्नामेंट में बल्ले से सबसे खराब दिन रहा और आयरलैंड के गेंदबा. जी आक्रमण के आगे उसकी पूरी टीम 16-1 ओवर में सिर्फ 59 रन पर सिमट गई। आयरलैंड को 62 रनों से जीत दर्ज की। गैबी लुईस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, आयरलैंड की टॉप तीन बल्लेबाजों एमी हंटर (15 गेंदों में 24), लुईस (30 गेंदों में 25), और ओर्ला प्रेंडरगास्ट (22 गेंदों में 24) सभी ने अच्छी शुरुआत की और दसवें ओवर के आखिर तक आयरलैंड का स्कोर 71 रन था। 12वें ओवर तक उसके तीनों अनुभवी बल्लेबाज आउट हो चुके थे। लुईस लिटिल ने 18 गेंदों में 14 रन बनाए, और जेन मैगुइरे 12 गेंदों में 15 रन बनाकर नाबाद रहीं। थाईलैंड के लिए लेगस्पिनर सुलीपोर्न लाओमी ने 24 रन देकर चार विकेट लिए। सुनीदा चतुरोंगरताना को दो विकेट मिले। इसके बाद 122 के लक्ष्य का पीछा करने उतरी थाईलैंड के बल्लेबाज आयरलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सके। कप्तान नारुएमोल चाईवाई ने सर्वाधिक 22 रन बनाए। उनके अलावा नन्नापत कोंचारोएनकाई 15 रन बनाकर आउट हुईं। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 26 रनों की साझेदारी हुई। शेष नौ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। आयरलैंड के लिए अर्लीन केली ने चार ओवर में सात रन देकर चार विकेट झटके, जबकि ऑफस्पिनर लारा मैकब्राइड ने छह रन देकर तीन विकेट लिए। एमी मैगुइरे को दो विकेट मिले। ओरला ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## माया को मुंबई ओपन के मुख्य ड्रा के लिए वाइल्ड कार्ड

● माया राजेश्वरन ने पिछले सीजन में अपना ब्रेकआउट टूर्नामेंट खेला था, जिसमें उन्होंने अपने से कई ज्यादा रैंक वाली खिलाड़ियों को हराया था

**मुंबई, वार्ता।** 16 साल की सेंसेशन माया राजेश्वरन रेवती एल एंड टी मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए 125के सीरीज में वाइल्ड कार्ड के तौर पर मेन ड्रॉ में वापसी कर रही हैं। यह टूर्नामेंट 2 से 8 फरवरी, 2026 तक मुंबई में महाराष्ट्र स्टेट लॉन टेनिस एसोसिएशन में होगा।

माया ने पिछले सीजन में अपना ब्रेकआउट टूर्नामेंट खेला था, जिसमें उन्होंने क्वालिफायर से लेकर मेन ड्रॉ सेमीफाइनल तक कई ज्यादा रैंक वाली इंटरनेशनल खिलाड़ियों को हराया था। उन्हें आखिर में चैंपियन बनी जिल टीचमैन ने बाहर कर दिया था। अपने दूसरे एडिशन में, माया मेन ड्रॉ के पहले राउंड में थाईलैंड की पांचवीं सीड लानलाना तारारुडी से भिड़ेंगी, क्योंकि वह पिछले साल टूर्नामेंट में अपने शानदार प्रदर्शन को आगे बढ़ाना चाहती हैं। मुंबई ओपन के 2025 एडिशन में अपने शानदार प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए माया ने कहा कि 2025 मुंबई ओपन मेरे ब्रेकआउट टूर्नामेंट में से एक था और मुझे घरेलू दर्शकों के सामने खेलने का चैलेंज बहुत पसंद आया।

2025 मेरे लिए एक अच्छा साल था क्योंकि मैंने बहुत यात्रा की, कई टूर्नामेंट में हिस्सा लिया और कई ज्यादा रैंक वाली खिलाड़ियों के साथ खेला, जिससे मुझे काफी अनुभव मिला। यह पहली बार था जब मैं लगातार टूर्नामेंट खेले, जिससे मुझे वर्कलोड मैनेजमेंट को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिली। पिछले एडिशन के शानदार प्रदर्शन के बाद, माया से काफी उम्मीदें हैं, लेकिन वह इससे परेशान नहीं दिखतीं।

## फाइनल में हरियाणा से भिड़ेंगी दिल्ली

● दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने खेले गए रोमांचक सेमीफाइनल में महाराष्ट्र केसरी को 5-4 से हराकर प्रो रेसलिंग लीग के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली

**नोएडा, वार्ता।** दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए रोमांचक सेमीफाइनल 2 में महाराष्ट्र केसरी को कड़े मुकाबले में 5-4 से हराकर प्रो रेसलिंग लीग 2026 के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। बाउट दर बाउट उतार-चढ़ाव से भरे इस मुकाबले में दिल्ली ने दबाव में संयम दिखाते हुए जीत दर्ज की और खिताबी मुकाबले में हरियाणा थंडर्स से टक्कर तय की। 57 किग्रा पुरुष वर्ग में शानदार वापसी जीत के लिए शुभम कौशिक को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि 57 किग्रा महिला वर्ग में दबदबा दिखाने वाली मनीषा भनवाला को फाइटर ऑफ द मैच का सम्मान मिला।

62 किग्रा महिला मुकाबले में अंजली के दम पर दिल्ली ने शानदार शुरुआत की। दुदोवा बिल्याना झिवकोवा के खिलाफ संयमित और सटीक प्रदर्शन करते हुए अंजली ने टेकडाउन, पुश-आउट और पावर मिनट में निर्णायक चार अंकों की चाल के



साथ 12-4 से जीत दर्ज कर दिल्ली को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके जवाब में 57 किग्रा महिला वर्ग में महाराष्ट्र की मनीषा भनवाला ने कार्ला गोडिनेज गोंजालेज पर एकतरफा दबदबा बनाते हुए लगातार टेकडाउन- टर्न संयोजनों से 15-0 की टेक्निकल सुपीरियॉरिटी से जीत दर्ज कर स्कोर बराबर कर दिया। हेवीवेट मुकाबले में महाराष्ट्र का पलड़ा भारी रहा, जहां कप्तान रॉबर्ट बारान ने अपना अपराजेय अभियान जारी रखा। शुरुआती एक्टिविटी प्वाइंट गंवाने के बाद बारान ने दूसरे पीरियड में, खासकर पावर मिनट में, टेकडाउन और एक्सपोजर के जरिए रौनक को 11-1 से हराकर महाराष्ट्र को बढ़त दिलाई। 53 किग्रा महिला वर्ग में निशु भनवाला ने सारिका के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में बढ़त को और मजबूत किया। पहले पीरियड की मजबूत शुरुआत के बाद, दूसरे पीरियड में सारिका की जोरदार वापसी के बावजूद महाराष्ट्र ने 7-6 की करीबी जीत के साथ स्कोर 3-1 कर लिया। हार के दबाव में दिल्ली को 57 किग्रा पुरुष वर्ग में शुभम कौशिक के रूप में जीवनदान मिला। घुटने की तकलीफ के बावजूद शुभम ने पावर मिनट में टूर्नामेंट के यादगार पलों में से एक रचते हुए चार अंकों के एक्सपोजर और उसके बाद चार अंकों के टेकडाउन से 11-10 की नाटकीय जीत हासिल की और दिल्ली को मुकाबले में बनाए रखा। 76 किग्रा महिला मुकाबले में यूरो. 'पीय चैंपियन अनस्तासिया अल्पएएवा ने हर्षिता मोर के खिलाफ अनुभव का बेहतरीन नमूना पेश किया। शुरुआती अंक गंवाने के बाद अल्पएएवा ने तेज टेकडाउन और पुश-आउट के जरिए नियंत्रण हासिल किया और 7-5 की जीत के साथ सेमीफाइनल को 3-3 की बराबरी पर ला दिया। इसके बाद 86 किग्रा पुरुष वर्ग में वाफाएईपौर हादी बख्तियार ने अमित के खिलाफ कड़े मुकाबले में 11-9 से जीत दर्ज कर दिल्ली को फिर बढ़त दिलाई। पावर मिनट में लगातार दो टेकडाउन निर्णायक साबित हुए।

## जूनियर पुरुष स्कीट टी2 ट्रायल्स में पंजाब का क्लीन स्वीप

**नई दिल्ली, वार्ता।** डा. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित शॉटगन राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स 1 एवं 2 के अंतर्गत जूनियर पुरुष स्कीट टी2 फाइनल में पंजाब के निशानेबाजों ने पोडियम पर पूरी तरह कब्जा जमाया। हरविराज सिंह, हरजीज सिंह अटवाल और गुरफतेह सिंह संधु ने क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहते हुए शानदार प्रदर्शन किया। वहीं सीनियर वर्ग में अनंतजीत सिंह नरूका ने 36 का परफेक्ट स्कोर कर ट्रायल 2 फाइनल जीता, जबकि महिला वर्ग में यशस्वी राठौड़ ने केवल एक निशाना चूकते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। कई मुकाबले वाले सीनियर पुरुष फाइनल में, क्वालिफिकेशन में 120 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहने वाले अनंतजीत सिंह नरूका ने फाइनल में 36 में से 36 निशाने साधे। ज्योतिरादित्य सिंह सिसोदिया ने भी 34वें टारगेट तक परफेक्ट स्कोर बनाए रखा, लेकिन आखिरी से पहले वाला निशाना चूक गए और 35/36 के साथ दूसरे स्थान पर रहे। अभय सिंह सेखों ने 30 हिट्स के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इससे पहले क्वालिफिकेशन में भवतेज 120 के स्कोर के साथ अनंतजीत के बाद दूसरे स्थान पर रहे। ज्योतिरादित्य ने 119 के साथ तीसरा स्थान पाया।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 2 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# आम आदमी खाली

रविवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में 2026-27 का बजट पेश किया। इस बजट में सभी विभागों को कुछ न कुछ देने की कोशिश की गई है, लेकिन आज की दुनिया के हालात देखते हुए विशेषकर सिंदूर ऑपरेशन से सबक लेते हुए सरकार ने अपना रक्षा बजट बढ़ाया है, जोकि स्वाभाविक भी है। अपने 85 मिनट के भाषण में वित्त मंत्री ने जहां जियो पॉलिटिक्स और चुनौतियों की बात कही, वहीं देश का रक्षा बजट 6 लाख 81 करोड़ से बढ़ाकर 7 लाख 85 हजार करोड़ रुपये करने की बात कही। इस तरह डिफेंस बजट में 15.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। बजट को ध्यान से देखने पर आम आदमी के हिस्से में कुछ आता दिखाई नहीं दे रहा है। खेती और पशुपालन आय और रोजगार के मौके बढ़ाने के थोड़ा जरूर फोकस किया गया। नारियल प्रोत्साहन योजना से करीब 3 करोड़ लोगों को जोड़ा जाएगा। मछली पालन को बढ़ावा लेने के लिए 500 तालाबों और सरोवरों का विकास किया जाएगा। इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया। हां इतना जरूर है कि रिवाइज्ड रिटर्न फाइल करने के लिए 3 महीने से ज्यादा का समय देने की बात कही गई है। इस तरह अब व्यापारी 31 दिसंबर के बदले 31 मार्च तक रिवाज्ड रिटर्न फाइल कर सकते हैं। कैंसर की 17 दवाओं से आयात शुल्क हटाया गया है, जो अभी तक 5 फीसदी लगता था। 15 हजार सेकेंडरी स्कूलों और 500 कॉलेजों में कंटेंट क्रिएटर्स लैब बनाए जाने की बात भी बजट में कही गई है। करीब 800 जिलो में लड़कियों के लिए हॉस्टल बनेंगे, हर जिले में यह हॉस्टल होगा। बजट में तीन आयुर्वेदिक एम्स बनाने का भी लक्ष्य रखा गया है। सात जिलों में हाईस्पीड ट्रेन भी दौड़ेंगी। जाहिर है इससे महानगरों के बीच की दूरी घटेगी। इससे देश की कनेक्टिविटी मजबूत होगी। वित्त मंत्री के अनुसार 2025-26 में राज्य कोषीय घाटा 4.4 फीसदी रहा और अगले साल 2026-27 के लिए इसे और घटाकर 4.3 फीसदी करने का लक्ष्य है। बता दें कि राजकोषीय घाटे का मतलब सरकार की कमाई और खर्च के बीच का अंतर है। 2025-26 में सरकारों की कुल कमाई 34 लाख करोड़ रही। इसमें 26.7 लाख करोड़ टैक्स से आए और कुल खर्च 49.6 लाख करोड़ रहा। 26-27 के लिए सरकार ने 36.5 लाख करोड़ की कुल कमाई का अनुमान लगाया है, जिसमें टैक्स से 28.7 लाख करोड़ आएंगे और 53.5 लाख करोड़ कुल खर्च रहने का अनुमान है। इससे साफ है कि खर्च कमाई से ज्यादा है, इसलिए सरकार ने बाजार से 11.7 लाख करोड़ उधार लेने की बात कही है। शराब, सिगरेट महंगी होंगी। जमीनी स्तर पर इस बजट का क्या प्रभाव पड़ता है, यह तो आने वाले वक्त में ही पता चलेगा, लेकिन यह बजट लुभावना बजट कतई नहीं है और सरकार वास्तविकता को स्वीकार करती दिखाई देती है। जहां तक बात विपक्ष की है वह इसे रूखा बजट बता रहा है।

## पूंजीवादी सोच से प्रभावित बजट



संसद में पेश किए गए बजट में योजनाओं, परियोजनाओं और वादों के नाम भले ही बड़े हों, लेकिन असली कसौटी यह है कि उनका लाभ जमीन स्तर पर आम लोगों तक कितना पहुंचता है, सर्वसमाज के हित में केवल बातें करना पर्याप्त नहीं, बल्कि उन्हें सही नीयत के साथ अमल में लाना भी उतना ही जरूरी है, केंद्र सरकार का बजट सत्ताधारी बहुजन समाज पार्टी के नजरिए से नहीं, बल्कि पूंजीवादी सोच से प्रभावित प्रतीत होता है, जिसमें बड़े उद्योगपतियों और धनाढ्य वर्ग को प्राथमिकता मिलती दिखती है, जबकि गरीब, दलित और बहुजन समाज की अपेक्षाएं पीछे छूट जाती हैं, सरकार की नीति और नीयत का आकलन इस बात से होना चाहिए कि वास्तव में गरीबों और वंचितों के जीवन में कितना सकारात्मक बदलाव आया है।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# बजट 2026-27: लोकलुभावन वादों से दूर, राहत और मायूसी का मिश्रण



योगेश कुमार गोयल

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 को एक ओर जहां सरकार के घटक दलों द्वारा विकसित भारत का बजट और बदलते भारत की राजनीतिक-आर्थिक प्राथमिकताओं तथा सरकार की दीर्घकालिक सोच का आईना बताया गया है, वहीं विपक्ष द्वारा इसे पूरी तरह दिशाहीन बजट करार दिया गया है। वैसे निर्मला सीतारमण ने लगातार नौवीं बार बजट पेश कर संसदीय इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। सवाल यह नहीं है कि बजट कितना बड़ा है या कितने नए आंकड़े पेश किए गए हैं बल्कि यह है कि क्या यह बजट महंगाई से जूझ रहे आम नागरिक के वर्तमान को कुछ राहत देता है और भविष्य के लिए भरोसेमंद आधार तैयार करता है? बजट के तमाम महत्वपूर्ण प्रावधानों का आकलन किया जाए तो यह बजट विकास, निवेश, बुनियादी ढ़ांचे, डिजिटल अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भर भारत की स्पष्ट झलक तो दिखाता है लेकिन इसके साथ ही इसमें कई ऐसे खाली स्थान भी हैं, जो आम आदमी और विशेषकर किसान, निम्न आय वर्ग और असंगठित क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए निराशा पैदा करते हैं। सरकार ने इस बार तात्कालिक लोकलुभावन उपायों से दूरी बनाते हुए दीर्घकालिक क्षमता निर्माण पर जोर दिया है। यह . ष्टिकोण आर्थिक रूप से समझदारी भरा हो सकता है लेकिन लोकतंत्र में बजट का मूल्यांकन केवल भविष्य के सपनों से नहीं, वर्तमान की चुनौतियों से भी होता है।

शिक्षा और रोजगार को जोड़ने वाला 'एजुकेशन-टू-एम्प्लॉयमेंट' मॉडल सरकार की उस सोच को सामने लाता है, जो कक्षा और कार्यस्थल के बीच की खाई को पाटने का दावा करती है। पहली नौकरी पाने वाले युवाओं के लिए 15,000 रूपए का डीबीटी बोनस और एक करोड़ इंटर्नशिप की घोषणा निश्चित रूप से आकर्षक लगती है। यह कदम युवाओं को औपचारिक अर्थव्यवस्था से जोड़ने और उन्हें सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने की दिशा में सकारात्मक है। लेकिन यहां भी सबसे बड़ा प्रश्न क्रियान्वयन का है। क्या यह इंटर्नशिप वास्तविक कौशल और स्थाई रोजगार की ओर ले जाएंगी या फिर यह योजना सस्ते श्रम तक सीमित रह जाएगी? भारत पहले भी कई बार योजनाओं के आकर्षक नाम और बड़े लक्ष्यों के बावजूद जमीनी स्तर पर कमजोर क्रियान्वयन का अनुभव कर चुका है। 'स्किल इंडिया 2.0' के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और मशीन लर्निंग जैसी उभरती तकनीकों को क्षेत्रीय भाषाओं में सिखाने की योजना डिजिटल डिवाइड को कम करने की दिशा में अहम कदम है। ग्रामीण और अर्ध-शहरी युवाओं के लिए यह तकनीकी दुनिया में प्रवेश का द्वार खोल सकता है लेकिन प्रशिक्षकों की गुणवत्ता, पाठ्यक्रम की प्रासंगिकता और उद्योग-सहयोग के बिना यह पहल भी सीमित असर तक सिमट सकती है। शिक्षा बजट को लगभग 1.35 लाख करोड़ रूपए तक बढ़ाने का प्रस्ताव सराहनीय है लेकिन बढ़ती छात्र संख्या, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और शोध की जरूरतों के सामने यह राशि अपर्याप्त प्रतीत होती है। मध्यम वर्ग के लिए यह बजट राहत और मायूसी का मिश्रण है। आयकर दरों में तो कोई बदलाव नहीं हुआ है लेकिन आयकर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में घोषणा अवश्य की गई है। सरकार का उद्देश्य स्पष्ट है, कर व्यवस्था को जटिल छूटों के जाल से निकालकर सरल और पारदर्शी बनाना, ताकि उपभोग बढ़े और अर्थव्यवस्था में मांग का संचार हो। यह दृष्टिकोण आर्थिक सुस्ती के दौर में उपयोगी हो सकता है।

सरकार ने कुछ चुनिंदा वस्तुओं और क्षेत्रों में कर कटौती कर राहत देने की कोशिश की है। कैंसर और मधुमेह जैसी गंभीर बीमारियों की दवाओं का सस्ता होना निसंदेह करोड़ों परिवारों के लिए जीवनरक्षक कदम है। मोबाइल फोन, ईवी बैटरी और सौर पैनलों पर रियायतें हरित ऊर्जा और डिजिटल इंडिया को गति देने के साथ-साथ तकनीक को आम आदमी की पहुंच में लाने का प्रयास हैं। जूते, कपड़े और कुछ घरेलू उपकरणों के सस्ते होने से मध्यमवर्गीय खपत में हल्की तेजी आ सकती है लेकिन दूसरी ओर शराब, खनिज और स्क्रैप पर बढ़े शुल्क से उत्पादन लागत बढ़ने और अंततः उपभोक्ता कीमतों पर असर पड़ने की आशंका भी बनी हुई है। सबसे बड़ा झटका शेयर बाजार में देखने को मिला। फ्यूचर एंड ऑप्शन ट्रेडिंग पर बढ़े टैक्स ने खुदरा निवेशकों की धारणा को कमजोर किया और बजट के दौरान बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई। इससे यह संदेश गया कि सरकार सट्टात्मक गतिविधियों पर सख्ती चाहती है लेकिन इसके दुष्परिणाम अल्पकाल में निवेशकों और बाजार की स्थिरता पर पड़े। यह बजट महंगाई और निवेश के मोर्चे पर एक तरह का विरोधाभास प्रस्तुत करता है, एक ओर खपत बढ़ाने की कोशिश, दूसरी ओर निवेश भावना को झटका। इंफ्रास्ट्रक्चर पर रु. 12.2 लाख करोड़ का पूंजीगत व्यय सरकार की विकास रणनीति का सबसे मजबूत स्तंभ है। सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, जिनमें मुंबई- पुणे और दिल्ली-वाराणसी जैसे मार्ग शामिल हैं, भारत की कनेक्टिविटी और क्षेत्रीय विकास की तस्वीर बदल सकते हैं। बेहतर परिवहन से उद्योग, लॉजिस्टिक्स, पर्यटन और रियल एस्टेट को नई गति मिल सकती है। टियर-2 और टियर-3 शहरों पर फोकस शहरीकरण के असंतुलन को सुधारने की दिशा में सही कदम है। हालांकि, बुनियादी ढ़ांचे पर खर्च का लाभ आम आदमी तक पहुंचने में समय लगता है और तात्कालिक रूप से निर्माण सामग्री की कीमतों में बढ़ोतरी महंगाई का दबाव बढ़ा सकती है। एमएसएमई और व्यापार जगत के लिए बजट में नई संजीवनी दिखाई देती है। 10,000 करोड़ रूपए का एसएमई ग्रोथ फंड छोटे उद्यमों को पूंजी की कमी से उबार सकता है। महिलाओं के लिए मुद्रा लोन की सीमा बढ़ाकर 20 लाख रुपये करना महिला उद्यमिता को वास्तविक आर्थिक ताकत देने की दिशा में अहम कदम है। टेक्निकल टेक्सटाइल पर विशेष फोकस भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में मजबूत स्थान दिला सकता है और 'मेक इन इंडिया' को व्यावहारिक आधार दे सकता है।

डिजिटल अर्थव्यवस्था के संदर्भ में यह बजट ऐतिहासिक कहा जा सकता है क्योंकि पहली बार कंटेंट क्रिएटर्स और क्रिएटिव इकोनॉमी को औपचारिक मान्यता दी गई है। 'रील' और 'रियल' इकोनॉमी के बीच की दीवार लगभग गिर चुकी है। डिजिटल कंटेंट, गेमिंग, एनीमेशन और एजुकेशनल प्लेटफॉर्म को एमएसएमई जैसा दर्जा मिलने से युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर खुल सकते हैं। हालांकि बौद्धिक संपदा संरक्षण, आय की स्थिरता और नियमन जैसे सवाल भविष्य की बड़ी चुनौतियां बने रहेंगे।

स्वास्थ्य और तकनीक के मोर्चे पर 'बायो-फार्मा 2.0' और सेमीकंडक्टर मिशन पर जोर भारत की दीर्घकालिक रणनीतिक सोच को दर्शाता है। दवा परीक्षण और अनुसंधान के लिए 1,000 टेस्टिंग साइट्स का नेटवर्क दवाओं की लागत कम कर सकता है। सेमीकंडक्टर निर्माण में आत्मनिर्भरता भारत को वैश्विक तकनीकी आपूर्ति श्रृंखला में मजबूत बनाएगी।

रक्षा बजट में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण है लेकिन नई नीतिगत घोषणाओं के अभाव में बाजार की अपेक्षाएं पूरी नहीं हो सकी। इस पूरे बजट की सबसे बड़ी कमी किसानों को लेकर किसी ठोस और नई घोषणा का न होना है। कृषि क्षेत्र अभी भी महंगाई, लागत और आय की अनिश्चितता से जूझ रहा है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किए बिना समग्र विकास अधूरा रहेगा, यह सच्चाई इस बजट में अपेक्षाकृत कम झलकती है। कुल मिलाकर, बजट 2026-27 संतुलित प्रयास माना जा सकता है। यह न तो लोकलुभावन है और न ही कठोर सुधारवादी। सरकार ने भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए दिशा स्पष्ट की है लेकिन महंगाई, रोजमर्रा का खर्च और आय की सुरक्षा जैसी आम आदमी की तात्कालिक चिंताओं पर सीधी राहत सीमित है। यह बजट आम नागरिक को तुरंत सुकून देने के बजाय धैर्य रखने की सलाह देता है। आने वाले समय में इसका मूल्यांकन इस बात से होगा कि इसके वादे कितनी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ जमीन पर उतरते हैं। अब असली परीक्षा बजट भाषण की नहीं बल्कि उसके प्रभावी क्रियान्वयन की है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पक्षियों की विलुप्ति का चौंकाने वाला आंकड़ा

**स्थिति को समझने में सबसे बड़ी चुनौती पक्षियों का हल्का वजन और खोखली हड्डियां हैं जिनके कारण उनके अवशेषों का जीवाश्म के रूप में भलीभांति संरक्षण नहीं होता है। इसलिए पक्षी विलुप्ति के अधिकांश विश्लेषण लिखित रिकॉर्ड के आधार पर किए गए हैं जो पिछले 500 वर्षों से ही उपलब्ध हैं।**

हाल ही में नेचर कम्युनिकेशंस पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन ने पिछले 1,26,000 वर्षों में मानव गतिविधियों के कारण पक्षियों की विलुप्ति के चौंकाने वाले आंकड़े उजागर किए हैं। पूर्व में किए गए अनुमानों से आगे जाकर इस शोध ने लगभग 1500 पक्षी प्रजातियों के विलुप्त होने के पीछे मनुष्यों को दोषी पाया है। यह आंकड़ा पूर्व अनुमानित संख्या से दुगना है जो पक्षियों की जैव विविधता पर मानव गतिविधियों के गहरे प्रभाव का संकेत देता है।



सदियों से जमीनें साफ करके, शिकार और बाहरी प्रजातियों को नए इलाकों में पहुंचाने जैसे मानवीय कारकों की वजह से पक्षियों की विलुप्ति होती रही है। यह प्रभाव विशेष रूप से द्वीपों जैसे अलग-थलग पारिस्थितिक तंत्रों में विनाशकारी रहा है और पक्षियों की 90 प्रतिशत ज्ञात विलुप्तियां ऐसे ही स्थानों पर होने की संभावना है। स्थिति को समझने में सबसे बड़ी चुनौती पक्षियों का हल्का वजन और खोखली हड्डियां हैं जिनके कारण उनके अवशेषों का जीवाश्म के रूप में भलीभांति संरक्षण नहीं होता है। इसलिए पक्षी विलुप्ति के अधिकांश विश्लेषण लिखित रिकॉर्ड के आधार पर किए गए हैं जो पिछले 500 वर्षों से ही उपलब्ध हैं। इस दिक्कत से निपटने के लिए, यूके सेंटर फॉर इकॉलॉजी एंड हाइड्रोलॉजी के रॉब कुक और उनकी टीम ने 1488 द्वीपों में दस्तावेजीकृत विलुप्तियों, जीवाश्म रिकॉर्ड और अनुमानित अनदेखी विलुप्तियों के अनुमानों को जोड़कर कुल विलुप्तियों का एक व्यापक मॉडल तैयार किया। अनदेखी विलुप्तियों का अनुमान लगाने के लिए उन्होंने द्वीप के आकार, जलवायु और अलग-थलग होने की स्थिति जैसे कारकों के आधार पर प्रजातियों की समृद्धता का आकलन किया। उनका निष्कर्ष है कि मानवीय गतिविधियों के कारण प्लायस्टोसीन युग के अंतिम दौर के बाद से वैश्विक स्तर पर लगभग 12 प्रतिशत पक्षी प्रजातियां विलुप्त हुई हैं। अध्ययनकर्ताओं का मत है कि इनमें से आधे से अधिक पक्षियों को तो इंसानों ने देखा भी नहीं होगा और न ही उनके जीवाश्म बच पाए होंगे। इस विलुप्ति में विशेष रूप से प्रशांत क्षेत्र के हवाई द्वीप, मार्केसस द्वीप और न्यूजीलैंड को सबसे अधिक खामियाजा भुगतना पड़ा जहां विलुप्त पक्षियों का लगभग दो-तिहाई हिस्सा केंद्रित था। अध्ययन से पता चलता है कि महाविलुप्ति की शुरुआत लगभग 700 वर्ष पूर्व हुई जब इन द्वीपों पर मनुष्यों का आगमन हुआ। इसके नतीजे में विलुप्त होने की दर में 80 गुना वृद्धि हुई। शोध के यह परिणाम नीति निर्माताओं और संरक्षणवादियों के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। कार्लस्टेड विश्वविद्यालय के फोल्मर बोकमा के अनुसार इन नुकसानों को समझकर अधिक प्रभावी जैव विविधता लक्ष्य निर्धारित किए जा सकते हैं। एडिलेड विश्वविद्यालय के जेमी वुड का कहना है कि इस अध्ययन ने दर्शाया है कि पक्षियों की विलुप्ति के अनुमान कम लगाए गए थे और वास्तविक स्थिति शायद इस अध्ययन के आकलन से भी ज्यादा भयावह है।

**-स्रोत फीचर्स**

# तो इन्हें सताता है देश की बदनामी का डर



तनवीर जाफरी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारतीय जनता पार्टी के नेता व समर्थक अक्सर यह आरोप लगाते रहते हैं कि वे विदेशी की धरती पर भारतीय राजनीति, संस्थानों चुनाव आयोग, न्यायपालिका या भारतीय मीडिया व सरकार की आलोचना करके देश की छवि को खराब करते रहते हैं। इतना ही नहीं बल्कि भाजपा इसे देश-विरोधी या भारत को बदनाम करने की साजिश तक बताती है। सवाल यह है कि आखिर किन बातों से देश की बदनामी होती है और बदनामी और नेकनामी का पैमाना है क्या? याद कीजिए जब राहुल गांधी ने 2023 में कैंब्रिज यूनिवर्सिटी (यू के) में कहा कि भारत में विपक्ष को दबाया जा रहा है और चीन का खतरा समझा नहीं जा रहा है। इसमें राहुल ने क्या गलत कहा था ? परन्तु भाजपा ने राहुल के इस सच्चाई भरे वक्तव्य को ष्भारत को बदनाम करनाष बताया था। इसी तरह जब 2023 में कोलंबिया की एक यूनिवर्सिटी में राहुल ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र पर हमला हो रहा है और कुछ बड़े व्यापारियों का अर्थव्यवस्था पर कब्जा है तब भी भाजपा ने इसे राहुल द्वारा विदेशी धरती पर भारत को बदनाम करना बताया था। अभी कुछ समय पूर्व ही जब राहुल गांधी ने बर्लिन में चुनाव आयोग पर सवाल उठाए और कहा कि हरियाणा चुनाव में धांधली हुई उस समय भी भाजपा ने इसे संस्थानों को बदनाम करने की साजिश बताया था। राहुल गांधी के ऐसे आरोपों से भाजपा इतना तिलमिला जाती है कि वह राहुल की आलोचना को एंटी-इंडिया फोर्सेज से जोड़कर कांग्रेस को कमजोर करने की कोशिश करने लगती है। यहां तक कि कुछ भाजपा नेता इसे चाइना की तारीफ या विदेशी हस्तक्षेप को आमंत्रित करने तक के रूप में परिभाषित कर देते हैं। भाजपाई कहते हैं कि इससे भारत की ग्लोबल इमेज खराब होती है

इस विषय पर कांग्रेस व राहुल गांधी का कहना है कि वे सिर्फ सच्चाई बोलते हैं,और आलोचना लोकतंत्र का हिस्सा है। लिहाजा राहुल भाजपा के आरोपों को खारिज करते हुए कहते हैं कि चीन जैसे मुद्दों पर तो मोदी खुद ही विदेश में भारत को बदनाम करते हैं। कुछ का मत है कि राहुल विदेश में कुछ नया नहीं कहते,वे भारत में भी यही कहते हैं। कांग्रेस के अनुसार समस्या चुनावी प्रक्रिया में है, न कि आलोचना में। कांग्रेस इसे साइलेंट करने की कोशिश बताती है और सच भी है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक नेता प्रायः विदेश में अपनी सरकार की आलोचना करते हैं और यह श्फ्री स्पीचश का हिस्सा माना जाता है। इससे देश की बदनामी नहीं होती, बल्कि इससे किसी भी देश के लोकतान्त्रिक मूल्य नजर आते हैं। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह भी कि ऐसे भी कोई प्रमाण नहीं है कि विदेश में की गई राहुल की बातों से भारत की अर्थव्यवस्था, निवेश या कूटनीति पर कभी कोई नकारात्मक प्रभाव पड़ा हो। सरकार खुद ही तो बताती रहती है कि भारत की जी डी पी ग्रोथ और ग्लोबल रैंकिंग मजबूत बनी हुई है?

इसी तरह राहुल गांधी व कांग्रेस के कई नेता नरेंद्र मोदी पर भी यह आरोप लगा चुके हैं कि वे विदेशी धरती पर भारत या पिछले 70 वर्षों के शासन की आलोचना कर देश को बदनाम करते हैं। नरेंद्र मोदी ने 2014 से 2023 के दौरान देश विदेश में कई बार यह दोहराया कि पिछले 70 सालों में भारत में कुछ खास नहीं हुआ, पहले लोग भारत में जन्म लेना दुर्भाग्य मानते थे, या 70 साल में विकास नहीं हुआ। इसी तरह मोदी ने 2022 में रूस में एक कार्यक्रम में भारत के पिछड़ापन, गरीबी या पिछली सरकारों की कमियों पर बात की थी। अमेरिका, यूके या अन्य देशों में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए मोदी ने अक्सर पूर्व सरकारों की कमजोर विदेश नीति, उनके घोटालों या उस दौर में विकास की कमी पर जोर दिया है। कांग्रेस भी मोदी की इन बातों को भारत की बदनामी बताती है। कांग्रेस के अनुसार, मोदी ने कम से कम 4-5 बार विदेश में ऐसा कहा कि कांग्रेस शासन में ष्भारत को दुनिया ने गंभीरता से नहीं लियाष या ष्पिछले शासकों ने देश को कमजोर बनायाष आदि । कांग्रेस इसे भारत और भारतीयों खास तौर से पिछली पीढ़ियों का अपमान मानती है, क्योंकि यह कांग्रेस के शासन काल को नकारात्मक रूप से पेश करता है। राहुल गांधी ने 2023 में लंदन में कहा भी था कि मोदी खुद विदेश में भारत को बदनाम करते हैं, क्योंकि वे हर भारतीय, उनके माता-पिता और दादा-दादी का अपमान करते हैं।



ऐसे में यह समझना भी जरूरी है कि दरअसल सत्ता व विपक्ष के उपरोक्त आरोपों प्रत्यारोपों से ही देश की बदनामी होती है या फिर इसतरह के आरोप प्रत्यारोप ही एक दूसरे नेताओं व उनके दलों को नीचा दिखाने व उन्हें जनता में बदनाम करने जैसा एक षडडंत्र मात्र है ? या फिर वास्तव में जनता को इस तरह की बहस में उलझाकर उन वास्तविक समस्याओं व विषयों पर पर्दा डालने का प्रयास है जिससे हकीकत में देश की बदनामी होती है ? क्या गलत कहते है राहुल गांधी कि चुनाव आयोग संदिग्ध है ? वे चुनाव आयोग सामने कितने सबूत पेश कर चुके जिनका कोई जवाब नहीं आया ? क्या देश के अनेक महत्वपूर्ण संस्थानों व संसाधनों पर अडानी का कब्जा नहीं होता जा रहा ? क्या सरकारी संस्थाओं का दुरूपयोग विपक्ष को परेशान करने के लिए नहीं किया जा रहा ? जब देश में मॉब लिंचिंग होती है तो क्या देश की बदनामी नहीं होती ? देश में सत्तारूढ़ दल की ओर से मंत्री व मुख्यमंत्री स्तर के लोग खुले आम साम्प्रदायिकता फैलाने वाली बातें कर ओछी राजनीति करते हैं तो क्या देश की बदनामी नहीं होती? देश की राजनीति को संविधान से अलग हटकर सांप्रदायिकता के रंग में चलाने के प्रयास क्या देश की बदनामी का कारण नहीं ? कितने लुटेरे जिनमें अधिकांश गुजराती,देश की अरबों रूपए लूटकर विदेशों में बैठे हैं क्या यह बदनामी की वजह नहीं ? देश के सर्वोच्च धर्माधिकारी शंकराचार्य जी को व उनके सहयोगियों को संगम तट पर मारा पीटा गया क्या वह देश की बदनामी की वजह नहीं ? नकली डिग्री धारक लोग सत्ता में सर्वोच्च पदों पर बैठे हों,यह बदनामी की बात नहीं ? संसद विधानसभा व मंत्रिमंडल में भ्रष्ट,बलात्कारियों व अन्य अपराधियों का शामिल होना क्या बदनामी की बात नहीं ? गांधी के हत्यारों का महिमामंडन क्या देश की बदनामी नहीं ? सत्ता द्वारा बलात्कारियों व अपराधियों को संरक्षण क्या बदनामी की वजह नहीं ? बड़ा आश्चर्य है कि देश की बदनामी इबारत लिखने वालों को ही देश की बदनामी का दर सताता रहता है?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



इटली। मिलान शहर में 2026 शीतकालीन ओलंपिक से पहले ICE विरोध प्रदर्शन में भाग लेते लोग।

## ऑनलाइन धोखाधड़ी मामले में 36 भारतीय सहित 2000 से अधिक विदेशी नागरिक गिरफ्तार

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया में ऑनलाइन धोखाधड़ी के खिलाफ नवीनतम कार्रवाई के दौरान कुल 2044 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें 36 भारतीय भी शामिल हैं। यह जानकारी कंबोडियाई गृह मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने रविवार को दी। शनिवार को दक्षिणपूर्वी स्वे रींग प्रांत के बावेत शहर में 22 इमारतों वाले एक कैसिनो पर छापेमारी के दौरान आठ अलग-अलग देशों के संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। कम्पूचिया न्यूज के अनुसार, गिरफ्तार हुए कुल 2044 विदेशी नागरिकों में 1792 चीनी, 177 वियतनामी, 179 म्यांमारी, 30 नेपाली, पांच ताइवानी, एक मलेशियाई, दो लाओसी, 36 भारतीय और एक मैक्सिकन नागरिक हैं।

# बलूचिस्तान में 145 बलूच लड़ाके मारे गए

## पाक के गृह मंत्री मोहसिन नकवी व सेना ने कहा: इन हमलों को भारत का समर्थन मिला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में हुए एक के बाद एक बड़े आतंकी हमलों के बाद सुरक्षा बलों ने करीब 40 घंटे चले ऑपरेशन में 145 बलूच लड़ाकों को मार गिराया। यह जानकारी प्रांत के मुख्यमंत्री ने रविवार को दी। उन्होंने बताया कि इस हिंसा में 17 सुरक्षाकर्मी और 31 आम नागरिकों की जान गई। इससे पहले, एसोसिएटेड प्रेस ने पाकिस्तानी सेना के हवाले से बताया था कि आतंकियों ने बलूचिस्तान में आत्मघाती हमले और गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 33 लोगों की मौत हुई।

इसके बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए 92 लड़ाकों को मार गिराया। अधिकारियों के मुताबिक, यह बलूचिस्तान में दशकों में पहली बार हुआ है जब एक ही दिन में इतनी बड़ी संख्या में आतंकी मारे गए। इन हमलों की जिम्मेदारी प्रतिबंधित संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली है। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी और सेना ने कहा कि इन हमलों को भारत का समर्थन मिला है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इन आरोपों को पूरी तरह बेबुनियाद बताते हुए खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान बार-बार ऐसे निराधार आरोप लगाकर अपने देश की अंदरूनी नाकामियों से ध्यान हटाने की कोशिश करता है। उन्होंने कहा कि हर हिंसक घटना के बाद बिना सबूत के आरोप लगाना पाकिस्तान की पुरानी आदत है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान को ऐसे निरर्थक दावे दोहराने के बजाय अपने ही लोगों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं और मांगों पर ध्यान देना चाहिए, खासकर उस क्षेत्र में जहां हालात गंभीर बने हुए हैं। विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा कि पाकिस्तान का दमन, क्रूरता और मानवाधिकार उल्लंघन का रिकार्ड दुनिया से छिपा नहीं है।



■ इस हिंसा में 17 सुरक्षाकर्मी व 31 आम नागरिकों की जान गई
■ आतंकियों ने बलूचिस्तान में आत्मघाती हमले और गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 33 लोगों की मौत हुई

## पाकिस्तान में सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान में 92 आतंवादियों को मार गिराया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने शनिवार को देश के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में 92 आतंकवादियों को मार गिराया और 'आतंकवादियों के बुरे इरादे को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया है।' सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी है। बयान में कहा गया है कि आतंकवादियों ने कल पूरे प्रांत में कई आतंकवादी गतिविधियां कीं, और कहा कि हमलों का मकसद 'स्थानीय लोगों के जीवन और बलूचिस्तान के विकास में रुकावट डालना' था। सेना ने कहा कि ग्वादर और खारान जिलों में 18 निर्दोष नागरिक 15 सैनिक मारे गए। बयान में आगे कहा गया कि पिछले दो दिनों में इन सफल अभियानों के साथ, बलूचिस्तान में चल रहे अभियानों में मारे गए आतंकवादियों की कुल संख्या 133 हो गई है, और इनमें से 41 शुक्रवार को प्रांत में मारे गए। बयान में कहा गया है कि इन इलाकों में लगातार आतंक रोधी अभियान चलाए जा रहे हैं, और इन आतंकवादी कामों को अंजाम देने वालों और उन्हें मदद देने वालों को सज़ा दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### थाईलैंड में आम चुनाव के लिए मतदान शुरू

**बैंकॉक।** थाईलैंड में आम चुनाव के लिए पूर्व मतदान रविवार को सुबह आठ बजे शुरू हुआ। इस प्रक्रिया में 20 लाख से जयादा पात्र मतदाता हिस्सा ले रहे हैं, जो आठ फरवरी को आधिकारिक मतदान के दिन अपना वोट नहीं डाल पाएंगे। इस मतदान में हिस्सा लेने वाले मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर दो बैलेट पेपर दिए गए है जिनमें एक प्रतिनिधि सभा सदस्य को चुनने के लिए और दूसरा अपनी पसंदीदा राजनीति दल को वोट देने के लिए। मतदान आज शाम 5 बजे समाप्त होगा और आठ फरवरी के बाद सभी मतपत्रों की गिनती एक साथ की जाएगी।

### आइवरी कोस्ट में सड़क हादसे में 14 लोगों की मौत

**अबिजान।** आइवरी कोस्ट में शनिवार को एक सड़क हादसे में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। परिवहन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह हादसा सुबह करीब पांच बजे कबाडूगू इलाके में हुआ और इसमें एक ट्रक शामिल था जो अनाज ले जा रहा था और जिसमें अवैध रूप से 69 यात्री सवार थे। परिवहन मंत्री अमादौ कोन ने कबाडूगू क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के अधिकारियों को हादसे की शुरुआती जानकारी इकट्ठा करने के लिए तुरंत मौके पर जाने का निर्देश दिया है।

### अमेरिका के लुइसियाना में गोलीबारी से पांच लोग घायल

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में लुइसियाना राज्य के क्लिंटन में शनिवार को 'मार्डी ग्रास इन द कंट्री' परेड के दौरान हुई गोलीबारी में पांच लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक यह घटना क्लिंटन में पूर्वी फेलिसियाना पैरिश कोर्टहाउस के बाहर हुई। पूर्वी फेलिसियाना पैरिश के शेरिफ जेफ ट्रैविस ने स्थानीय समाचार आउटलेट डब्ल्यूएएफबी को बताया कि घायलों में एक छह साल का बच्चा भी शामिल है। ट्रैविस ने कहा कि तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है।

# ईरान नहीं, वेनेजुएला का तेल खरीदेगा भारत

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का दावा: भारत ने वेनेजुएला से तेल खरीदने का सौदा कर लिया, चीन को भी डील करने के लिए कहा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि भारत अब ईरान से कच्चा तेल खरीदने के बजाय वेनेजुएला से तेल खरीदेगा। उन्होंने दावा किया है कि भारत ने वेनेजुएला से तेल खरीदने का सौदा कर लिया है। यह बयान ट्रम्प ने वाशिंगटन डीसी से एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दिया। हालांकि, भारत सरकार की ओर से इस पर अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। ट्रम्प ने कहा कि हमने पहले ही एक डील कर ली है। भारत वेनेजुएला से तेल खरीदेगा, ईरान से नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के साथ इस सौदे का कांसेप्ट तय हो चुका है।

ट्रम्प के मुताबिक, चीन भी अगर चाहे तो वेनेजुएला से तेल खरीद सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 जनवरी को वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज से टेलीफोन पर बातचीत की थी। इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर सहमति जताई थी। मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर बताया था कि दोनों देशों ने साझेदारी को और गहरा करने और आने वाले वर्षों में संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के साझा विजन के साथ आगे बढ़ने का फैसला किया है। अमेरिका ने 2019 में वेनेजुएला पर बहुत कड़े आर्थिक प्रतिबंध (सेंक्शंस) लगा दिए थे, अमेरिका ने सेकेंडरी सेंक्शंस भी लगा दिए, यानी जो भी देश या कंपनी वेनेजुएला से तेल खरीदती है, उसे अमेरिकी बाजार में व्यापार करने या बैंकिंग सुविधाओं से रोक दिया जा सकता था। इस वजह से कई देशों ने वेनेजुएला का तेल खरीदना बंद कर दिया। भारत भी वेनेजुएला से बहुत ज्यादा तेल खरीदता था। कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है कि तब भारत अपने कुल तेल आयात का लगभग 6 प्रतिशत वेनेजुएला से लेता था। वेनेजुएला पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज (ओपीईसी) का सदस्य है। उसके पास दुनिया का सबसे बड़ा तेल भंडार है, लेकिन वह वैश्विक सप्लाई का करीब 1 प्रतिशत ही देता है। अमेरिका ने कुछ समय के लिए (2023-2024 में) वेनेजुएला पर आंशिक रूप से सेंक्शंस ढीले किए, जिससे भारत ने फिर से वेनेजुएला से तेल खरीदा। 2024 में भारत का आयात औसतन 63000 से 1 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच गया। इसके बाद 2025 में वेनेजुएला से भारत का तेल आयात बढ़कर करीब 1.41 अरब डालर तक पहुंच गया, लेकिन मई 2025 में अमेरिका ने एक बार फिर से वेनेजुएला के तेल पर सख्ती बढ़ा दी। इसके बाद 2026 की शुरुआत में वेनेजुएला से भारत का क्रूड आयात सिर्फ 0.3 प्रतिशत रह गया। रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक भारत की बड़ी निजी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने वेनेजुएला से फिर से कच्चा तेल खरीदने के लिए अमेरिका से मंजूरी लेने की कोशिश शुरू कर दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक ऐसा इसलिए किया जा रहा है क्योंकि पश्चिमी देश भारत पर रूस से तेल आयात कम करने का दबाव बना रहे हैं और रिलायंस अपने लिए वैकल्पिक तेल सप्लाई सुरक्षित करना चाहती है। सूत्रों के मुताबिक रिलायंस के प्रतिनिधि इस मंजूरी के लिए अमेरिका के यूएस स्टेट डिपार्टमेंट और यूएस ट्रेजरी डिपार्टमेंट से बातचीत कर रहे हैं। इस पूरे मामले पर रिलायंस इंडस्ट्रीज ने रायटर्स की ओर से भेजे गए ईमेल का तुरंत कोई जवाब नहीं दिया। रिलायंस ने पहले भी अमेरिका से लाइसेंस लेकर वेनेजुएला से तेल खरीदा था। कंपनी के पास दुनिया का सबसे बड़ा रिफाइनरी काम्प्लेक्स है। यह गुजरात में स्थित है और इसकी कुल क्षमता लगभग 14 लाख बैरल प्रतिदिन है। 2025 के पहले चार महीनों में वेनेजुएला की कंपनी च्क्टै। ने रिलायंस को चार जहाजों से तेल भेजा था, जो रोजाना करीब 63000 बैरल के बराबर था, लेकिन मार्च-अप्रैल 2025 में अमेरिका ने ज्यादातर लाइसेंस सस्पेंड कर दिए और वेनेजुएला से तेल खरीदने वाले देशों पर टैरिफ की धमकी दी, जिसके बाद मई 2025 में रिलायंस का आखिरी वेनेजुएलन तेल का जहाज भारत पहुंचा था।



■ ट्रम्प ने कहा: हमने पहले ही एक डील कर ली है, भारत वेनेजुएला से तेल खरीदेगा, ईरान से नहीं
■ अमेरिका ने 2019 में वेनेजुएला पर बहुत कड़े आर्थिक प्रतिबंध (सेंक्शंस) लगा दिए थे

## ईरान अमेरिका के साथ कर रहा है बातचीत: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा है। ट्रम्प ने शनिवार को फॉक्स न्यूज़ से कहा कि योजना यह है कि (ईरान) हमसे बात कर रहा है, और हम देखेंगे कि क्या हम कुछ कर सकते हैं। नहीं तो, हम देखेंगे कि क्या होता है। उन्होंने आगे कहा कि पिछली बार जब उन्होंने बातचीत की थी, तो हमें उनके परमाणु हथियार हटाने पड़े थे। यह काम नहीं आया, आप जानते हैं। फिर हमने इसे एक अलग तरीके से हटाया, और हम देखेंगे कि क्या होता है। ट्रम्प ने कहा कि हमारा एक बड़ा बेड़ा वहां जा रहा है, जो वेनेजुएला में हमारे बेड़े से भी बड़ा है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के साथ बातचीत करते समय अमेरिका खाड़ी के साथियों के साथ सैन्य योजना साझा नहीं कर सकता। ट्रम्प ने एक सवाल के जवाब में कहा कि हम उन्हें योजना नहीं बता सकते। अगर मैंने उन्हें योजना बताई, तो यह लगभग उतना ही बुरा होगा जितना आपको योजना बताना असल में, यह और भी बुरा हो सकता है।

## अमेरिका में मूल निवासियों के शोषण के इतिहास को मिटाने की कोशिश

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के एरिजोना राज्य में स्थित ग्रैंड कैन्यन नेशनल पार्क से ऐतिहासिक प्रदर्शनी के उन हिस्सों को हटा दिया गया है, जिनमें बताया गया था कि कैसे इस पार्क को बनाने के लिए 'आदिवासी समुदायों को उनकी जमीनों से बेदखल किया गया था।' अमेरिका अखबार वाशिगटन पोस्ट के अनुसार, यह एक सुनियोजित अभियान का हिस्सा है, जिसके तहत अमेरिका के पश्चिमी हिस्से के कम से कम 18 राष्ट्रीय उद्यान प्रभावित हैं।

इनमें मोंटाना, टेक्सास, कोलोराडो, यूटा और व्योमिग के स्थल शामिल हैं। वाशिगंटन पोस्ट की रिपोर्ट में बताया गया है कि सरकारी दस्तावेजों से पता चलता है कि पार्क के कर्मचारियों ने उन संदर्भों को भी हटा दिया, जिसमें 'अमेरिका के मूल निवासियों के दुख, कष्ट और नुकसान' का उल्लेख किया गया था। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मार्च 2025 में एक कार्यकारी आदेश जारी किया था, जिसमें एजेंसियों को उस सामग्री को खत्म करने का निर्देश दिया गया था जो 'अनुचित रूप से अमेरिकियों को नीचा दिखाती है'। आदेश में इसके बजाय 'अमेरिकी लोगों की उपलब्धियों और प्रगति की महानता' पर ध्यान केंद्रित करने को कहा गया था। अमेरिकी इतिहासकारों के दो प्रमुख संगठनों अमेरिकन हिस्टोरिकल एसोसिएशन और ऑर्गनाइजेशन ऑफ अमेरिकन हिस्टोरियंस ने कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर होने के बाद एक संयुक्त बयान जारी कर प्रशासन की नीतियों को 'ऐतिहासिक रिकॉर्ड के महत्वपूर्ण हिस्सों को विकृत करने, हेरफेर करने और मिटाने का एक व्यवस्थित अभियान' बताया था। बयान में कहा गया था कि हालिया निर्देश ऐतिहासिक अनुसंधान, ऐतिहासिक सटीकता और अमेरिकियों के वास्तविक अनुभवों के बजाय संकीर्ण विचारधारा को कपटपूर्ण तरीके से प्राथमिकता देते हैं। एक गैर-लाभकारी समूह नेशनल पार्क्स कंजर्वेशन एसोसिएशन के अनुसार, धन की कटौती ने देश भर में 200 से अधिक 'ट्राइबल हिस्टोरिक प्रिजर्वेशन' अधिकारियों के काम को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। ये अधिकारी जनजातियों को उनके विरासत स्थलों की रक्षा करने और उनके इतिहास के सटीक चित्रण को सुनिश्चित करने में मदद करते हैं।

■ सरकारी दस्तावेजों से पता चलता है कि पार्क के कर्मचारियों ने उन संदर्भों को भी हटा दिया

## सत्ता सरकारों के हाथ से निजी तकनीकी कंपनियों के हाथों में जा रही है: गुटेरेस

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बढ़ते वैश्विक तनाव के बीच शांति, न्याय और सतत विकास के लिए नये प्रयासों का आह्वान किया है। गुटेरेस ने यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि दुनिया 'शायद हमारे समय के सबसे बड़े सत्ता हस्तांतरण' से गुजर रही है।

सत्ता सरकारों से निजी तकनीकी कंपनियों के हाथों में जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी, जब व्यवहार, चुनाव, बाजार और यहां तक कि संघर्षों को आकार देने वाली तकनीकें बिना किसी सुरक्षा घेरे के काम करती हैं, तो प्रतिक्रिया नवाचार नहीं, बल्कि अस्थिरता होती है। महासचिव ने अपने कार्यकाल के अंतिम वर्ष यानि 2026 की प्राथमिकताओं की रूपरेखा पेश करते हुए कहा कि 2026 अभी से निरंतर आश्चर्य और उथल-पुथल वाले वर्ष के रूप में आकार ले रहा है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक बदलाव के समय में वह उन सिद्धांतों की ओर लौटते हैं, जो बताते हैं कि ताकतें कैसे काम करती हैं। इसमें न्यूटन का तीसरा नियम भी है, जो कहता है कि हर क्रिया की एक समान और विपरीत प्रतिक्रिया होती है। गुटेरेस ने कहा कि इस वर्ष की शुरुआत में, हम ऐसी कार्रवाइयों को चुनने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं जो ठोस और सकारात्मक प्रतिक्रियाएं उत्पन्न करें। हमारे संकटपूर्ण समय में शांति, न्याय, जिम्मेदारी और प्रगति की प्रतिक्रियाएं।

■ 2026 अभी से निरंतर आश्चर्य और उथल-पुथल वाले वर्ष के रूप में आकार ले रहा

## तुर्की के अंताल्या में बस दुर्घटना में 8 लोगों की मौत, 26 घायल

**अंकारा।** तुर्की के अंताल्या शहर में एक बस पलटने से आठ लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए। टीआरटी हैबर टीवी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यात्री बस टेकिरदाग से अंताल्या जा रही थी, तभी आज सुबह एक तीव्र मोड़ पर बस चालक ने नियंत्रण खो दिया और बस खाई में पलट गई। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि बस अंताल्या-इस्पार्टा राजमार्ग पर ग्रीनविच मीन टाइम के अनुसार लगभग साढ़े सात बजे पलटी और खाई में जा गिरी। कई लोगों की मौत और घायल होने की खबरें हैं। टीआरटी हैबर की रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना के समय लोग बस के अंदर और नीचे फंसे हुए थे। चिकित्सा दल और आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर काम कर रही है।

# चीनी जेट बेचकर कर्जा चुका रहा पाकिस्तान

## जेएफ-17 फाइटर जेट्स की सऊदी अरब, लीबिया जैसे देशों से डीलिंग की, हर साल 50 जेट बन रहे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान अपना कर्जा चुकाने के लिए चीन के फाइटर जेट्स की अन्य देशों के साथ डीलिंग कर रहा है। उसने नाइजीरिया, अजरबैजान, लीबिया, सऊदी अरब, मोरक्को, इंडोनेशिया, इथियोपिया और सूडान जैसे देशों को ये जेट्स बेचे हैं।

जिन देशों को जेट्स दिए गए हैं उनमें से 8 मुस्लिम देश हैं। इस्लामाबाद के कामरा में चीन सरकार का चेंडु एयरक्राफ्ट कार्पोरेशन और पाकिस्तान एयरोनाटिकल काम्पलेक्स जाइंट वेंचर प्रोडक्शन कर रहे हैं। ये प्रोडक्शन यूनिट पूरी तरह से चीन ही आपरेट कर रहा है। चीन के लगभग 500 एयरोनाटिकल इंजीनियर यहां पर नियुक्त हैं। कामरा यूनिट से हर साल लगभग 50 जे सीरीज फाइटर जेट का प्रोडक्शन किया जा रहा है। पाकिस्तान ने सऊदी अरब को चीन के जेट बेच कर 18 हजार करोड़ रुपये का कर्ज भी चुका दिया। इससे बार्टर डील कहा जा रहा है। पाक पर सऊदी का लगभग 70 हजार करोड़ रुपये का कर्ज है। चीन के फाइटर जेट बेचने को आलवेज ब्रदर डील का नाम दिया गया है। लगभग 200 करोड़ रुपये के एक जे सीरीज के फाइटर जेट को बेचने का लगभग 80 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा चीन के हिस्से में जाता है। वर्ल्ड आर्म्स मार्केट में बैटल रेडी ब्रांडिंग बेहद जरूरी होती है। चीन ने 47 साल से किसी देश के साथ युद्ध नहीं लड़ा है। ऐसे में पाक चीन के हथियारों की बैटल रेडीनेस खरीदारों को बता रहा है। पाक इसके लिए भारत और अफगानिस्तान के खिलाफ इन हथियारों के इस्तेमाल को पेश करता है। पाक ने चीन के अलावा तुर्किये के साथ भी हथियार बनाने के प्लान पर काम शुरू कर दिया है। तुर्किये के कामीकाजी (आत्मघाती) ड्रोन की संयुक्त यूनिट अगले साल लाहौर के पास लगाने का समझौता हुआ है। पाकिस्तान ने हर साल लगभग 200 ड्रोन प्रोडक्शन का लक्ष्य रखा है। ये एक्सपोर्ट भी किए जाएंगे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज ने विदेशी कर्ज पर देश की बढ़ती निर्भरता को लेकर नाराजगी जताई है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, शहबाज ने शुक्रवार को माना कि देश की बदहाल आर्थिक स्थिति के कारण उन्हें बार-बार विदेशी दौरों पर जाकर कर्ज मांगना पड़ा। शहबाज ने कहा: कर्ज लेना हमारे आत्मसम्मान पर बहुत बड़ा बोझ है। कई बार हमें काम्प्रोमाइज करना पड़ता है। कई बार हम उनकी शर्तों को 'ना' भी नहीं कह पाते।



■ नाइजीरिया अजरबैजान, लीबिया सऊदी अरब मोरक्को, इंडोनेशिया इथियोपिया और सूडान जैसे देशों को ये जेट्स बेचे हैं

# रूसी लड़कियों से संबध नहीं बनाए: बिल गेट्स

## यौन बीमारी के दावे को गलत बताया, कहा: एपस्टीन फाइल्स में लगे आरोप पूरी तरह झूठे

**वाशिंगटन।** माइक्रोसाफ्ट के को-फाउंडर और अरबपति बिल गेट्स ने रूसी लड़कियों से संबंध बनाने और यौन बीमारी होने के आरोपों को खारिज कर दिया है। यौन अपराधी जेफी एपस्टीन से जुड़ी फाइलों में दावा किया गया है कि बिल गेट्स के रूसी लड़कियों के साथ यौन संबंध थे और इसके बाद उन्हें यौन रोग (एसटीडी) हुआ। गेट्स के प्रवक्ता ने इन आरोपों को पूरी तरह बेतुका और झूठा बताया। उन्होंने कहा कि ये दावे गेट्स को फंसाने और बदनाम करने की कोशिश हैं।

प्रवक्ता के मुताबिक, इन दस्तावेजों से सिर्फ इतना पता चलता है कि जेफी एपस्टीन इस बात से नाराज था कि बिल गेट्स ने उससे दूरी बना ली थी। इसी वजह से वह गेट्स की छवि खराब करने की कोशिश कर रहा था। अमेरिकी न्याय विभाग ने 30 जनवरी को जेफी एपस्टीन जांच से जुड़े करीब 30 लाख पन्नों के दस्तावेज, 2000 वीडियो और 1.8 लाख तस्वीरें सार्वजनिक की हैं। नई फाइल्स में जेफी एपस्टीन (बाएं) और बिल गेट्स (दाएं) की एक मुलाकात की एक नई तस्वीर सामने आई। हालांकि यह साफ नहीं है कि यह कब ली गई थी। रिलीज हुई फाइल्स में एपस्टीन ने एक मेल में दावा किया कि यौन रोग होने के बाद बिल गेट्स ने उससे एंटीबायोटिक दवाएं मांगी थी, ताकि वह ये दवाएं चुपचाप अपनी पूर्व पत्नी मेलिंडा गेट्स को दे सकें। एपस्टीन ने एक ईमेल में गेट्स पर आरोप लगाया था कि उन्होंने अपनी छवि बचाने के लिए छह साल पुरानी दोस्ती को तोड़ दिया। साल 2021 में बिल गेट्स ने सीएनएन से कहा था कि एपस्टीन से मिलना उनकी बहुत बड़ी गलती थी। उन्होंने बताया था कि वे एपस्टीन से इसलिए मिले थे, ताकि वह गेट्स फाउंडेशन को दान दे सके। बिल गेट्स और एपस्टीन की दोस्ती को उनकी पूर्व पत्नी मेलिंडा फ्रेंच गेट्स से तलाक की एक बड़ी वजह भी माना जाता है। बिल गेट्स पहले कह चुके हैं कि उन्हें एपस्टीन के साथ अपने संबंधों पर पछतावा है। हालांकि उन्होंने किसी भी तरह की गलत गतिविधियों से इनकार किया है। 2019 में उन्होंने कहा था कि उनका एपस्टीन के साथ कोई कारोबारी या व्यक्तिगत संबंध नहीं था और वे कभी किसी पार्टी या निजी कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। न्यूयार्क टाइम्स और वाल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि गेट्स ने 2011 से 2013 के बीच एपस्टीन से कई बार मुलाकात की। इनमें न्यूयार्क स्थित उसके घर पर देर रात तक रुकना और निजी विमान से यात्रा करना भी शामिल रहा। बिल और मेलिंडा गेट्स की शादी 1994 में हुई थी। दोनों का 2021 में तलाक हो गया था। मेलिंडा ने बाद में कहा था कि गेट्स के अफेयर्स और एपस्टीन से संबंध उनके तलाक की बड़ी वजह बने।



■ अमेरिकी न्याय विभाग ने 30 जनवरी को जेफी एपस्टीन जांच से जुड़े करीब 30 लाख पन्नों के दस्तावेज, 2000 वीडियो और 1.8 लाख तस्वीरें सार्वजनिक की हैं



